राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 134, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 29 नवंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

133वीं पुण्यतिथि पर सामाजिक सदाशयता के क्रांतिदूत महात्मा ज्योतिबा फुले को श्रद्धा सुमन .... पेज 03

गड्ढामुक्ति अभियान चलाकर प्रदेश में करीब 77 हजार सड़कों को किया गया दुरुस्त .... पेज 05

खेलों के नए डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहा है उत्तर प्रदेश .... पेज 07

## मनी लॉन्ड्रिंग केस : मंत्री सेंथिल बालाजी को बड़ा झटका

### सुप्रीम कोर्ट का जमानत याचिका पर सुनवाई से इन्कार

एजेंसी

नई दिल्ली। (पी एम ए) उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। बालाजी को धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया है।

बालाजी ने स्वास्थ्य आधार पर जमानत का अनुरोध किया था। शीर्ष अदालत मद्रास उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी।

### गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं

उच्च न्यायालय ने 19 अक्टूबर को उनकी जमानत याचिका यह कहकर खारिज कर दी थी कि अगर उन्हें जमानत पर रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। शीर्ष अदालत में न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एस. सी. शर्मा की पीठ ने बालाजी की स्वास्थ्य रिपोर्ट देखने के



बाद कहा कि उनके स्वास्थ्य की स्थिति में कुछ भी गंभीर नहीं है और बालाजी नियमित जमानत के अनुरोध के लिए निचली अदालत जा सकते हैं।

पीठ ने कहा, ''गुण-दोष के आधार पर याचिकाकर्ता के खिलाफ अंतरिम आदेश में की गई कोई भी टिप्पणी उसके नियमित जमानत आवेदन दाखिल करने के मार्ग में नहीं आएगी। पीठ के मामले में विचार करने में अनिच्छा व्यक्त करने पर याचिका वापस ले ली गई और मामले को वापस लिया गया मानकर खारिज कर दिया गया।

शीर्ष अदालत ने पहले बालाजी को अपनी चिकित्सकीय रिपोर्ट रिकॉर्ड में पेश करने का निर्देश दिया था।

### 14 जून को ईडी ने किया था गिरफ्तार

जमानत याचिका खारिज करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा था कि बालाजी की स्वास्थ्य रिपोर्ट से ऐसा नहीं लगता कि यह कोई ऐसी चिकित्सीय स्थिति है जिसका उनके जमानत पर रहने के दौरान ही इलाज किया जा सकता है। बालाजी को 14 जून को ईडी ने 'नौकरी के बदले नकदी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था, जब वह पूर्ववर्ती अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एआईएडीएमके) शासन के दौरान परिवहन मंत्री थे।

## गोवा की अदालत ने केजरीवाल को किया तलब

पणजी। गोवा की एक अदालत ने मंगलवार को आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को समन जारी करके उन्हें 29 नवंबर को अदालत में पेश होने के लिए कहा है। आप की स्थानीय इकाई ने कहा कि उसे समन मिला है, लेकिन उसे दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ आपराधिक मामले के विवरण की जानकारी नहीं है। अदालत के सूत्रों के अनुसार, मामला जन प्रतिनिधित्व अधिनियम और रिश्वतखोरी से संबंधित आइपीसी की धारा 171 (ई) के तहत दर्ज किया गया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मापुसा कोर्ट ने समन जारी किया है।

आप की गोवा इकाई के प्रमुख अमित पालेकर ने कहा कि उन्हें समन केजरीवाल को अदालत में पेश होने की तारीख से ठीक एक दिन पहले मंगलवार को प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि आरोपपत्र 2018 में दायर किया गया था। हमें मामले की विस्तृत जानकारी नहीं है। पेशे से अधिवक्ता पालेकर ने कहा कि वह बुधवार को केजरीवाल की ओर से अदालत में पेश होंगे।

# उत्तरकाशी टनल से सभी 41 मजदूर निकाले गए

### उत्तराखंड सरकार की ओर से एक-एक लाख रुपए की मदद दी जाएगी

उत्तरकाशी। दिवाली पर जब पूरा देश रोशनी में नहाया हुआ था, तब 41 मजदूर एक अंधेरी सुरंग में कैद हो गए। ये मजदूर चार धाम के लिए नया रास्ता बना रहे थे। उत्तरकाशी की सिल्क्यारा-डंडालगांव टनल का एक हिस्सा अचानक ढह गया और सभी मजदूर बाहरी दुनिया से कट गए।

रेस्क्यू एजेंसियों ने मजदूरों को बचाने की कवायद शुरू की। एक प्लान फेल हुआ, तो दूसरे पर काम शुरू हुआ। कभी सुरंग के मुहाने से तो कभी पहाड़ के ऊपर से खुदाई करके मजदूरों को निकालने की कोशिश की जाती रही। 12 नवंबर की सुबह 5.30 से 28 नवंबर की शाम 8.35 बजे तक यानी 17 दिन, करीब 399 घंटे बाद पहला मजदूर शाम 7.50 बजे बाहर निकाला गया। 45 मिनट बाद रात 8.35 बजे सभी को बाहर निकाल लिया गया। सभी को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया।

रेस्क्यू टीम के सदस्य हरपाल सिंह ने बताया कि शाम 7 बजकर 5 मिनट पर



पहला ब्रेक थ्रू मिला था। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाहर निकाले गए श्रमिकों से बात की। उनके साथ केंद्रीय मंत्री वीके सिंह भी थे। सीएम धामी ने कहा- सभी मजदूरों को उत्तराखंड सरकार की ओर से कल एक-एक लाख रुपए की मदद दी जाएगी। उन्हें एक महीने का सवेतन अवकाश भी दिया जाएगा, जिससे वह अपने परिवार वालों से मिल सकें।

### सब मजदूर स्वस्थ्य

रेट स्नेपर्स वाली कंपनी नवयुग के मैन्युअल ड्रिलर नसीम ने कहा- सभी मजदूर स्वस्थ्य हैं। मैंने उनके साथ सेल्फी ली। उन्होंने बताया कि जब आखिरी पत्थर हटाया गया तो सभी मजदूरों ने जयकारे लगाए।

### टनल से अस्पताल तक ग्रीन कॉरिडोर

रेस्क्यू के बाद मजदूरों को 30-35 किमी दूर चिन्यालीसौड़ ले जाया गया। वहां 41 बेड का स्पेशल हॉस्पिटल बनाया गया है। टनल से चिन्यालीसोड तक की सड़क को ग्रीन कॉरिडोर घोषित किया गया था, जिससे रेस्क्यू के बाद मजदूरों को लेकर एम्बुलेंस जब अस्पताल जाए तो ट्रैफिक में न फंसे। यह करीब 30 से 35 किलोमीटर की दूरी है। इसको करीब 40 मिनट में तय किया गया।

### 800 मिमी पाइप के जरिए मजदूरों को निकाला बाहर

उत्तराखंड में सिलक्यारा सुरंग में पिछले 16 दिन से फंसे सभी 41 श्रमिकों को मंगलवार को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि श्रमिकों को एक-एक करके 800 मिमी के उन पाइपों के जरिए बाहर निकाला गया जिन्हें मलबे में ड्रिल करके अंदर डालकर एक रास्ता बनाया गया था।

चारधाम यात्रा मार्ग पर निर्माणाधीन साढ़े चार किलोमीटर लंबी सिलक्यारा-बड़कोट सुरंग का 12 नवंबर को एक हिस्सा ढहने से उसमें फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए युद्धस्तर पर अभियान चला रहे बचावकर्मियों को 17वें दिन यह सफलता मिली।

## किन्नौर-लाहौल स्पीति की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी

### रोहतांग दर्रा बंद, तापमान में भारी गिरावट, अगले 4 दिन खराब रहेगा मौसम

शिमला। हिमाचल प्रदेश के ट्राइबल जिला किन्नौर और लाहौल स्पीति की ऊंची चोटियों पर बीती रात हल्का हिमपात दर्ज किया गया। इससे पहाड़ों पर तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। कई शहरों के तापमान में पिछले तीन दिन में 7 डिग्री तक पारा नीचे लुढ़का गया और ऊंचे क्षेत्रों में तापमान माइनस में चला गया है। सूचना के अनुसार, स्पीति घाटी, काजा, रोहतांग दर्रा, कुंजम, किन्नौर के हांगो इत्यादि स्थानों पर ताजा बर्फबारी हुई है। बेशक अधिक ऊंचे क्षेत्रों में हल्का हिमपात हुआ है, लेकिन जिस तरह मौसम विज्ञान केंद्र शिमला में बर्फबारी को लेकर येलो अलर्ट जारी किया था, उसके मुताबिक बर्फबारी नहीं होने से स्थानीय लोगों सहित



पर्यटकों में भी मायूसी है।

### तापमान में भारी गिरावट

मौसम की करवट बदलने व हल्का हिमपात होने के बाद ठंड में जरूर इजाफा हुआ है। मौसम की करवट बदलने के बाद कल्पा व सोलन के अधिकतम तापमान में 24 घंटे के दौरान 5.2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। कल्पा का मैक्सिमम टैंपरेचर गिरकर 10.8 डिग्री और सोलन का 17.3 डिग्री पहुंच गया है। इसी तरह अन्य शहरों का मैक्सिमम टैंपरेचर भी गिरा है। नारकंडा का अधिकतम तापमान में 5.1 डिग्री की गिरावट के बाद 9.3 डिग्री सेल्सियस, कुफरी का 4.1 डिग्री की गिरावट के बाद 9 डिग्री, केलांग का अधिकतम तापमान 3.2 डिग्री की गिरावट के बाद 7.9 डिग्री और शिमला का अधिकतम तापमान 4.2 डिग्री की कमी के बाद 13.6 डिग्री रह गया है।

### एक दिसंबर तक मौसम खराब रहने का अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस अगले 4 दिन एक्टिव रहेगा। इससे अधिक ऊंचे व मध्यम ऊंचाई वाले इलाकों में एक दिसंबर तक मौसम खराब रहने या कुछेक स्थानों पर बारिश-बर्फबारी होने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के बाद स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों को अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में नहीं जाने की एडवाइजरी दी गई है। बर्फ की वजह से सड़क पर भी फिसलन हो जाती है और ऑक्सीजन की कमी से सांस लेने में भी दिक्कत आती है। ऐसे में अधिक ऊंचे क्षेत्रों में जाना जोखिमभरा हो सकता है।

## राष्ट्रपति मुर्मु बनी दिल्ली की मतदाता

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी कृष्णामूर्ति ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को उनका नया मतदाता पहचान पत्र सौंपा जिसके साथ वह अब दिल्ली की मतदाता बन गयी। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट कर इस बारे में जानकारी दी। मुर्मु के राष्ट्रपति बनने के बाद राजधानी दिल्ली के पते पर उनका नया मतदाता पहचान पत्र बनाया गया है।




दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने भाजपा सांसद हर्ष वर्धन, रमेश बिधूड़ी और मनोज तिवारी के साथ नई दिल्ली में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को हरी झंडी दिखाई।

## पंजाब-हरियाणा के किसानों का धरना खत्म, गवर्नर से मीटिंग के बाद ऐलान

### एमएसपी समेत दूसरी मांगों को पूरा करने का आश्वासन

चंडीगढ़। पंजाब हरियाणा के किसानों ने धरना खत्म करने का ऐलान कर दिया है। किसान नेताओं ने कहा कि पंजाब गवर्नर ने मीटिंग में एमएसपी समेत दूसरी मांगों को पूरे करने का आश्वासन दिया है। किसान 26 नवंबर से मोहाली के एयरपोर्ट रोड के पास धरने पर बैठे हुए थे।

इससे पहले पंजाब सरकार ने सुबह किसानों को बातचीत के लिए बुलाया था। यहां कृषि मंत्री गुरमीत खुड्डियां के सामने किसानों ने अपनी मांगें रखीं। किसानों की 19 दिसंबर को सीएम भगवंत मान से मीटिंग होगी। उसमें संबंधित विभागों के अफसरों को भी बुलाया जाएगा। इसके अलावा



किसानों ने मीटिंग में ष्टरू के ट्वीट किसानों को प्रदर्शन के लिए लोग न मिलने पर आपत्ति जताई है।

वहीं, पंचकूला में किसानों ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मिलने के बाद धरना खत्म करने का ऐलान किया है। 11 दिसंबर को संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के नेता मीटिंग कर रणनीति तैयार करेंगे। किसानों का कहना है कि वह तब तक इंतजार करेंगे।

पंचकूला में किसानों के महापड़ाव के दूसरे दिन किसान नेता राकेश टिकैत पहुंचे थे। जहां उन्होंने किसानों के साथ आंदोलन को लेकर चर्चा की। टिकैत ने कहा कि यदि सरकार किसानों की मांगों को गंभीरता से नहीं लेती है तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। केंद्र सरकार हमेशा से ही किसानों की अनदेखी कर रही है, जिसको अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### 15 किसान संगठन ले रहे भाग

पंचकूला में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसान-मजदूर महापड़ाव में लगभग 15 किसान संगठन भाग ले रहे हैं। इनमें से कुछ मुख्य संगठन हरियाणा किसान मंच, क्क्य टिकैत, जय किसान आंदोलन, अखिल भारतीय किसान सभा, गन्ना किसान संघर्ष समिति, भारतीय किसान संघर्ष समिति, अखिल भारतीय किसान महासभा, राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ, भारतीय किसान पंचायत, भारतीय किसान यूनियन आदि मिलकर महापड़ाव कर रहे हैं।

### इन मांगों को लेकर प्रदर्शन

किसानों ने अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए एकजुट होकर सरकार के साथ यह संघर्ष किया है। उनकी मुख्य मांगों में एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी, लखीमपुर खीरी हत्याकांड में शहीद हुए किसानों के लिए न्याय, पूर्ण कर्ज मुक्ति और प्राइवेट बिजली बिल रेड करो आदि 4 मांगें शामिल हैं। इन मांगों को लेकर किसान संगठनों ने आज से तीन दिनों के लिए धरना देने का निर्णय किया है।वहीं, प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ाई है ताकि धरना शांति और अनुशासन में ही बना रहे।

## संजय सिंह को जमानत नहीं, 6 दिसंबर को अगली सुनवाई

### दिल्ली की कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति केस में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। आप नेता को आज भी जमानत नहीं मिल सकी। उन्होंने कोर्ट में 24 नवंबर को जमानत याचिका लगाई थी।

कोर्ट ने इस मामले में ईडी को नोटिस जारी किया है। अब 6 दिसंबर को अगली सुनवाई होगी। कोर्ट ने ईडी को उसी दिन जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। आप सांसद बीते 56 दिन से हिरासत में हैं। श्वष्ठ ने उन्हें को 4 अक्टूबर को अरेस्ट किया था। संजय सिंह 4 दिसंबर तक ज्यूडिशियल कस्टडी में हैं। 24 नवंबर को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था, जहां स्पेशल जज एमके नागपाल ने उनकी ज्यूडिशियल कस्टडी 4 दिसंबर तक बढ़ा दी। इससे पहले संजय को 10 नवंबर को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। जहां उनकी कस्टडी 24 नवंबर तक बढ़ाई गई थी।

## सीबीआई ने रिश्वत मामले में बीएसएनएल के दो अधिकारियों को किया गिरफ्तार

नयी दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मध्य प्रदेश के भोपाल में तैनात भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के प्रधान महाप्रबंधक (पीजीएम) और एक एसडीई को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया है।

यह जानकारी सीबीआई ने मंगलवार को दी। सीबीआई ने कहा कि एसडीई राकेश यादव और प्रधान महाप्रबंधक महेंद्र सिंह के खिलाफ शिकायतकर्ता से अनुचित रिश्वत मांगने के आरोपों के आधार पर मामला दर्ज किया गया था।

यह आरोप लगाया गया था कि पीजीएम द्वारा शिकायतकर्ता को विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई के




लिए एक अनुशासनिक कार्रवाई पत्र जारी किया गया था और मामले में आगे की कार्यवाही लंबित थी। सीबीआई ने अपने बयान में दावा किया कि एसडीई ने शिकायतकर्ता से 40 हजार रुपये का रिश्वत मांगा और उसे कहा कि बीएसएनएल के पीजीएम ने उसके पक्ष में लंबित अनुशासनिक कार्यवाही का निपटारा करने के लिए उक्त रिश्वत की मांग की थी।

यह भी आरोप लगाया गया था कि एसडीई ने शिकायतकर्ता से कहा कि अगर वह मांगी गई रिश्वत का भुगतान नहीं करेगा, तो पीजीएम उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

एसडीई ने शिकायतकर्ता को कथित रूप से सूचित किया कि पीजीएम ने 40 हजार रुपये की कुल रिश्वत में से 15 हजार रुपये का भुगतान शुरुआत में करने के लिए कहा था और शेष राशि बाद में दी जा सकती है।

इसके बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और पीजीएम को शिकायतकर्ता से 15 हजार रुपये की कथित रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया।

**मणिपुर हिंसा** | **लावारिस शवों पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश**

## मणिपुर हिंसा : 'सात दिनों में होना चाहिए अंतिम संस्कार' निर्देश जारी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मणिपुर हिंसा में मारे गए लोगों के दफनाने और दाह संस्कार सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए। पैनल द्वारा पेश रिपोर्ट में कहा गया है कि 175 शवों में से 169 की पहचान कर ली गई है, जबकि छह की पहचान अब भी बाकी है।

न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) गीता मित्तल की अध्यक्षता वाली समिति में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) शालिनी पी जोशी और आशा मेनन भी शामिल हैं।

### 175 में 169 शवों की पहचान

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति गीता मित्तल की अध्यक्षता वाली पूर्व उच्च न्यायालय न्यायाधीशों की सर्व-महिला समिति द्वारा दायर एक रिपोर्ट ने मुर्दाघरों में पड़े शवों की स्थिति का संकेत दिया है।

पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि 175 शवों में से 169 की पहचान कर ली गई है, जबकि छह की पहचान अब भी बाकी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पहचाने गए 169 शवों में से 81 पर उनके परिजनों ने दावा किया है, जबकि 88 के परिवार की ओर से कोई नहीं आया



है। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार ने नौ स्थलों की पहचान की है, जहां दफन या दाह संस्कार किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि मणिपुर राज्य में मई 2023 में हिंसा हुई थी, जिन शवों की पहचान नहीं हुई है या जिन पर दावा नहीं किया गया है, उन्हें मुर्दाघर में लंबे समय तक रखना सही है या नहीं।

मंगलवार को सुनवाई के दौरान, पीठ ने निर्देश दिया कि परिवार के सदस्यों द्वारा पहचाने गए और दावा किए गए शवों का अंतिम संस्कार किसी भी अन्य पक्ष की बाधा के बिना किसी भी स्थान पर किया जा सकता है।

### नौ जगहों को दाह संस्कार के लिए चुना

कोर्ट ने कहा कि जिन शवों के परिजनों ने पहचान कर ली है, उन्हें अंतिम संस्कार की जगहों के बारे में सूचित करेंगे। पीठ ने कहा कि यह प्रक्रिया चार दिसंबर या उससे पहले पूरी की जानी चाहिए। परिजनों को निर्देश दिया गया है कि उन्हें निर्धारित नौ दाह संस्कार स्थलों में से किसी एक पर एक सप्ताह के अंदर ही धार्मिक अनुष्ठानों के साथ अंतिम संस्कार करने की अनुमति है। इसमें कहा गया है कि कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (एसपी) कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी उचित कदम उठाने के लिए स्वतंत्र होंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दफन या दाह संस्कार व्यवस्थित तरीके से हो। शीर्ष अदालत ने कहा, यदि शव परीक्षण के समय डीएनए नमूने नहीं लिए गए हैं, तो राज्य दफन/दाह संस्कार की प्रक्रिया से पहले ऐसे नमूने लेना सुनिश्चित करेगा।

## शार्ट न्यूज

### अमित शाह पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को कोर्ट ने 16 दिसंबर को किया तलब

सुल्तानपुर। (पी एम ए) केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को भारी पड़ गई है। उन्हें कोर्ट ने तलब किया है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश कुमार यादव ने यह आदेश देते हुए 16 दिसंबर को अगली सुनवाई तय की है। सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष, भाजपा नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी पर पांच साल पहले विशेष न्यायालय में परिवाद दायर किया था, जिस पर अब निर्णय आया है। मिश्र ने अपने परिवाद में लिखा है कि 15 जुलाई 2018 को पार्टी कार्यकर्ता अनिरुद्ध शुक्ल व दिनेश कुमार ने अपने मोबाइल पर एक वीडियो क्लिप दिखाया था। इसमें राहुल गांधी अमित शाह पर विवादित टिप्पणी कर रहे थे। मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि परिवादी व दो गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर राहुल गांधी को दंडाधिकारी ने आइपीसी की धारा 500 के तहत सुनवाई के लिए तलब किया है। उन्हें समन जारी कर नियत तिथि पर न्यायालय में उपस्थित रहने का आदेश दिया है। विजय मिश्र ने कहा कि किसी के खिलाफ झूठी बयानबाजी कर जनता को गुमराह करने वालों को राजनीति में नहीं रहना चाहिए। पांच साल बाद अच्छा निर्णय आया है। अभी तो सजा होना बाकी है।

### भारतीय राजदूत के साथ न्यूयॉर्क के गुरुद्वारे में हुई बदसलूकी पर अमेरिकी सिख संगठन हुआ नाराज

नई दिल्ली। (पीएमए) हाल ही में अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू के साथ एक गुरुद्वारे में बदसलूकी हुई। इस पर एक अमेरिकी सिख संगठन सिख ऑफ अमेरिका ने नाराज़गी जताई बताते चलें कि गुरुनानक जयंती/गुरपुरब के अवसर पर न्यूयॉर्क में लॉन्ग आइलैंड शहर में एक गुरुद्वारे में तरनजीत प्रार्थना करने के लिए गए, तब वहाँ सिख फॉर जस्टिस नाम के खालिस्तानी समर्थक संगठन के कुछ सदस्य भी मौजूद थे। उन खालिस्तानी समर्थकों ने न सिर्फ तरनजीत के साथ बहस की, बल्कि बदसलूकी भी की। साथ ही तरनजीत के सामने तुमने निज्जर को मारा। तुमने पन्नू को मारने की साजिश रची। के नारे भी लगाए। इसके बाद उन खालिस्तान समर्थकों ने तरनजीत के साथ धक्का-मुक्की भी की। इस मामले में अब एक अमेरिकी सिख संगठन ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नाराज़गी जताई। तरनजीत के साथ हुई बदसलूकी पर सिंह ऑफ अमेरिका नाम के संगठन ने नाराज़गी जताई है।

### 29-30 नवंबर को जम्मू-कश्मीर में व्यापक बारिश, बर्फबारी की संभावना

श्रीनगर। (पी एम ए) मौसम कार्यालय ने 29-30 नवंबर को खराब मौसम की भविष्यवाणी करते हुए जम्मू एवं कश्मीर में हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी की संभावना जताई है। मौसम विभाग के एक बयान में कहा गया है, 29-30 नवंबर तक जम्मू-कश्मीर में आम तौर पर बादल छाए रहेंगे और हल्की से मध्यम बारिश/बर्फबारी होने की संभावना है। दिन का अधिकतम तापमान 15 डिग्री से नीचे चले जाने से घाटी में कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है। सोमवार को श्रीनगर में अधिकतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस था, जबकि मंगलवार सुबह न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री था। गुलमर्ग और पहलगाम में न्यूनतम तापमान माइनस 0.2 और 1.2 रहा। जम्मू में 11.1 डिग्री, बनिहाल में 8.6 डिग्री, बटोटे में 7.9 डिग्री, कटरा में 11 डिग्री और भद्रवाह में 5.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि लद्दाख क्षेत्र में, लेह में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.1 डिग्री नीचे और कारगिल में 0.9 डिग्री दर्ज किया गया।

### छात्रों की गिरफ्तारी पर भड़की महबूबा

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी(पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि विजेता क्रिकेट टीम की जय-जयकार करने वाले छात्रों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम लगाना जम्मू-कश्मीर में युवाओं के प्रति सत्ता प्रतिष्ठान की 'क्रूर मानसिकता' को दर्शाता है। शेर-ए-कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में क्रिकेट विश्व में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद कप 19 नवंबर को पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए गए थे और एक अन्य गैर-स्थानीय छात्र ने शिकायत की थी कि उसे कथित तौर पर धमकी दी गई। इसके बाद सात कश्मीरी छात्रों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया। मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से इस मामले को देखने का आग्रह किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, चिंताजनक और चौंकाने वाली बात यह है कि जीतने वाली टीम के लिए जयकार करना भी कश्मीर में अपराध माना गया है।

### क्या गज़वा-ए-हिन्द लागू करने वाली है बिहार सरकार




नयी दिल्ली। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने बिहार सरकार के वर्ष 2024 के कैलेंडर से हिन्दुओं के अनेक त्योहारों के अवकाश समाप्त कर ईद, बकरीद और मोहर्रम की छुट्टियों को बढ़ाने के फैसले की मंगलवार को कड़ी निंदा की और कहा कि नीतीश कुमार सरकार पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के गजवा-ए-हिंद के एजेंडे पर चलने लगी है। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने यहाँ एक बयान में कहा कि बिहार सरकार का एक और हिंदू द्रोही एजेंडा सामने आ गया है।उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के वर्ष 2024 के कलेंडर से शिवरात्रि, रामनवमी, श्रावणी सोमवार, 30 तिउतिया, कृष्ण जन्माष्टमी, अनंत चतुर्दशी, भैया दूज, गोवर्धन पूजा और गुरु नानक जयंती के साथ कार्तिक पूर्णिमा जैसे मुख्य और पवित्र भारतीय अवकाशों को समाप्त करके ईद, बकरीद और मोहर्रम की छुट्टियों को बढ़ा दिया गया है। श्री बंसल ने इसकी निंदा करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूछा कि ऐसा फैसला करके क्या बिहार सरकार पीएफआई के गजवा-ए-हिंद के सपनों को साकार करने करने जा रही है ? क्या हिंदू दोयम दर्जे का नागरिक है ? विहिप प्रवक्ता ने कहा कि हिंदू समाज इसे कदापि स्वीकार नहीं करेगा।

# शादी में समधी ने समधी की हत्या की

## नोएडा में एक कार्यक्रम में गए थे दोनों; 1 करोड़ को लेकर बहस

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में समधी ने ही समधी की हत्या कर दी। दोनों यहां एक शादी में शामिल होने के लिए आए थे। इस बीच दोनों में विवाद हो गया। इसके बाद मेहमानों के बीच ही पिस्टल निकालकर शेखर यादव ने गोली मार कर अपने समधी अशोक यादव की हत्या कर दी। शादी में गोली चलने से भगदड़ मच गई। रिश्तेदारों ने पुलिस को सूचना दी। लेकिन, पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से भाग गया।

पुलिस घायल को नजदीकी अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना बिसरख थाना क्षेत्र के एक फॉर्म हाउस की है। आरोपी शेखर यादव ने 3 साल पहले अपनी बेटी की शादी अशोक यादव के बेटे से की थी। हालांकि, शादी के बाद से दोनों में अलगाव हो गया था।



मृतक,अशोक

### एक शादी में दोनों पहुंचे, बहस...झड़प फिर हत्या

सोमवार को विनोद यादव की बेटी की शादी थी। विनोद का दोस्त होशियारपुर का रहना वाला अशोक यादव शादी में पहुंचा। वह गांव का पूर्व प्रधान था। दूसरा पक्ष यानी अशोक के समधी शेखर यादव भी इस शादी में पहुंचे थे। शेखर यादव हापुड़ के सिंभावली क्षेत्र के रजवाड़ा गांव का रहने वाला था। फिलहाल, गाजियाबाद में परिवार के साथ रहता था।

### बेटा-बेटी के अलग होने पर 1 करोड़ देने पर हुआ समझौता

रिश्तेदारों और पुलिस ने बताया कि शेखर यादव ने बेटी की शादी अशोक के बेटे से की थी। शादी में करोड़ों रुपए खर्च हुए थे। लेकिन, शादी के तुरंत बाद पति-पत्नी में विवाद होने लगा। मामला पुलिस तक पहुंच गया। पति-पत्नी अलग हो गए।

इसके बाद पंचायत हुई। इसमें एक करोड़ रुपए देने पर समझौते की बात हुई। तय हुआ कि लड़का पक्ष यानी अशोक, लड़की पक्ष यानी शेखर को एक करोड़ रुपए देगा। हालांकि, अशोक ने पूरी रकम नहीं दी।

### पुलिस ने शादी समारोह की रिकॉर्डिंग ली

शादी समारोह में गोली चलते ही चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। गोली लगने से लहूलुहान हुए अशोक यादव उर्फ बुद्धु प्रधान की अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सेंट्रल नोएडा के पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटना स्थल की बारीकी से जांच की और शादी समारोह में वीडियो बना रहे लोगों से रिकॉर्डिंग ली। वहीं, पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर लेकर आरोपी शेखर और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# दान में मिली जमीन बेच सकेंगे हरियाणा में धौलीदार ब्राह्मण

चंडीगढ़। हरियाणा के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने मंगलवार को कहा कि सालों पहले दान में मिली धौली की जमीन का मालिकाना हक और बेचने का अधिकार अब ब्राह्मण समाज को दे दिया गया है। कंवर पाल ने कहा कि इस संदर्भ में वित्तायुक्त (राजस्व) एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा ने सभी जिला उपायुक्तों को पत्र लिखकर निर्देश जारी कर दिये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने हरियाणा धौलीदार, बूटीमार, भोंडेदार और मुकरारीदार (मालिकाना अधिकार निहित करना) अधिनियम संशोधित किया है जिसके तहत निजी व्यक्ति/संस्था की भूमि धौलीदारों आदि में निहित कर दी गई है तथा ऐसी दान में मिली जमीन बेचने पर अब कोई रोक नहीं रहेगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 11 दिसम्बर 2022 को करनाल में आयोजित भगवान परशुराम महाकुम्भ में लगभग 1700 एकड़ धौली की जमीन के मालिकाना हक दिलाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की ब्राह्मण समाज के लिये भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर राजपत्रित अवकाश, कैथल में मेडिकल कॉलेज का नाम भगवान परशुराम के नाम पर रखने और डाक टिकट जारी करने, पहरावर जमीन गौड़ ब्राह्मण कॉलेज को देने, करीब 1700 एकड़ निजी जमीन धौलीदारों को देने, करनाल में फव्वारा चौक का नाम भाई मती दास-सती दास छिब्बर करने, पुराने परशुराम चौक का सौंदर्यीकरण, परशुराम चौक से गांधी चौक तक के मार्ग का नाम भगवान परशुराम मार्ग करने, करनाल की ब्राह्मण धर्मशालाओं के लिए कुल 31 लाख रुपये देने की घोषणायें पूरी हो चुकी हैं।

### बीटेक छात्र ने पंखे से फंदा लगाकर दी जान

ग्रेटर नोएडा। बीटा-दो कोतवाली क्षेत्र स्थित निंबस एक्सप्रेस पार्क व्यू सोसाइटी निवासी बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र ने सोमवार को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान मूलरूप से बरेली निवासी आदित्य त्रिपाठी के रूप में हुई है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की है। मौके से सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। प्राथमिक जांच में किसी बात को लेकर छात्र के मानसिक तनाव में होने की जानकारी मिली है। पुलिस के मुताबिक आदित्य ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित लॉयड इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह तीन दोस्तों के साथ सेक्टर चाई-5 स्थित निंबस सोसाइटी की 19वीं मंजिल के फ्लैट में रहता था। सोमवार शाम उनके दो दोस्त किसी काम से दिल्ली गए थे। जबकि एक रूममेट रिश्तेदार के घर गया था। रिश्तेदार के घर से लौटे छात्र को फ्लैट का दरवाजा अंदर से बंद मिला। बहुत खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। खिड़की से अंदर झांकने पर पंखे से लटका शव दिखा।

# दो लाख उपभोक्ता घर बैठे निकाल सकेंगे बिजली बिल

**नोएडा।** विद्युत निगम के करीब दो लाख उपभोक्ता ट्रस्ट बिलिंग सुविधा के तहत घर बैठे बिजली बिल निकाल सकेंगे।

इसके लिए यूपीपीसीएल की कंज्यूमर एप या विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन सुविधा की शुरुआत रविवार से कर दी गई है। यह सुविधा फिलहाल घरेलू उपभोक्ताओं के साथ वाणिज्यक श्रेणी में 9 किलोवाट भार तक के उपभोक्ताओं को मिल सकेगी। यूपीपीसीएल ने लखनऊ में एप को लांच किया है। इसके बाद विभागीय अधिकारी उपभोक्ताओं से इस एप को प्लेस्टोर से डाउनलोड कर स्वयं मीटर की रीडिंग और कुछ बेसिक जानकारी अपलोड कर बिजली का बिल निकाल सकेंगे।

इस व्यवस्था से आए दिन बिजली बिल में गड़बड़ी की शिकायतें काफी हद तक दूर हो जाएगी।

### ऐसे निकाल सकेंगे बिल

यूपीपीसीएल की वेबसाइट या विभाग के कंज्यूमर एप से बिल निकालने के लिए उपभोक्ताओं को अपने मीटर की सही रीडिंग दर्ज करनी होगी।

24 से 48 घंटे में बिल संबंधी जानकारी मिल जाएगी।

उपभोक्ता यूपीपीसीएल की वेबसाइट www.uppcl.org या www.upenergy.in पर खुद को पंजीकृत कर भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

### विभागीय अधिकारी करेंगे औचक जांच

ट्रस्ट बिलिंग की वास्तविकता की जांच के लिए विभाग के अधिकारी उपपभोक्ता के परिसर में जाकर मीटर रीडिंग की औचक जांच करेंगे। उपभोक्ता द्वारा पोर्टल पर दर्ज की गई मीटर रीडिंग और वास्तविक मीटर रीडिंग में अंतर मिलने पर उपभोक्ता से बिल का डेढ़ गुना अतिरिक्त चार्ज वसूला जाएगा।

# उत्तरकाशी रेस्क्यू ऑपरेशन : पी एम मोदी ने सी मी धामी से बात कर राहत एवं बचाव कार्यों की ली जानकारी

नई दिल्ली। (पीएमए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एक बार फिर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को फोन कर उत्तरकाशी के सिलक्यारा में सुरंग में फंसे श्रमिकों के राहत एवं बचाव कार्य के संबंध में जानकारी ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सुरंग में फंसे श्रमिकों का कुशल क्षेम जाना। प्रधानमंत्री ने ड्रिलिंग के संबंध में संपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि अंदर फंसे श्रमिकों के साथ ही बाहर राहत बचाव कार्य में जुटे लोगों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि अंदर फंसे श्रमिकों के परिजनों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो। साथ ही प्रधानमंत्री ने आगामी रणनीति पर भी चर्चा की।



प्रधानमंत्री मोदी को मुख्यमंत्री ने बताया कि मैन्युअली डिगिंग का काम शुरु कर दिया गया है।

अब तक कुल 52 मीटर पाइप को पुश कर लिया गया है। यदि कोई बड़ी अड़चन नहीं आई तो शीघ्र ही सभी श्रमिकों को बाहर निकाल लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अंदर फंसे सभी श्रमिकों का स्वास्थ्य सकुशल है। राहत एवं बचाव कार्य में जुटे श्रमिक, इंजीनियर, विशेषज्ञ और अधिकारी हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अंदर फंसे सभी श्रमिकों को नियमित रूप से गुणवत्ता पूर्ण भोजन भेजा जा रहा है। सभी श्रमिकों से निरंतर डॉक्टर एवं मनोचिकित्सको से भी संवाद करवाया जा रहा है। अंदर फंसे श्रमिकों के परिजनों से भी निरंतर बात करवाई जा रही है।

उन्होंने बताया कि एसडीआरफ द्वारा स्थापित कम्युनिकेशन सेटअप के अतिरिक्त बीएसएनएल द्वारा टेलिफोनिक कम्युनिकेशन सेटअप को भी स्थापित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि फंसे श्रमिकों के निकल जाने के उपरांत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने बताया एसडीआरएफ, एनडीआरएफ मौके पर तैनात की गई है। डॉक्टर की टीम भी मौके पर मौजूद हैं। सभी अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट पर रखा गया है।

# चमोली के निलंबित जिला जज के मामले में नहीं हुई सुनवाई

एजेंसी

नैनीताल। चमोली के निलंबित जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनंजय चतुर्वेदी के मामले में मंगलवार को उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय में सुनवाई नहीं हो पायी। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की विशेष पीठ ने इस मामले को दूसरी खण्डपीठ को भेजने की सिफारिश कर दी है।

श्री चतुर्वेदी की ओर से निलंबन आदेश को चुनौती दी गयी है। इसी साल 24 जुलाई को उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से निलंबन आदेश जारी कर दिया गया था। उन पर एक मामले में गवाही के दौरान डायस पर मौजूद नहीं रहने का आरोप है।

उन्हें 14 अप्रैल, 2023 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन आरोप है कि वह इस मामले में उपयुक्त जवाब पेश नहीं कर पाए। उनके खिलाफ जांच जारी है। इस दौरान उन्हें चंपावत के जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

अब कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश इस मामले की सुनवाई के लिए नयी पीठ का गठन करेंगे।

## जगन मोहन रेड्डी ने सौर ऊर्जा परियोजनाओं की रखी आधारशिला

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से राज्य भर में 12 नए एपीट्रानस्को सब-स्टेशनों का शुभारंभ किया और 16 नए सब-स्टेशनों की आधारशिला रखी।

रेड्डी ने कडप्पा में 750 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना और अनंतपुर में 100 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना की भी वर्चुअली आधारशिला रखी। उप-स्टेशनों और सौर परियोजनाओं की लागत रु. 6600 करोड़ रुपये है। सरकार ने 500 मेगावाट के सौर और पवन ऊर्जा संयंत्र और 250 मेगावाट के पीएसपी संयंत्र की स्थापना के लिए एचपीसीएल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए, जिसकी लागत 10 हजार करोड़ रुपये है और इससे 1500 लोगों को रोजगार मिलने की भी संभावना है। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में ऊर्जा विभाग और एचपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने एमओयू प्रतियों का आदान-प्रदान किया। रेड्डी ने कहा कि सरकार राज्य भर के सभी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध है और नए सब-स्टेशनों को स्थानीय लोगों की सेवा के लिए समर्पित किया है।


उन्होंने अल्लूरी सीताराम राजू, साया साई, एलुरु, पलनाडु, नेल्लोर, अन्नामय्या और कडप्पा जिलों में 620 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 12 सब-स्टेशनों का शुभारंभ किया और श्रीकाकुलम, पूर्वी गोदावरी, डॉ. बीआर अंबेडकर कोनसीमा, पश्चिम गोदावरी, गुंटूर, प्रकाशम, नंदयाला और कुरनूल जिलों में 2479 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 16 सब-स्टेशनों की आधारशिला रखी।

# देश से नफरत मिटाना मेरा मकसद, इसके लिए मोदी को हराना जरूरी

नई दिल्ली। (पीएमए) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि उनका लक्ष्य देश में नफरत खत्म करना है और इसके लिए केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हराना जरूरी है। उन्होंने यहां नामपल्ली में एक चुनावी सभा में यह आरोप भी लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), प्रधानमंत्री मोदी और 'कट्टरपंथियों ने पूरे देश में नफरत फैला दी है। राहुल गांधी ने इस बात का उल्लेख किया कि कांग्रेस ने अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा% के दौरान 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का नारा दिया था।

### मेरा घर देश के करोड़ों गरीबों के दिलों में है

उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ 24 मामले दर्ज कर दिए गए क्योंकि वह प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। कांग्रेस नेता का कहना था, ''पहली बार ऐसा हुआ कि मानहानि के मामले में दो साल की सज़ा मिली। मेरी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। मेरा सरकारी घर छीन लिया गया। मैंने कहा कि मुझे यह नहीं चाहिए। मेरा घर देश के करोड़ों गरीबों के दिलों में है। सांसदों एवं विधायकों के मामलों की सुनवाई करने वाली उत्तर प्रदेश की एक अदालत ने सोमवार को गांधी को केंद्रीय मंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों से संबंधित 2018 के मानहानि मामले में तलब किया।



### प्रधानमंत्री मोदी की मदद करते हैं

राहुल गांधी ने यहां नामपल्ली की रैली में अपने भाषण में उत्तर प्रदेश की अदालत द्वारा उन्हें समन भेजे जाने का कोई जिक्र नहीं किया।

उन्होंने कहा, ''लड़ाई वैचारिक है और मैं इससे समझौता नहीं कर सकता। उन्होंने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी पर भी हमला बोला और सवाल किया कि आखिर हैदराबाद के सांसद के खिलाफ कितने मामले दर्ज हैं ?

कांग्रेस नेता ने कहा कि ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियां हमेशा उनके पीछे पड़ी रहती हैं, लेकिन क्या कोई एजेंसी ओवैसी के पीछे पड़ी है ? उन्होंने दावा किया, ''सवाल उठता है कि ओवैसी के खिलाफ कोई मामला क्यों नहीं है और इसका जवाब यह है कि AIMIM अध्यक्ष, प्रधानमंत्री मोदी की मदद करते हैं।

### मेरा लक्ष्य देश से नफरत मिटाना है

राहुल गांधी ने एआईएमआईएम पर कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने और विभिन्न राज्यों में भाजपा की मदद करने के लिए अपने उम्मीदवार उतारने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''मेरा लक्ष्य देश से नफरत मिटाना है और इसके लिए दिल्ली में मोदी को हराना होगा। उनका कहना था, ''अगर मोदी को दिल्ली में हराना है तो सबसे पहले बीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव को तेलंगाना में हराना होगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बीआरएस, भाजपा और एआईएमआईएम एक साथ काम कर रहे हैं।

# नेशनल हाईवे-505 पर गिरीं चट्टानें, यातायात ठप

## हाईवे बंद होने से चांगो, सुमरा और शलखर सहित काजा और स्पीति घाटी का किन्नौर से संपर्क कट गया है

शिमला। हिमाचल प्रदेश के जिला किन्नौर के पूह खंड के मलिंग से आगे चार किलोमीटर समदु की ओर पहाड़ी से बड़ी-बड़ी चट्टानें गिरने से नेशनल हाईवे-505 यातायात के लिए ठप हो गया है।

पुलिस से जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 9:15 बजे राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर बड़ी-बड़ी चट्टानें आ गईं। गनीमत यह रही कि कोई गाड़ी इसकी चपेट में नहीं आई। हाईवे बंद होने से चांगो, सुमरा और शलखर सहित काजा और स्पीति घाटी का किन्नौर से संपर्क कट गया है। हजारों लोगों को आवाजाही करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, सीमा सड़क संगठन यातायात बहाल करने में जुटा हुआ है। उधर, ओसी सीमा सड़क संगठन समदु राज कुमार प्रकाश ने बताया कि तीन मशीनें और 20 मजदूर यातायात बहाल करने में जुटे हुए हैं। जल्द ही बाधित मार्ग यातायात के लिए बहाल कर दिया जाएगा।

लाहौल-स्पीति जिले के काजा और ताबो में ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है। पूरे क्षेत्र ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। सोमवार रात व मंगलवार सुबह हुई ताजा बर्फबारी से शीतलहर बढ़ गई है। वहीं, किन्नौर की ऊंची चोटियों पर भी हल्की बर्फबारी हुई है। उधर, बर्फबारी से पिछले 24 घंटों के



दौरान अधिकतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने राज्य के मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ भागों में 1 दिसंबर तक मौसम खराब रहने की संभावना जताई है।

30 नवंबर को एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से कई भागों में बारिश-बर्फबारी होने के आसार हैं। 2 दिसंबर से राज्य के सभी भागों में मौसम साफ रहने के आसार हैं। आज राजधानी शिमला व आसपास भागों में धूप खिलने के साथ हल्के बादल भी छाए हुए हैं।


मौसम विभाग ने शिमला में न्यूनतम तापमान 6.4, सुंदरनगर 5.7, भुंतर 6.2, कल्पा 1.2, धर्मशाला 10.2, ऊना 8.0, नाहन 11.7, पालमपुर 7.5, सोलन 9.5, मनाली 4.4, कांगड़ा 10.1, मंडी 6.8, चंबा 8.7, डलहौजी 8.4, जुब्बड़हट्टी 9.6, कुफरी 5.2, नारकंडा 3.6, भरमौर 10.0, रिकांगपिओ 4.7, सेऊबाग 4.2, धौलाकुआं 11.4, बरठीं 9.9, समधो 1.5, पांवटा साहिब 14.0, सराहन 6.0 और देहरा-गोपीपुर में 12.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

वहीं अधिकतम तापमान शिमला में अधिकतम तापमान 16.5, सुंदरनगर 24.4, भुंतर 24.6, कल्पा 11.7, धर्मशाला 20.0, ऊना 25.0, नाहन 23.3, केलांग 9.7, सोलन 23.0, मनाली 16.5, कांगड़ा 24.0, मंडी 22.0, चंबा 25.1, डलहौजी 11.1, जुब्बड़हट्टी 21.5, कुफरी 10.1, कुकुमसेरी 11.6, नारकंडा 8.9, रिकांगपिओ 15.0, धौलाकुआं 23.3, बरठीं 23.8 और समधो में 11.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# आधार कार्ड की जानकारी बेहद पर्सनल, पत्नी भी नहीं मांग सकती जानकारी : हाईकोर्ट

बेंगलुरु। (पीएमए) हाई कोर्ट ने एक केस की सुनवाई के दौरान आधार कार्ड को लेकर एक बड़ा फैसला सुनाया। हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने कहा है कि विवाह किसी व्यक्ति के उसकी निजी जानकारी प्रकट करने के संबंध में प्रक्रियात्मक अधिकारों को खत्म नहीं करता। एकल न्यायाधीश के आदेश को रद्द करते हुए न्यायमूर्ति सुनील दत्त यादव और न्यायमूर्ति विजयकुमार ए पाटिल की खंडपीठ ने कहा कि आधार अधिनियम की धारा 33 के तहत प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए, भले ही जानकारी मांगने वाली पत्नी हो।

धारा 33 (1) के अनुसार सूचना प्रकट करने का आदेश पारित करने की




शक्ति उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से कनिष्ठ किसी न्यायालय को नहीं दी गई है। लेकिन उच्च न्यायालय ने कहा कि एकल न्यायाधीश के आदेश में उससे नीचे के प्राधिकारी को विवरण देने का निर्देश दिया गया था।

खंडपीठ ने कहा, ''विद्वान एकल न्यायाधीश ने सहायक महानिदेशक, केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (यूआईडीएआई) को उस व्यक्ति को नोटिस जारी करने का निर्देश देकर पूरी तरह त्रुटिपूर्ण काम किया है जिसके बारे में जानकारी मांगी गई है। यह एक स्थापित सिद्धांत है कि यदि अधिनियम यह प्रावधान करता है कि कोई विशेष कार्य किसी विशेष तरीके से किया जाना है, तो इसे उस तरीके से किया जाना चाहिए या बिल्कुल नहीं किया जाना चाहिए।

उत्तर कर्नाटक के हुबली की रहने वाली महिला ने अपने पति के आधार कार्ड में अंकित पते की जानकारी लोक सूचना अधिकारी (यूआईडीएआई) से मांगी थी। वह एक कुटुंब अदालत के माध्यम से प्रयास कर रही थी कि उसके पति को उसे गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया जाए जो फरार था।

# शार्ट न्यूज

## 133वीं पुण्यतिथि पर सामाजिक सदाशयता के क्रांतिदूत महात्मा ज्योतिबा फुले को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



नई दिल्ली। अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में महात्मा ज्योतिबा फुले की 133वीं पुण्यतिथि पर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि महात्मा फुले सामाजिक सदाशयता के क्रांतिदूत थे। उन्होने ही सर्वप्रथम महिला शिक्षा के महत्व को समझा और उसके क्रियान्वयन के लिए अपनी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फुले के सहयोग से बाधाओं के बावजूद सफलता अर्जित की। वत्स ने कहा कि शिक्षा का महत्व अब लोगों की समझ में आ रहा है। समाज में वंचित और पिछड़े समाज के लोगों का जीवन शिक्षा से प्रकाशित हो रहा है।

## भारतीय अंतरराष्टीय व्यापार मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आयुष मंत्रालय को स्वर्ण पदक

नयी दिल्ली। केंद्रीय आयुष मंत्रालय को भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक से पुरस्कृत किया गया है। आयुष मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि भारत व्यापार संवर्धन संगठन ने मंत्रालय को व्यापार मेले की मंत्रालय एवं विभाग श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया है। आयुष मंडप में कुल 18 स्टार्टअप्स ने अपने नए उत्पादों का प्रदर्शन किया था। मंडप में आयुष आहार, नवाचार आयुष उत्पाद श्रृंखला, योग थेरेपी कक्षाएं, नाड़ी और प्रकृति परीक्षण, चिकित्सा सलाह, रचनात्मक खेल और सीखना आकर्षण के प्रमुख बिंदु रहे । आगंतुकों ने आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी, होम्योपैथी, योग-प्राकृतिक चिकित्सा, सोवा-रिग्पा प्रणालियों के क्लिनिक में चिकित्सा सलाह ली। आयुष मंडप में युवाओं को आयुष के क्षेत्र में करियर संबंधी सलाह भी दी गई। मंत्रालय ने वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित आयुष उपचार विधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेले में विभिन्न गतिविधियों के साथ आयुष मंडप बनाया था।

## गाजियाबाद में ट्रेन की चपेट में आए तीन लोग : दो की मौके पर मौत, एक गंभीर घायल

गाजियाबाद। गाजियाबाद थाना मसूरी क्षेत्र में इन्द्रगढ़ी फाटक के पास तीन लोग ट्रेन की चपेट में आ गए। जिनमें से दो की मौके पर मौत हो गई और एक को संजय नगर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। भर्ती व्यक्ति के परिजन उसे वहां से ले गए हैं। तीनों लोग शादी के समय फार्म हाउस में काम किया करते थे। एसीपी मसूरी नरेश कुमार ने बताया कि जिला लखीमपुर खीरी निवासी आशीष उम्र 30 वर्ष, जिला सीतापुर निवासी राम भोले उम्र 26 वर्ष और जिला लखीमपुर खीरी निवासी छोटेलाल उम्र 28 वर्ष इन्द्रगढ़ी फाटक के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान तीनों ट्रेन की चपेट में आ गए। जिसमें से आशीष और राम भोले की मौत हो गई जबकि तीसरे शख्स छोटेलाल को संजय नगर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक परिजनों को सूचना देने पर छोटे लाल के परिजन उसे अस्पताल से किसी और अस्पताल में ले गए। वहीं बाकी दोनों शवों का पंचायत नामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना सोमवार शाम की है। पुलिस अभी जांच में जुटी है कि वह कौन सी ट्रेन थी, जिसेसे हादसा हुआ। पुलिस ने बताया यह तीनों वेदांता फार्म हाउस में काम किया करते थे। पुलिस आसपास के सीसीटीवी भी देख रही है जिससे यह जानकारी मिल सके कि आखिर हादसा किन परिस्थितियों में हुआ।

## घर के बाहर बैठी महिला को कार ने मारी टक्कर, 40 मीटर तक घसीटा

लोनी। बॉर्डर थाना क्षेत्र की लालबाग कालोनी में घर के बाहर बैठी महिला को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। चालक महिला को 40 मीटर तक घसीटता रहा। लोगों की भीड़ देख चालक मौके से फरार हो गया। महिला की पसलियों में दस फ्रैक्चर आए हैं। गंभीर हालत देख दिल्ली रेफर किया गया है। लालबाग कालोनी निवासी जुगेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी पूनम सोमवार को घर के बाहर बैठी थीं। तभी डी ब्लॉक की तरफ से एक तेज रफ्तार कार आई और पूनम को टक्कर मार दी। पूनम कार के बंपर में फंस गई। चालक ने कार को रोकने की जगह करीब 40 मीटर तक पूनम को घसीटता रहा। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों को आता देख चालक कार मौके पर छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल पूनम को कार के नीचे से निकाला और परिजन को सूचना दी। घायल को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पसलियों में दस जगह फ्रैक्चर और शरीर में कई जगह चोट लगने की पुष्टि करते हुए महिला को दिल्ली रेफर कर दिया।

## ट्रकों के लिए चार स्थानों पर बनेंगी पार्किंग, 772 ट्रक हो सकेंगे खड़े

गाजियाबाद। शहर में ट्रकों का जाम खत्म होगा। मास्टर प्लान-2031 में जीडीए ने औद्योगिक क्षेत्रों के नजदीक ट्रकों के लिए चार पार्किंग स्थल बनाए जाने के लिए जगह चिह्नित कर दी है। साहिबाबाद, भोपुरा, टीला मोड़ और परेड ग्राउंड में बनाए जाने वाले इन चार पार्किंग स्थलों को दो चरणों में बनाया जाएगा। पहले चरण में साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र और भोपुरा में पार्किंग स्थल बनेंगे। इनके अलावा शहर के विस्तार को देखते हुए दो बड़े लॉजिस्टिक हब भी बनाए जाएंगे। इनका खाका भी मास्टर प्लान में खींच लिया गया है। अगले 10 साल के नियोजित विकास के लिए तैयार किए गए मास्टर प्लान में आवासीय, व्यावसायिक, औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाने के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में आने-जाने वाले ट्रकों के खड़े होने के लिए पार्किंग की जरूरत को भी प्रमुखता से शामिल किया गया है। गाजियाबाद में अगले एक-डेढ़ साल में करीब एक लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश प्रस्तावित है। इसमें नए उद्योग भी स्थापित होंगे।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित दस हजार का इनामी गिरफ्तार

साहिबाबाद। पुलिस ने बुलंदशहर देहात कोतवाली में दर्ज मुकदमे में गैंगस्टर एक्ट के वांछित दस हजार के इनामी अखलाकुर्रहमान निवासी अशोक विहार लोनी को गिरफ्तार किया है। वह खन्ना नगर में पूर्वांचल अस्पताल का मालिक है। उससे तमंचा और कारतूस मिला है। पुलिस ने बताया कि बुलंदशहर में बसपा से जुड़े मोहम्मद युनुस और उनके साथियों पर 2021 में मिर्ची टोला कोतवाली बुलंदशहर के अनस ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। जिसमें कई लोग घायल हो गए थे। युनुस के चालक खालिद की मौत हो गई थी जबकि अनस पक्ष के दीपक का इलाज अखलाकुर्रहमान ने चोरी-छिपे किया था। इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी थी। उस पर कोतवाली बुलंदशहर देहात में मुकदमा चल रहा है। एसीपी रजनीश उपाध्याय का कहना है कि अखलाकुर्रहमान गैंगस्टर एक्ट में दस हजार का इनामी भी है।

## कौशांबी से चलने लगीं उत्तराखंड की बसें

कौशांबी। दिल्ली के कश्मीरी गेट से उत्तराखंड के लिए चलने वाली एसी और साधारण बसों का संचालन सोमवार से कौशांबी बस अड्डे से शुरू हो गया। दिल्ली में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण की वजह से इस रूट की बसों का संचालन कश्मीरी गेट से बंद किया गया है। गाजियाबाद रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक केशरी नंदन चौधरी ने बताया कि कश्मीरी गेट से हल्द्वानी, देहरादून, पिथौरागढ़, हरिद्वार के लिए बसों का संचालन होता है, इन बसों का संचालन कौशांबी से शुरू किया गया है। ठंड की वजह से रोडवेज प्रबंधन एसी बसों के किराए में कटौती करने जा रहा है। एसी बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को 16 दिसंबर से 28 फरवरी तक किराए में छूट दी जाएगी। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि एसी 3 बाई 2 में 1.47 रुपये, एसी 2 बाई 2 में 1.74 रुपये, वोल्वो में 2.58 रुपये प्रति किलोमीटर के हिसाब से छूट दी जाएगी। गाजियाबाद रीजन से लंबी दूरी के लिए कुल 105 एसी बसें चलाई जाती हैं।

# बारिश के बाद प्रदूषण में सुधार

## दिल्ली-एनसीआर के लोगों को रहना होगा सतर्क

एजेंसी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में सोमवार को हुई बूंदाबांदी के बाद प्रदूषण से लोगों को हल्की राहत मिली। जिसके बाद दिल्ली पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कुछ दिन पहले दिल्ली में प्रदूषण का स्तर खतरनाक हो गया था।

लेकिन बीते दिन हुई बारिश की वजह से प्रदूषण में थोड़ा सुधार हुआ है। लेकिन अभी भी उतार चढ़ाव जारी रहेगा। मैं दिल्ली एनसीआर के लोगों



से सतर्क रहने के लिए अपील करता हूं। कुछ इलाकों में सोमवार को हुई बूंदाबांदी के बाद भी एक्यूआई 400 के करीब रहा, जो बेहद खराब श्रेणी में है। आधी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी को पार कर गया। आशंका है कि दिल्ली में अगले छह दिन तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब श्रेणी में रहेगा।

दिल्ली का प्रदूषण स्तर पूरे एनसीआर में सबसे ज्यादा रहा। मंगलवार को हवा की दिशा बदलकर पूर्वोत्तर दिशा से चार किमी प्रति घंटे की गति से चलने की उम्मीद है।

### दिल्ली में सोमवार को कैसा रहे एक्यूआई

सोमवार को आधी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर गंभीर स्तर पर रहा। कई जगहों पर स्थिति खतरनाक रही। यहां प्रदूषण का स्तर 450 को पार कर गया। बोर्ड के मुताबिक सोमवार को अलीपुर में एक्यूआई 415, डीटीयू में 402, आईटीओ में 439, आरके पुरम में 415, पंजाबी बाग में 443, नार्थ कैंपस में 407, नेहरू नगर में 422, पटपड़गंज में 401, अशोक विहार में 448, सोनिया विहार में 434, जहांगीरपुरी में 428, रोहिणी में 426, विवेक विहार में 419, नजफगढ़ में 401, ओखला में 404, वजीरपुर में 452, बवाना में 444 और मुंडका में 457 एक्यूआई दर्ज किया गया।

# गाजियाबाद में बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक बांग्लादेशी 10 से 12 साल से गाजियाबाद में रह रहा था।। पुलिस इसके पास से दिल्ली के सीमापुरी का आधार कार्ड और बांग्लादेश का पासपोर्ट मिला है। यह मामला सामने आते ही भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि उनके दावे पर मोहर लग गई है।

जिसमें उन्होंने कहा था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने दो विधायकों के साथ पश्चिम बंगाल ट्रेन भेज कर बांग्लादेशी को बुला रहे हैं। गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में बांग्लादेशी नागरिक शहादत को गिरफ्तार किया गया है। एसीपी विवेक कुमार ने बताया कि सोमवार देर रात 12:30 बजे चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान एक स्कूटी पर तीन लोग आते दिखाई दिए। उनको रोका गया तो दो व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह बांग्लादेश का रहने वाला शहादत है। इसके पास से दिल्ली सीमापुरी से बना एक आधार कार्ड मिला है और बांग्लादेश का पासपोर्ट मिला है। पुलिस के मुताबिक शहादत पर एक दर्जन मुकदमे कायम है।

## ग्रेटर नोएडा में लिफ्ट में फंसे स्कूली बच्चे

गौतम बुद्ध नगर। दिल्ली एनसीआर में लिफ्ट अटकने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कभी किसी सोसाइटी में लिफ्ट अटक जाती है तो कभी किसी निर्माणधीन साइट पर लिफ्ट टूटकर गिर जाती है। इन हादसों में लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। ऐसा ही नजारा ग्रेनो वेस्ट की लॉ रेजिडेंशिया सोसाइटी में दिखा। जहां दो लिफ्ट करीब 30 मिनट तक अटकी रही। जिसमें बच्चों सहित करीब 12 लोग फंसे रहे। यह पूरी घटना बिसरख थाना क्षेत्र के ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लॉ रेजिडेंसी सोसायटी की है। मंगलवार को स्कूल से वापस घर आते समय कुछ बच्चे और उनके परिजन बिल्डिंग की लिफ्ट में फंसे रह गए। सोसाइटी में रहने वाले पंकज ने बताया कि दो अलग-अलग लिफ्टों में स्कूल से आने वाले बच्चे अपने परिजनों के साथ लिफ्ट में आधे घंटे से अधिक समय तक अंदर फंसे रहे। लिफ्ट के अटकने के दौरान लिफ्ट में इमरजेंसी बटन ने काम नहीं किया। लिफ्ट के अंदर फंसे पंकज कुमार ने बताया कि बिल्डिंग की दो अलग-अलग लिफ्टों में कुल 12 लोग फंसे थे। उन्होंने बताया कि मैं भी एक लिफ्ट में मौजूद था। मेरे साथ स्कूली बच्चे थे। दूसरी लिफ्ट में भी तीन स्कूली बच्चे और उनके परिजन थे। जब लिफ़्ट ऊपर के फ्लोर पर जा रही थी तभी अचानक लिफ्ट दूसरे और तीसरे फ्लोर पर आकर अटकी गई। हमने थोड़ा इंतजार किया, हमें लगा की लिफ्ट थोड़ी देर में खुद चल जाएगी लेकिन वह नहीं चली। लिफ्ट अटकने की वजह से बच्चे घबराने लगे। इसके बाद मेरे द्वारा मेंटेनेंस टीम को कई बार कॉल किया लेकिन कॉल पिक नहीं हुई। कई बार लिफ्ट में इमरजेंसी बटन को भी दबाया गया लेकिन उसने भी कोई कार्य नहीं किया।

# खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप डल्ला के गुर्गों को रिमांड पर भेजा, पुलिस से हुई थी मुठभेड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मयूर विहार इलाके में हुई मुठभेड़ के बाद मंगलवार को गैंगस्टर से आतंकी बने अर्शदीप सिंह उर्फ डल्ला के सहयोगियों और शूटरों को पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल से मिली जानकारी के मुताबिक, खालिस्तानी आतंकवादी अर्शदीप सिंह डल्ला के सहयोगी राजप्रीत सिंह उर्फ राजा उर्फ बम्ब, सचिन भाटी, अर्पित और सुनील प्रधान को चार दिन की पुलिस रिमांड में भेजा गया गया। मुठभेड़ में घायल वीरेंद्र सिंह उर्फ विम्मी को दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। बीते रविवार की आधी रात गोलियों की तड़तड़ाहट से मयूर विहार का इलाका गूंज उठा। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गैंगस्टर से आतंकी बने अर्शदीप सिंह उर्फ डल्ला के दो शूटरों को घेर लिया था। खुद को फंसता देख दोनों शूटरों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी थी। पुलिस की गोलीबारी में एक शूटर की टांग में गोली लगी थी। जिससे वह घायल हो गया था। बाद में घायल शूटर को एलबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद दोनों की छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

### पकड़े गए आरोपियों के पास से हथियार और सामान बरामद

पकड़े गए आरोपियों की पहचान पंजाब के फिरोजपुर जिले के गांव गिल निवासी राजप्रीत सिंह उर्फ राजा उर्फ बम (25) और वीरेंद्र सिंह उर्फ विम्मी (22) के रूप में हुई। गोली वीरेंद्र को लगी है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक पिस्टल, रिवाल्वर, 13 कारतूस, एक हैंड ग्रेनेड और बाइक बरामद की है।

### पंजाबी गायक एनी मंगत की हत्या की थी साजिश

पुलिस की पूछताछ में आरोपी राजप्रीत और वीरेंद्र ने खुलासा किया है कि उनको अर्शदीप उर्फ डल्ला की ओर से पंजाब के मशहूर सिंगर एनी मंगत की हत्या का आदेश मिला था।

इसके लिए दोनों ने अक्तूबर में प्रयास भी किया था, लेकिन खुशकिस्मती से एनी मंगत अपने घर पर मौजूद नहीं था। दोनों पहले भी कई वारदात में शामिल रहे हैं।

# व्यापार मेले 2023 में पंजाब पेवेलियन ने जीता गोल्ड मैडल

नई दिल्ली। पंजाब पेवेलियन'' ने सोमवार शाम को समाप्त हुए 42वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले 2023 में स्वच्छ पवेलियन में शानदार प्रदर्शन के लिए गोल्ड मैडल जीता है।

इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आई. आई. टी. एफ.) नई दिल्ली का 42वां ऐडीशन 14 से 27 नवंबर, 2023 तक आयोजित किया गया था जिसका थीम ''वसुधेव कुटुम्बकम -व्यापार द्वारा संयुक्त'' था।




पंजाब पवेलियन के प्रशासक दविन्दरपाल सिंह और उप प्रशासक गुरप्रीत सिंह और अन्य अधिकारियों ने प्रदीप सिंह खरोला, चेयरमैन और प्रबंधक निर्देशक आई. टी. पी. ओ और रजत अग्रवाल, कार्यकारी निर्देशक आई. टी. पी. ओ. से अवार्ड प्राप्त किया।

पर्यटन मंत्री अनमोल गगन मान और प्रमुख सचिव राखी गुप्ता भंडारी के नेतृत्व में पंजाब पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित पंजाब दिवस के सफल आयोजन के बाद पंजाब पवेलियन के प्रशासक दविंदरपाल सिंह ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त ऐसे आयोजन में यह स्वर्ण पदक जीतना राज्य के लिए गर्व का क्षण है।

पंजाब पेवेलियन जहाँ मार्कफैडु, वेरका, पी. एस. आई. ई. सी., इनवैस्ट पंजाब, एन. आई. एफ. टी., पंजाब टूरिज्म, गडवासू, पुड्डा, पंजाब कृषि यूनिवर्सिटी लुधियाना, विज्ञान, प्रौद्यौगिकी और वातावरण विभाग और पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड समेत अलग-अलग विभागों और संस्थाओं के स्टाल राज्य के सभ्याचार, विरासत और दस्तकारी, औद्योगिक विकास और खेती खोजों को दिखाने के लिए लगाए गए थे, को दर्शकों की तरफ से भरपूर समर्थन मिला।

उप प्रशासक गुरप्रीत सिंह ने बताया कि इस पवेलियन का आयोजन दलवीर सिंह चेयरमैन पी. एस. आई. ई. सी., तेजवीर सिंह प्रमुख सचिव (उद्योग और वाणिज्य), डी. पी. एस. खरबन्दा सी. ई. ओ इनवैस्ट पंजाब और डायरैक्टर इंडस्ट्रीज, बलदीप कौर मैनेजिंग डायरैक्टर पी. एस. आई. ई. सी और रुबिन्दरजीत सिंह बराड़ एडीशनल मैनेजिंग डायरैक्टर पी. एस. आई. ई. सी. के नेतृत्व अधीन किया गया।

उन्होंने कहा कि स्टालों पर तैनात अधिकारियों ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की अलग-अलग प्रगतिशील और लोक एवं उद्योग अनुकूल, पहलकदमियों संबंधी दर्शकों को अवगत करवाया।

# हाईकोर्ट का दिल्ली पुलिस और एमसीडी को नोटिस

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को अखिल भारतीय मुस्लिम महापंचायत को सार्वजनिक बैठक आयोजित करने की अनुमति की व्यवहार्यता पर विचार करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद मिशन सेव कॉन्स्टिट्यूशन (एमएससी) की याचिका पर सुनवाई कर रहे है। उन्होंने कहा कि 18 दिसंबर को सार्वजनिक बैठक आयोजित करने के उसके आवेदन को एक प्रतिनिधित्व के रूप में माना जाना चाहिए।

अदालत ने कहा एमसीडी और पुलिस अधिकारियों को 18 दिसंबर को रामलीला मैदान में महापंचायत आयोजित करने की व्यवहार्यता पर विचार करना चाहिए। पिछले महीने अदालत ने याचिकाकर्ता एमएससी को दी गई प्रारंभिक अनुमति को रद्द करने के दिल्ली पुलिस के फैसले को बरकरार रखा था। हालांकि, अदालत ने कहा था कि त्योहारी सीज़न खत्म होने के बाद कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति के लिए संगठन की याचिका पर नए सिरे से विचार किया जाना चाहिए। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने न्यायमूर्ति प्रसाद को अवगत कराया था कि उसे तीन से पांच दिसंबर तक रामलीला मैदान में एक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक अन्य संगठन से भी आवेदन मिला है और इसके लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी किया गया है।

# शिक्षा निदेशालय के निर्देश, डोनेशन लेने वाले स्कूलों पर होगी कड़ी कार्रवाई

नई दिल्ली। दिल्ली के निजी स्कूलों में दाखिला के नाम पर डोनेशन वसूलने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए शिक्षा निदेशालय ने सभी स्कूलों को निर्देश दिया है कि शिकायत मिलने पर स्कूल प्रबंधन की जांच की जाएगी। जांच साबित होने के बाद स्कूल प्रबंधन को कैपिटेशन फीस का 10 गुना जुर्माना देना होगा। निदेशालय ने कहा कि स्कूलों को नियमों का पालन करना होगा और सुचारू रूप से छात्रों का दाखिला करना होगा। दरअसल, कई ऐसे स्कूल हैं, दाखिले के लिए अभिभावक के ऊपर डोनेशन देने का दबाव बनाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए ये कदम उठाया गया है। इसका मकसद छात्रों के दाखिले में अभिभावकों को डोनेशन लेने वाले स्कूलों से बचाना है। छात्र के दाखिले के लिए अगर कोई स्कूल अभिभावको पर डोनेशन देने का दबाव बनाता है तो वह इसकी शिकायत ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड़ से कर सकते हैं।

ऑनलाइन माध्यम से शिकायत करने के लिए अभिभावको को निदेशालय की वेबसाइट edudel.nic.in के ग्रीवांस रिड्रेसल सेल और मॉनिटरिंग सिस्टम हेड पर जाना होगा। अभिभावक दाखिला संबंधित किसी भी तरह की समस्या की शिकायत पोर्टल पर कर सकते हैं। वहीं ऑफलाइन माध्यम से शिकायत करने के लिए उन्हें अपने जिले के डीडीई ऑफिस जाकर शिकायत करनी होगी। नर्सरी दाखिले प्रक्रिया को शुरू हुए एक हफ्ता होने वाला है, ऐसे में 1731 निजी स्कूलों में से 220 स्कूलों ने अब तक मानदंड जारी नहीं किए हैं। निदेशालय ने शुक्रवार तक सभी स्कूलों को वेबसाइट पर जाकर मानदंड जारी करने के लिए कहा था। लेकिन कई स्कूलों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

# एसपीए में कॉन्फ्रेंस के दौरान शहरी अजेंडे पर हुआ चिंतन

## विकसित देशों में महज 4 फीसदी है प्राथमिक क्षेत्र का योगदान : प्रो. योगेश

नई दिल्ली। स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, नई दिल्ली द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया के सहयोग से G20 20 Y20 के समेकित लाभ पर राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस- एमर्जिंग नेशनल अर्बन एजेंडा पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसपीए नई दिल्ली के निदेशक प्रो. योगेश सिंह ने की। इस अवसर पर एसपीए के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रो. (एआर) हबीब खान बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। एसपीए के डीन रिसर्च एवं कॉन्फ्रेंस के संयोजक प्रो. संजय गुप्ता और डीन स्टूडेंट वेल्फेयर व सम्मेलन के सह-संयोजक प्रो. अशोक कुमार विशिष्ट अतिथियों के रूप उपस्थित रहे। एसपीए के निदेशक प्रो. योगेश सिंह ने अपने संबोधन में जोर देते हुए कहा कि विकसित देशों में प्राथमिक क्षेत्र का योगदान महज 4 फीसदी है,




इसके विपरीत शहरी भारत को नए शहरों के विकास, बढ़ते शहरीकरण और पुराने शहरों के स्थायी तरीके से कायाकल्प में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि जीवन की गुणवत्ता में सुधार, अत्यधिक आबादी वाले देश में चुनौतियों का समाधान करना और भारत के अद्वितीय संदर्भ के अनुरूप दृष्टिकोण अपनाने जैसे फोकस के प्रमुख क्षेत्रों को रेखांकित करने वाली जी20 नई दिल्ली की घोषणा बहुत ही सराहनीय है। टिकाऊ प्रथाओं की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण जीवन और टिकाऊ समुदायों के लिए ऊर्जा दक्षता, कार्यस्थलों के नजदीक कॉम्पैक्ट शहरों और शहरी जीवनशैली को प्राथमिकता देना जरूरी है।


प्रो. (एआर) हबीब खान ने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए शहरी केंद्रों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शहरी क्षेत्र वैश्विक ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में 60 प्रतिशत का योगदान करते हैं और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 50-60 प्रतिशत उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। L.I.F.E. की अवधारणा (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) की शुरुआत की गई, जो जीवन शैली विकल्पों और पर्यावरणीय प्रभाव के अंतर्संबंध को रेखांकित करती है।

उन्होंने खराब डिजिटल बुनियादी ढांचे और बिखरे हुए कार्यबल जैसी चुनौतियों की ओर भी इशारा करते हुए स्मार्ट प्रौद्योगिकी के संदर्भ में उन्नयन और पुनर्मूल्यांकन की वकालत की। प्रो. खान ने कहा कि डी-ग्रोथ की धारणा को उत्पादन और खपत को कम करने की रणनीति के रूप में पेश किया गया था, जिससे कि पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके। कार्यक्रम की शुरुआत में डीन रिसर्च प्रो. संजय गुप्ता ने कॉन्फ्रेंस के एजेंडे पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट्स को लेकर 50से अधिक छापेमारी

## 09 जगह मिले प्रोडक्ट, लैब रिपोर्ट आते ही होगी एफआईआर

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार ने जैसे ही हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट बैन किया, उसके तुरंत बाद गाजियाबाद में खाद्य एवं औषधि विभाग ने छापेमारी शुरू कर दी थी। छापेमारी में मुख्य रूप से बड़े स्टोर, डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर और मॉल विभाग के निशाने पर थे। छापेमारी में 09 जगह हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट मिले थे। जिनको जब्त कर लिया गया था और जब्त माल



में से एक पैकेट जांच के लिए भेजा गया था।

गाजियाबाद में तैनात असिस्टेंट फूड कमिश्नर विनीत कुमार बताते हैं की सरकार के हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट के बैन के आदेशों के बाद तुरंत गाजियाबाद में छापेमारी शुरू की गई थी। इस दौरान बड़े स्टोर, डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर और मॉल में छापेमारी की गई थी।

पूरे जिले में 50 से अधिक जगह टीम बनाकर छापेमारी की गई और 09 जगह उनको हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट मिले थे। इनमें अधिकतर सूप और नूडल्स थे। इन सब को जब्त कर लिया गया था और इनका एक पैकेट जांच के लिए लैब में भेज दिया था।

विनीत कुमार बताते हैं की लैब स्तर पर अभी इनकी रिपोर्ट आनी बाकी है। जैसे ही रिपोर्ट आएगी वैसे ही इन पर मुकदमा लिखकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## गाजियाबाद में पार्क में मिला युवक का शव

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में पार्क में मंगलवार की सुबह एक युवक का शव मिला है। युवक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। लेकिन पुलिस के मुताबिक उसके शरीर पर चाकू जैसे हथियार के निशान है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गाजियाबाद के एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह ने बताया की थाना इंदिरापुरम के अभय खंड इलाके के ग्रीन पार्क में युवक का शव मिला है। इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को मंगलवार की सुबह 6:30 बजे मिली। पार्क में घूमने आए लोगों ने पुलिस को इस बारे में बताया। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो पाया कि 25 से 30 वर्ष का एक युवक पार्क में मृत पड़ा है। युवक ने शर्ट और लोअर पहना हुआ था। अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। स्वतंत्र सिंह ने बताया कि युवक के शरीर पर चाकू जैसे हथियार के निशान है पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगे की जांच की जा रही है। टीम बनाई गई है जो आसपास के इलाके के सीसीटीवी खंगाल रही है साथ ही युवक के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## संपादकीय

# मणिपुर हिंसा : समस्या और निपटारा

मणिपुर, एक छोटे राज्य के रूप में, विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि से भरपूर है, लेकिन हाल ही में हुई हिंसा ने यहाँ की सामाजिक समरसता को हिला दिया है। जनवरी 2023 में हुई इस हिंसा में दो सौ लोगों की मौत हो गई, और इसके बावजूद भी समस्या का निपटारा नहीं हो पा रहा है। इस लेख में, हम मणिपुर हिंसा की समस्या, उसके कारण और संभावित निपटारा पर चर्चा करेंगे।

### मणिपुर हिंसा का संदेह

मणिपुर में हुई हिंसा ने सामाजिक और राजनीतिक समरसता को प्रभावित किया है। इस हिंसा का मुख्य कारण स्थानीय और विदेशी जमातों के बीच टकराव था, जिसने स्थानीय लोगों को बहुतंत्री और संविदानिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए सड़क पर उतरने पर मजबूर किया।

### हिंसा के पीछे के कारण

जातिवाद और इतनारी समस्या : इस हिंसा के पीछे जातिवाद और सामाजिक भेदभाव की भी एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्थानीय और अन्य समुदायों के बीच इतनारी समस्या ने इसे और भी ज्यादा जटिल बना दिया है।

स्थानीय नेताओं की लापरवाही : कुछ स्थानीय नेताओं की लापरवाही और समझौते की कमी ने इस हिंसा को और भी बढ़ावा दिया है। इसके परिणामस्वरूप, लोगों को अपने अधिकारों की सुरक्षा के लिए सड़क पर उतरना पड़ा।

### निपटारा के संभावनाएँ

वार्ता और समझौता : सरकार को उचित वार्ता और समझौता का माध्यम बनाना चाहिए ताकि विभिन्न समुदायों के बीच आपसी समझ बना रह सके।

शिक्षा का प्रोत्साहन : सामाजिक भेदभाव को कम करने के लिए और अधिकारों की सुरक्षा के लिए शिक्षा को प्रोत्साहित करना जरूरी है।

जनहित में सुधार : सरकार को जनहित में सुधार की दिशा में कदम उठाना चाहिए, ताकि विभिन्न समुदायों को सही मार्ग पर ले जाया जा सके।

मणिपुर हिंसा एक चुनौतीपूर्ण स्थिति है, लेकिन उचित निपटारा और समाधान के लिए इसे संज्ञान में लेना आवश्यक है। सामाजिक समरसता, भेदभाव मुक्त समाज, और जनहित में सुधार के माध्यम से हम इस चुनौती का सामना कर सकते हैं और सशक्त और समृद्धि शील नागरिक समाज की दिशा में कदम उठा सकते हैं।



# खनन में खून, चुनौती बन गए हैं एमपी के माफिया

अवैध खनन पर रोक लगाना पूरे देश में बड़ी चुनौती बन चुका है। हालांकि कभी-कभी प्रशासन सख्त नजर आता है, मगर खनन माफिया की दबंगई के आगे वह बेबस हो जाता है। इसका ताजा उदाहरण मध्यप्रदेश के शहडोल में अवैध खनन रोकने गए एक पटवारी को ट्रैक्टर से कुचल कर मार डालना है। वहां की जिलाधिकारी के मुताबिक, उस इलाके में रेत के अवैध खनन की लगातार शिकायतें आ रही थीं, जिसके मद्देनजर खनन माफिया पर नकेल कसने का अभियान चलाया गया।

पिछले तीन दिनों में काफी मात्रा में अवैध रेत पकड़ी भी गई। इसी सिलसिले में शनिवार की रात तीन पटवारियों का एक दल दबिश डालने पहुंचा था। रेत से भरे एक ट्रैक्टर को रोका, तो चालक एक पटवारी के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा कर निकल भागा। उसकी वहीं मौत हो गई। हालांकि प्रशासन इस घटना के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर अपनी तत्परता का प्रदर्शन कर रहा है, मगर यह सवाल अपनी जगह है कि अवैध खनन पर रोक लगाना इतना मुश्किल क्यों बना हुआ है। अगर सचमुच प्रशासन इस पर अंकुश लगाना चाहता, तो खनन माफिया इस तरह मनमानी और दबंगई न कर पाता।

अवैध खनन मध्यप्रदेश की कोई नई समस्या नहीं है। इससे पहले भी इसे रोकने की कोशिश करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। पिछले साल मध्यप्रदेश में ही अवैध रेत खनन करने वालों पर दबिश डालने गए वन विभाग के कर्मचारियों को माफिया के लोगों ने दौड़ा-दौड़ा कर लाठी-डंडों से पीट कर घायल कर दिया था।

करीब ग्यारह साल पहले एक पुलिस अधिकारी को भी इसी तरह मार डाला गया था। तब खनन माफिया के खिलाफ सख्त कदम उठाने का संकल्प दोहराया गया था, मगर उसके बाद से अब तक ट्रैक्टर के नीचे कुचल कर सरकारी कर्मचारियों को मार डालने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। इस तरह खनन माफिया प्रशासन पर मानसिक दबाव और भय पैदा करने का प्रयास करता है कि अगर उसके धंधे पर रोक लगाने की कोशिश की गई, तो वह खून-खराबे से परहेज नहीं करेगा।

यह मामला केवल रेत खनन तक सीमित नहीं है। पत्थर और कोयले के खनन में भी इसी तरह की दबंगई देखी जाती है। मध्यप्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु, कर्नाटक आदि राज्यों से भी इस तरह खनन माफिया के हाथों सरकारी कर्मचारियों के कत्ल की घटनाएं जब-तब सुनने को मिल जाती हैं।

कायदे से रेत, पत्थर, कोयले आदि के खनन का ठेका सरकारें नदियों के जल संग्रहण क्षेत्र, पहाड़ी क्षेत्रों की भौगोलिक और पर्यावरणीय स्थिति आदि का आकलन करते हुए देती हैं। उसमें रेत, पत्थर, कोयला आदि निकालने की सीमा भी तय की जाती है। मगर ठेकेदार तो खुद अधिक कमाई के लोभ में तय सीमा से अधिक खनन करते ही हैं, उनके समांतर अवैध रूप से खुदाई करने वाले कई गिरोह भी सक्रिय हो जाते हैं।

छिपी बात नहीं है कि ये प्राय- ऐसे लोग होते हैं, जो राजनीतिक और प्रशासनिक रसूख और सांठगांठ से अपना धंधा चलाते हैं। शायद ही कोई राज्य ऐसा हो जहां राजनीतिक संरक्षण में अवैध खनन न चलता हो। इसलिए अगर कभी किसी वजह से खनन माफिया पर नकेल कसने की कोशिश की जाती है, तो वे खून-खराबे पर उतर आते हैं। बेशक मध्यप्रदेश की घटना पर विपक्ष को निशाना साधने का मौका मिल गया है, मगर सब जानते हैं कि बिना राजनीतिक इच्छाशक्ति के ऐसे लोगों पर काबू पाना कठिन ही बना रहेगा।


# घरों में पुरुष पर होने वाली हिंसा की चिन्ता

नये बन रहे समाज एवं पारिवारिक माहौल में अब महिलाएं ही नहीं, पुरुष भी हिंसा के शिकार हो रहे हैं, इसका ताजा उदाहरण है पुणे में रहने वाले एक संभ्रांत परिवार की महिला के घूंसे ने शनिवार को पुरुष की जान ले लेने का मामला। मामला घरेलू विवाद का था, लेकिन हिंसा के चरम पर पहुंचा और एक पत्नी के द्वारा पति की जान ले ली गयी। महिला के घूंसे ने परिवार एवं समाज में पनप रही नयी तरह की हिंसा को उजागर किया है। इस घटना ने अनेक प्रश्न खड़े कर दिये हैं। अब घरेलू हिंसा में पुरुष भी महिलाओं के शिकार होने लगे हैं। लेकिन विडम्बना यह है कि पुरुषों के लिये महिलाओं की तरह घरेलू हिंसा के खिलाफ कोई कानून नहीं हैं। घरेलू हिंसा कानून की धारा 2(अ) के तहत परिवार के किसी पुरुष सदस्य, विशेष रूप से पति को कोई संरक्षण नहीं है। मद्रास उच्च न्यायालय यह मान चुका है कि पति के पास पत्नी के खिलाफ शिकायत करने के लिए घरेलू हिंसा जैसा कोई कानून नहीं है।

निश्चित ही घर की चार दिवारी में महिलाएं ही नहीं, पुरुष भी हिंसा, उत्पीड़न एवं उपेक्षा के शिकार होते हैं। बढ़ती इन घटनाओं के मामले निश्चित तौर पर अदालत के समक्ष फैसले के लिए आएंगे। क्या न्याय की चौखट पर पुरुषों को समुचित न्याय मिल पायेगा? क्योंकि अभी तक ऐसे कानूनों में महिलाओं का ही पक्ष उजागर होता रहा है। जब पुरुष पर होने वाले अत्याचार के लिये कानून में संरक्षण की जगह नहीं है, तो हिंसा के इन सभी स्तरों के पार होने पर उचित न्याय के लिये भारतीय दंड विधान में उचित कानूनी प्रावधानों एवं पुरुष संरक्षण की अपेक्षा महसूस की जायेगी। इसलिये अब ऐसे पूरे मामले पर घरेलू हिंसा के प्रकारों पर गंभीर चर्चा आवश्यक हो गई है।

भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। 'सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन' और 'माई नेशन' नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसद से ज्यादा पति तीन साल के गृहस्थ जीवन में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। इस रिपोर्ट में यह भी बात सामने आयी है पुरुषों ने जब इस तरह की शिकायतें पुलिस में या फिर किसी अन्य प्लेटफॉर्म पर करनी चाही तो लोगों ने इस पर विश्वास नहीं किया और शिकायत करने वाले पुरुषों को हंसी का पात्र बना दिया गया। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के बीते साल सामने आए आंकड़े कहते हैं कि 18 से 49 साल की उम्र की 10 फीसदी महिलाएं कभी-न-कभी अपने पति पर हाथ उठाती हैं, वो भी तब जब उनके पति ने उन पर कोई हिंसा नहीं की। इन अत्याचारों एवं हिंसा को लेकर भादंवि में आपराधिक मामलों में कार्रवाई संभव है, इसके अलावा हिंदू मैरिज एक्ट से मुकदमा चलाया जा सकता है। लेकिन इससे पुरुषों को बहुत अधिक कानूनी संरक्षण नहीं मिल पाता है।

वर्तमान दौर में काफी मामलों में परिवारों का बिखरना घरेलू हिंसा का परिणाम माना जाता है। घर की



आर्थिक जरूरतें, स्वच्छंद जीवनशैली एवं भौतिकतावादी सोच के कारण पति-पत्नी के बीच तनाव अनेक शक्ल में उभरने लगा है जो हिंसा तक पहुंच जाता है। संभव है कि पुणे की घटना भी ऐसे ही किसी छोटे मामले का क्रूर एवं हिंसक निष्पत्ति हो। छोटे मामले तो हर घर की कहानी बनने लगे हैं, लेकिन ऐसे मामले तब ही प्रकाश में आते हैं, जब कोई बड़ी घटना-दुर्घटना होती है। ऐसे में संयम, समझ, विवेक, समझौता और सीमाओं की समाज में चर्चा और आवश्यक हो चली है, आकांक्षा-महत्वाकांक्षा अनंत हो सकती हैं, किंतु उन पर नियंत्रण ही शांति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। दुर्भाग्य से यह समाज में गौण हो चला है और उसके घातक परिणाम सामने आ रहे हैं, जिस पर गहन चिंतन-मनन आवश्यक है। यह हिंसा का दौर परिवार की अवधारणा को न केवल बदल रहा है, बल्कि परिवाररूपी संस्था के अस्तित्व को ही नष्ट करने पर तुला है। हरियाणा में हिसार के रहने वाले एक शख्स का वजन शादी के बाद कथित तौर पर पत्नी के अत्याचार की वजह से 21 किलो घट गया। इसी के आधार पर उसे हाईकोर्ट से तलाक की मंजूरी मिल गई। ऐसे मामले बढ़े हैं। बहुत से लोगों के लिए ये सोचना भी अविश्वसनीय है कि पुरुषों के साथ हिंसा होती है। वजह ये है कि पुरुषों को हमेशा से मजबूत और ताकतवर माना जाता रहा। साल 2019 में 'इंडियन जर्नल ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन' की रिसर्च के अनुसार हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में 21-49 वर्ष की उम्र के एक हजार विवाहित पुरुषों में से 52.4 फीसद ने जेंडर आधारित हिंसा का अनुभव किया। इन आंकड़ों को देख लगता है कि जब संविधान लिंग, जाति और धर्म के आधार पर किसी तरह का फर्क स्वीकार नहीं करता, तो क्यों घरेलू हिंसा से सुरक्षा अधिनियम पुरुष को सुरक्षा नहीं देता? जबकि विकसित देशों में जेंडरलेस कानून वहां के पुरुषों को न केवल महिलाओं की तरह घरेलू हिंसा से प्रोटेक्शन देता है, बल्कि इस बात को भी स्वीकार करता है कि पुरुष भी प्रताड़ित होते हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, देश में पुरुषों की आत्महत्या की दर महिलाओं की तुलना में दो गुने से भी ज्यादा है। इसके पीछे तमाम कारणों में पुरुषों का घरेलू हिंसा का शिकार होना भी बताया जाता है, जिसकी शिकायत वो किसी फोरम पर कर भी नहीं पाते हैं। साल 2020 में लॉकडाउन के दौरान सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन की ओर से टेलीफोनिक सर्वे किया गया। इस दौरान इंदौर की पौरुष संस्था और राष्ट्रीय पुरुष आयोग समन्वय समिति दिल्ली को भी पुरुष हेल्पलाइन पर कई शिकायतें मिली। इसमें पाया गया कि लॉकडाउन के दिनों में पत्नियों द्वारा अपने पतियों को प्रताड़ित करने के मामलों में 36 फीसदी की बढ़ोतरी हुई क्योंकि कई पुरुष काम छोड़कर घर पर बैठ गए, या फिर ऑफिस बंद होने से वर्क फ्रॉम होम करने लगे। ऐसे में वे पत्नियों के रवैये से डिप्रेशन में रहने लगे।

इन हालातों में दुनिया में अब महिला दिवस की भांति पुरुष दिवस प्रभावी रूप में बनाये जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। अब पुरुष भी अपने शोषण एवं उत्पीड़ित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की तुलना में पुरुषों पर अधिक उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की भी बात की जा रही है। समाज रूपी गाड़ी को सही से चलाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि महिलाएं पुरुषों का विरोधी होने के बजाय सहयोगी बने। कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात चाहता है, तरह-तरह के कानूनों ने उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाया है।

# हिंसा और आंतकवाद मानसिक विकृति और दिवालियापन

मानसिक विकृति के शिकार कुछ बंदूकधारियों द्वारा निरिह लोगों की हत्या कर अपना मकसद साध लेना ही आतंकवाद की श्रेणी में नहीं आता है,बल्कि शक्ति संपन्न राष्ट्रों द्वारा अपनी विस्तार वादी सामंती अवधारणा को पूरा करने के लिए छोटे देशों पर हमला करना भी आतंकवाद ही है द्य इसराइल-हमास, रूस-यूक्रेन युद्ध इसका ताजा उदाहरण है, अमेरिका की दादागिरी, चीन का पागलपन, उत्तर कोरिया की सनक इन सबके विभस्त उदाहरण है जो अपनी व्यवसायिक ,सामरिक और मानसिक सनक को पूरा करने के लिए किसी भी देश को नेस्तनाबूद कर नागरिकों पर कहर ढाकर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैंद्य यह सब अंतर्राष्ट्रीय सामूहिक बलात आतंकवाद ही हैंद्य भारत एक सशक्त और बलशाली देश होने के बावजूद शांति की नीति को अपनाए हुए है और वैश्विक शांति का संदेश भी देने का प्रयास कर रहा है ऐसे देशों को साधुवाद देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाबली राष्ट्रों की विस्तार वादी तथा सामंती गतिविधियों की सार्वजनिक निंदा भी की जानी चाहिए।

आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं।

## कहाँ पर बोलना है

कहाँ पर बोलना है
और कहाँ पर बोल जाते हैं।
जहाँ खामोश रहना है
वहाँ मुँह खोल जाते हैं।

कटा जब शीश सैनिक का
तो हम खामोश रहते हैं।
कटा एक सीन पिक्चर का
तो सारे बोल जाते हैं।

नयी नस्लों के ये बच्चे
जमाने भर की सुनते हैं।
मगर माँ बाप कुछ बोले
तो बच्चे बोल जाते हैं।

बहुत ऊँची दुकानों में
कटाते जेब सब अपनी।
मगर मज़दूर माँगेगा
तो सिक्के बोल जाते हैं।

अगर मखमल करे गलती
तो कोई कुछ नहीं कहता।
फटी चादर की गलती हो
तो सारे बोल जाते हैं।

हवाओं की तबाही को
सभी चुपचाप सहते हैं।
चरागों से हुई गलती
तो सारे बोल जाते हैं।

बनाते फिरते हैं रिश्ते
जमाने भर से अक्सर।
मगर जब घर में हो जरूरत
तो रिश्ते भूल जाते हैं।

कहाँ पर बोलना है
और कहाँ पर बोल जाते हैं।
जहाँ खामोश रहना है
वहाँ मुँह खोल जाते हैं।

# देश और समाज को बर्बाद कर रही है युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति

**रामबाबू अग्रवाल**

नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तंबाकू व धूमपान, चरस, स्मैक, ब्राउन शूगर जैसे घातक मादक दवाओं व पदार्थो का उपयोग किया जा रहा है। इन पदार्थो के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक व आर्थिक हानि पहुंचने के साथ सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। साथ ही स्वयं व परिवार की सामाजिक स्थिति को भी नुकसान पहुंचता है। वह नशे से अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है। नशा अब एक अंतरराष्ट्रीय विकराल समस्या बन गई है। बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग व विशेषकर युवा वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। पहले नशा छुप-छुप कर किया जाता था लेकिन आजकल समाज में यह स्टेटस सिंबल बन गया है जो अत्यंत घातक है इस अभिशाप से समय रहते मुक्ति पाने में ही मानव समाज की भलाई है।

29 वर्ष की औसत आयु के साथ भारत विश्व का सबसे युवा आबादी वाला देश बन गया है। एक ओर जहां विश्व की सबसे युवा आबादी वाला देश होना हमारे लिए गर्व की बात है तो वहीं दूसरी ओर अधिसंख्यक युवा आबादी के एक बड़े तबके का नशे की फितूर में डुब जाना चिंता का विषय है। व्यापक स्तर पर युवाओ में फैलती नशाखोरी भारत की मुख्य समस्याओं में से एक है। जिस तरह पश्चमी देशों का समाज नशा को मार्डनें एवं प्रगतिशीलता की निशानी मानता है,ठीक उसी तरह 21 वीं शताब्दी के सभी समाज में नशापान स्वीकार्यता व्यापक स्तर पर बढ़ी है। वेश्य व स्वर्ण समाज के लोग भी नशाखोरी के आदी बनते जा रहे हैं। यह कड़वी सच्चाई है कि भारत की अधिसंख्यक युवा आबादी नशे की लत का बुरी तरह शिकार हो चुकी है। नशा कई तरह का होता है, जिसमें शराब, सिगरेट, अफीम, गांजा, हेरोइन, कोकीन, चरस मुख्य है। नशा एक ऐसी बुरी आदत है, जो किसी इंसान को पड़ जाए तो उसे दीमक की तरह अंदर से खोखला बना देती है। नशा से पीड़ित व्यक्ति मानसिक,आर्थिक एवं शारीरिक रुप से बर्बाद हो जाता है। शहरों की कहानी ग्रामीण क्षेत्रों से बिल्कुल अलग है। शहरी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी शौक से घ्रूमपान करती है। शहर में नशा से परहेज करने वालों को गंवार एवं अप्रगतिशील तक कहा जाने लगा है। भारत में शराब बिहार सहित कई राज्यों में प्रतिबंधित है। बावजूद इसके भारत में शराब की खपत अप्रत्याशित तरीके से बढ़ी है। हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हैरान कर देने वाली एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है, विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में शराब की खपत 2005 से 2016 तक दोगुनी हो गयी है। भारत में 2005 में प्रति व्यक्ति रोजाना शराब की खपत 2.4 लीटर थी जो अब बढकर 5.7 लीटर प्रति व्यक्ति रोजाना हो गयी है। हर रोज भारत में 4.2 लीटर शराब का उपभोग पुरुषों द्वारा और 1.5 लीटर शराब का उपभोग महिलाओं द्वारा किया जाता है ।

हमारे आदि पुरुष महाराजा अग्रसेन जी ने भी हिंसा का त्याग करने के बाद पूरी प्रजा को केवल शुद्ध सात्विक और शाकाहारी बनने के लिए प्रेरित किया था । उन्होंने सात्विक प्रवृत्ति, अहिंसा और सत्य को सबसे बड़ा धर्म बताया था । हम उनके वंशज हैं, धर्म सेवा कार्यों और मानव सेवा के लिए कुए बावडी और धर्मशालाएं भी बनवाते रहे हैं ।अब जरूरी है कि हम समझ में नशाखोरी के खिलाफ भी प्रेरक बने समाज को अच्छे मार्ग पर ले जाने के लिए और आने वाली पीढ़ी को नशे जैसी बुरी प्रवृत्ति से बचाने के लिए हमको आगे आना ही चाहिए ।

### एकल परिवार से बढ़ी समस्या

संयुक्त परिवार में संस्कार मिलते थे। बच्चों की सही परवरिश होती थी। परिवार के सभी सदस्यों की नजर रहती थी। एकल परिवार से समस्या बढ़ी है। मौजूदा दौर में बच्चे टेलीविजन, कंप्यूटर व मोबाइल में खोकर रह गए हैं। मानसिक दबाव के चलते बच्चों का झुकाव नशे की ओर बढ़ता जा रहा है। बच्चों के अकेलेपन व मानसिक दबाव को कम करने के लिए उन्हें खेल गतिविधियों में शामिल करना होगा।

### हर वर्ग को समझनी होगी अपनी जिम्मेदारी

आजकल अकसर ये देखा जा रहा है कि युवा वर्ग नशीले पदार्थो की गर्त में दिनोंदिन फंसता जा रहा है। वह तरह-तरह के नशे जैसे तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट व शराब के चंगुल में फंसता जा रहा है। इसके कारण उनका करियर चौपट हो रहा है। दुर्भाग्य है कि आजकल नौजवान शराब व धूमपान को फैशन व शौक के चक्कर में अपना लेते हैं। इन सभी मादक पदार्थो के सेवन का प्रचलन किसी भी स्थिति में सभ्य समाज के लिए वर्जनीय होना चाहिए। सामाजिक संस्थाओं को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए हर वर्ग को पहल करनी होगी। तभी युवा पीढ़ी को नशे के गर्त में जाने से बचाया जा सकता है।

### नशे की प्रवृत्ति में वृद्धि से बढ़े अपराध

समाज में पनप रहे विभिन्न प्रकार के अपराधों का एक कारण नशा भी है। नशे की प्रवृत्ति में वृद्धि के साथ अपराधियों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। नशा किसी भी प्रकार का हो उससे शरीर को भारी नुकसान होता है। कोकीन, चरस, अफीम ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनके प्रभाव में व्यक्ति अपराध कर बैठता है। इस बुराई को छिपाने के बजाय उजागर करना होगा। सामाजिक तौर पर सोच बदलनी होगी। घर से जागरूकता की शुरुआत करनी होगी। बच्चे पढ़ाई के नाम पर अभिभावकों से पैसा लेकर मादक पदार्थ खरीद रहे हैं। लोगों को अपनी जिम्मेदारी समझ कर जानकारी देनी होगी, तभी असामाजिक तत्वों पर लगाम संभव है। बच्चे दिन भर क्या कर रहे हैं? रात को घर देरी से क्यों पहुंच रहे हैं? इन सब बातों पर अभिभावकों को नजर रखनी होगी।

### तने पर कार्रवाई से पहले काटनी होंगी जड़ें

मादक पदार्थ इंसान के दिमाग पर बुरा असर डालते हैं। इन सभी मादक द्रव्यों से मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचने के साथ समाज, परिवार व देश को भी गंभीर हानि सहन करनी पड़ रही है। किसी भी देश का विकास उसके नागरिकों के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है। लेकिन नशे की बुराई के कारण यदि मानव स्वास्थ्य खराब होगा तो देश का भी विकास नहीं हो सकता। नशा एक ऐसी बुरी आदत है जो व्यक्ति को तन-मन-धन से खोखला कर देता है। इससे व्यक्ति के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जाती है। इस बुराई को समाप्त करने के लिए शासन के साथ ही समाज के हर तबके को आगे आना होगा। तने पर कार्रवाई करने से पहले जड़ों को काटना होगा। तभी युवा पीढ़ी को बचाया जा सकता है।

### नशा समाज के लिए कैंसर से कम नहीं

नशे के लिए समाज की बीमार मानसिकता, अहंकार व संकुचित सोच जिम्मेदार है। जबकि नशा समाज के लिए कैंसर से कम नहीं है। इससे न केवल नशा करने वाला ही प्रभावित होता है, बल्कि उसका परिवार, आस-पड़ोस व पूरा समाज प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप में प्रभावित होते हैं। नशे की प्रवृत्ति से लड़ने के लिए सामाजिक स्तर पर स्वस्थ सोच का होना अनिवार्य है। आजकल टूटते परिवारों की वजह से संयुक्त परिवारों का सामाजिक ताना-बाना भी बिखरता जा रहा है। माता-पिता के नौकरी पेशा होने की वजह से भी बच्चों की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता है। बच्चे पढ़ाई के अलावा क्या कर रहे हैं उनकी गतिविधियों पर नजर नहीं रखी जाती है।

युवा पीढ़ी को नशीले पदार्थो से बचाने के लिए अभिभावकों को व्यवस्था पर निर्भर रहने के बजाय खुद पहल करनी होगी। नशा कोई भी पहली बार खरीद पर नहीं करता है। नशे की लत का शिकार व्यक्ति खुद व समाज के लिए एक खतरा है। किसी भी तरह के नशे से मुक्ति के लिए सिर्फ एक ही उपाय है वह है संयम। सरकार युवा पीढ़ी को नशे की गर्त में धकेलने वालों से अब सख्ती से निपटने के लिए कई तरह के कानून बना रही है। लोग अगर समय पर ऐसे असामाजिक तत्वों की जानकारी दें तभी पूर्ण रूप से लगाम संभव है। बालाजी सेवा संस्थान पीड़ित मानवता की सेवा में जुटा हुआ है जहां संस्थान के ट्रस्टी और शोभा भाभी कार्यकर्ता समाज में रोगियों और पीड़ितों की मदद करने में जुटे हुए हैं वहीं चाहते हैं कि लोगों में रोग पैदा ना हो इसकी भी व्यवस्था हो इसलिए संस्थान के कार्यकर्ता युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते रहते हैं किसी के साथ जिन लोगों को हमेशा डायलिसिस का सहारा लेना पड़ता है ।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
बुधवार 29 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### कानपुर मंडल में 442 पुरुषों ने कराई नसबंदी

कानपुर। 'पुरुष नसबंदी महिलाओं की अपेक्षा बहुत आसान और कम समय में होने वाली प्रक्रिया है। नसबंदी को लेकर पुरुष किसी भी प्रकार का भ्रम न पालें, क्योंकि इसमें किसी प्रकार की हानि नहीं होती है। यह बात मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी एक पत्र के माध्यम से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मंडल के अपर निदेशक डॉ. जीके माहेश्वरी ने कही। एनएचएम/सिफप्सा के मण्डलीय प्रबंधक राजन प्रसाद ने कहा कि अभी तक सिर्फ महिलाएं ही नसबंदी के लिए आगे आती थी, लेकिन अब पुरुष भी अपनी भागीदारी बढ़ा रहे हैं। इसका उदाहरण कानपुर मंडल है। यहां पिछले साढ़े तीन सालों में करीब 442 पुरुषों ने नसबंदी अपनाई है। यह जानना बहुत जरूरी है कि महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरुष नसबंदी अत्यधिक सरल और सुरक्षित है। इसलिए दो बच्चों के जन्म में पर्याप्त अंतर रखने के लिए और जब तक बच्चा न चाहें तब तक पुरुष अस्थायी साधन को अपना सकते हैं। वहीं परिवार पूरा होने पर परिवार नियोजन के स्थायी साधन नसबंदी को भी अपनाकर अपनी जिम्मेदारी निभा सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से प्रति वर्ष मनाए जाने वाले पुरूष नसबंदी पखवाड़े का पहला चरण पूरा हो चुका है। इसमें 21 से 27 नवम्बर के बीच लोगों को पुरूष नसबंदी के बारे में जागरूक किया गया है।

### धावक ने ट्रेन के सामने कूदकर जान दी

सहारनपुर। सहारनपुर में कर्ज में डूबे एक अंतरराष्ट्रीय धावक ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। घर से दुकान के लिए कहकर निकाला था। लेकिन कर्ज के कारण कई माह से डिप्रेशन में चला रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामला थाना देहात कोतवाली का है। थाना देहात कोतवाली के गांव नजीरपुरा के रामशरण उर्फ राम (40) अंतरराष्ट्रीय धावक थे। दोपहर को रामशरण घर से दुकान के लिए कहकर निकले थे। मोहल्ला कपिल विहार के पास से रेलवे ट्रैक से साइकिल से जा रहे थे। तभी एक ट्रेन आ रही थी। रामशरण ट्रेन के आगे कूद गए। हालाकि कुछ लोगों का कहना है कि रामशरण की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अभी पोस्टमॉर्टम चल रहा है। वही, अंतरराष्ट्रीय धावक की मौत की खबर सुनकर खिलाड़ी, नेता और अधिकारी जिला अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने मलेशिया सहित भारत में कई जगहों पर दौड़ में मेडल जीते हैं। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार की दोपहर ढाई बजे रामशरण का शव जिला अस्पताल पुल के नीचे कपिल विहार के पास रेलवे ट्रैक पर कटा हुआ पड़ा मिला। पता लगने पर रामशरण के बड़ा भाई रामेश्वर, छोटा भाई गुलाब और रविंद्र सहित ग्रामीण जिला अस्पताल पहुंच गए।

### बिजनौर में मारपीट करने वाले 5 गिरफ्तार

**बिजनौर।** बिजनौर के नूरपुर से मथुरा जा रही बस को रास्ते में रोककर सवारियो के साथ मारपीट करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस केस दर्ज कर सभी आरोपियों को जेल भेजने की कवायद में जुट गई है। पूरा मामला बिजनौर के नूरपुर थाना क्षेत्र का है। सोमवार की देर रात लगभग 8ः30 बजे एक बस नूरपुर से मथुरा जा रही थी तभी बस को रास्ते में कुछ युवकों ने रोक लिया और सवारियों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। इस मामले में उदयवीर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। वहीं इस मामले में एसपी ग्रामीण राम अर्ज ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि नूरपुर के कुंडा से एक बारात मुरादाबाद गई थी। यहां बारातियों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जब बारात वहां से वापस आ रही थी तो कुछ लोगों ने अपने साथियों को नूरपुर में फोन कर दिया। नूरपुर में मौजूद युवकों ने बारात की बस समझ कर मथुरा जाने वाली बस को रोक लिया और बस में सवार यात्रियों के साथ धक्का मुक्की और दुर्व्यवहार किया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पांच लोगों को चिह्नित कर गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी मोहम्मद आफताब, जुबेर ,नसीम, मूसा मलिक व शाहिद को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### कौशांबी में हेल्थ अफसरों ने चलाया अभियान

कौशांबी। कौशांबी में मुख्यालय मंझनपुर कस्बे में स्वास्थ्य महकमे में ऑपरेशन अवैध अस्पताल मंगलवार को चलाया गया। जांच के दौरान हेल्थ टीम को 3 निजी अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन व नवीनीकरण के संचालित पाए गए। डिप्टी ष्टरूह्र डॉ. हिन्द मणि की कार्रवाई में निजी अस्पताल में सीएचसी कडा में तैनात डॉक्टर सरकारी सेवा से गायब रहकर प्राइवेट प्रैक्टिस करते पकड़ में आए। हेल्थ टीम की कार्यवाही का मजाक उस समय बन गया जब अफसर निजी अस्पताल में कर्मचारियों को बिना बाहर निकाले गेट में ताला लगाकर सील मोहर लगा कर चलते बने। किसी अज्ञात शख्स ने इसका वीडियो बना कर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है। सीएमओ डॉ. सुस्पेंद्र सिंह ने प्रकरण मे जांच की बात कही है। कौशांबी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मंगलवार को मुख्यालय कस्बे में निजी अस्पताल के रजिस्ट्रेशन एवं नवीनीकरण जांच के लिए टीम गठित कर डिप्टी सीएमओ डॉ. हिन्द प्रकाश मणि, डॉ. कृष्ण देव सिंह की संयुक्त टीम को दफ्तर से रवाना किया। टीम ने सबसे पहले मंझनपुर के अवैध रूप से चल रहे मिड सिटी हास्पिटल पहुंची। निरीक्षण के समय डॉ. वीरेन्द्र मौर्या जो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कड़ा में आयुष चिकित्सक के पद पर संविदा पर कार्यरत है। वह प्राइवेट प्रैक्टिस करते मिले।

### शामली के कपड़ा व्यापारी से ठगी

शामली। शामली जनपद की कलेक्ट्रेट पहुंचे एक कपड़ा व्यापारी ने लखनऊ के किसी व्यक्ति पर माल देने के नाम पर जालसाजी कर हजारों रुपए हड़पने करने का आरोप लगाते हुए डीएम को शिकायती पत्र सौंपा। पीड़ित व्यापारी ने आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। जनपद के कस्बा गढ़ी पुख्ता निवासी फाजिल मंगलवार को डीएम ऑफिस पहुंचा। जहा उसने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया की वह शहर कोतवाली क्षेत्र के शिव चौक पर रेडमेड कपड़े व चिन्नी से निर्मित वस्तु बेचने की दुकान करता है। आरोप है कि लखनऊ के किसी सुजल सिंह नामक जालसाज ने पीड़ित व्यापारी को खुद को रेडीमेड कपड़े का बड़ा व्यापारी बताते हुए अपने ग्रुप में एड कर लिया और उसे कुछ कपड़ो के फोटो भेजे। पीड़ित व्यापारी ने करीब छः किस्तों में पैतालीस हजार पांच सौ रुपए जालसाज के खाते में डाल दिए ।लेकिन आरोपी ने माल तो नहीं भेजा उल्टा जालसाजी कर पुरानी बिल्टी की फोटो एडिट करके भेज दी। वही अब यह लखनऊ का जालसाज पीड़ित व्यापारी के फोन भी नही उठा रहा है। जिसके चलते व्यापारी खुद को ठगा महसूस कर रहा है। पीड़ित व्यापारी ने जिला अधिकारी के आरोपी युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### मैनपुरी में मजार-कब्रिस्तान पर चला बुलडोजर

मैनपुरी। मैनपुरी में मजार और कब्रिस्तान पर प्रशासन का बुलडोजर चला है। प्रशासन ने कोर्ट के आदेश पर बुलडोजर चलाकर जमीन को कब्जा मुक्त कराया है। प्रशासन की कार्रवाई से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन कर ग्राम प्रधान पर भी आरोप लगाए हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पूर्वजों की जमाने की मजार और कब्रिस्तान को अवैध बताकर तोड़ा गया है, जबकि इससे पूर्व के कई प्रधानों ने हमारे पूर्वजों को जमीन दान में दी थी। फिलहाल प्रशासन ने मजार और कब्रिस्तान पर बुलडोजर चलाकर जमीन को कब्जा मुक्त कर दिया है, जिससे अल्पसंख्यक समाज के लोगों में नाराजगी है। मामला सदर कोतवाली के तहसील भोगांव क्षेत्र के गांव गणेशपुर से जुड़ा है। जहां प्रशासन और पुलिस बल के साथ सड़क किनारे बनी मजार और उसके पास बने कब्रिस्तान को हटाने पहुंची स्ष्ठरूभोगांव संध्या शर्मा और सीओ संतोष कुमार का गांव के लोगों ने विरोध किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण निसार मंसूरी ने बताया पुराने प्रधानों ने हमारे पूर्वजों को लगभग तीन बीघा जमीन दान में दी थी, जिसमें पूर्वजों ने एक मजार और कब्रिस्तान बनाया लिया था। यह कई सालों पुरानी है।

# गड्ढामुक्ति अभियान चलाकर प्रदेश में करीब 77 हजार सड़कों को किया गया दुरुस्त

## योगी सरकार ने 83 हजार से अधिक रोड्स को गड्ढामुक्त एवं नवीनीकरण/रेस्टोरेशन का रखा था लक्ष्य



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की रोड्स को गड्ढामुक्त करने के लिए योगी सरकार ने सतत अभियान चलाकर 2023-24 में अब तक 77 हजार से ज्यादा रोड्स को गड्ढामुक्त कर दिया है। अभियान के तहत गड्ढामुक्ति अभियान के साथ ही रोड्स का नवीनीकरण/रेस्टोरेशन भी किया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश एवं अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त रोड्स को गड्ढामुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये थे। साथ ही उनकी ओर से आला अधिकारियों को जरूरत के अनुसार सड़कों का नवीनीकरण/रेस्टोरेशन का भी आदेश दिया गया था। इसके लिए 10 विभागों को आपसी समन्वय से गड्ढामुक्ति अभियान चलाने को कहा गया था। इसी क्रम में विभिन्न विभागों ने मिलकर इस कार्य को अंजाम दिया है।

प्रदेश सरकार ने 2023-24 के लिए 83,283 हजार रोड्स को गड्ढामुक्त एवं नवीनीकरण/रेस्टोरेशन किए जाने का लक्ष्य रखा है। इसमें 49,557 रोड्स को गड्ढामुक्त और 33,727 रोड्स का नवीनीकरण/रेस्टोरेशन शामिल है। ऐसे में 83,283 रोड्स के लक्ष्य के सापेक्ष सरकार ने 17 नवंबर तक कुल 77,489 रोड्स को दुरुस्त कर लिया है। इसमें 48,979 हजार रोड्स को गड्ढामुक्त करने में सफलता पाई गई जबकि 28,510 रोड्स का नवीनीकरण/रेस्टोरेशन किया गया। इस तरह से गड्ढामुक्ति के कार्यों की प्रगति 98.8 प्रतिशत तो नवीनीकरण/रेस्टोरेशन से संबंधित कार्यों की प्रगति 84.5 प्रतिशत रही है।

### सभी विभागों ने निभाई अहम भूमिका

विभागीय स्तर पर की गई कार्यवाही को देखें तो लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सर्वाधिक करीब 69,983 हजार रोड्स को दुरुस्त किया है। इनमें केवल गड्ढामुक्ति द्वारा करीब 44,045 हजार (लक्ष्य का करीब 99.2 प्रतिशत) तो नवीनीकरण/रेस्टोरेशन द्वारा करीब 25,983 हजार (लक्ष्य का 90.9 प्रतिशत) रोड्स का कायाकल्प किया गया। इसी तरह राष्ट्रीय मार्ग के तहत कुल 1,001 रोड्स को दुरुस्त किया गया है। इसमें 827 रोड्स (लक्ष्य के 92.4 प्रतिशत) को गड्ढामुक्त तो 185 रोड्स (लक्ष्य के 97.4 प्रतिशत) का कायाकल्प करने में सफलता प्राप्त की है। मंडी परिषद ने कुल 719 (630 गड्ढामुक्त और 89 नवीनीकरण/रेस्टोरेशन द्वारा) रोड्स को दुरुस्त किया है। इसी तरह पंचायती राज विभाग ने 774 (388 गड्ढामुक्त और 386 नवीनीकरण/रेस्टोरेशन द्वारा), सिंचाई विभाग ने 448 (288 गड्ढामुक्त और 160 नवीनीकरण/रेस्टोरेशन द्वारा), ग्राम्य विकास ने 336 (सभी 336 गड्ढामुक्त द्वारा), नगर विकास ने 3,729 (2,322 गड्ढामुक्त और 1407 नवीनीकरण/रेस्टोरेशन द्वारा), आवास एवं शहरी नियोजन ने 43 (15 गड्ढामुक्त और 28 नवीनीकरण/रेस्टोरेशन द्वारा) और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास ने 455 (137 गड्ढामुक्त और 318 नवीनीकरण/रेस्टोरेशन द्वारा) रोड्स का कायाकल्प किया है।

# उत्तर प्रदेश में भव्य स्तर पर होगा 'संस्कृति उत्सव 2023' का आयोजन




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध बनाने और लोककला को देश समेत दुनिया भर में प्रसिद्धि दिलाने की दिशा में प्रयासरत उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने संस्कृति उत्सव 2023 के भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार कर ली है।

उत्तर प्रदेश पर्व: हमारी संस्कृति-हमारी पहचान' थीमलाइन से आयोजित किए जा रहे इस उत्सव से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन 25 दिसंबर से 26 जनवरी तक होगा। इस दौरान, गांव, ब्लॉक, तहसील, जिला, मंडल समेत राज्य स्तर पर लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित मंच मिलेगा। इस उत्सव का आयोजन प्रदेश भर में कराया जाएगा जिसमें कई प्रतियोगिताएं शामिल होंगी।

मुख्य रूप से शास्त्रीय, उप शास्त्रीय, लोक नाट्य व लोक संगीत जैसी सांस्कृतिक विधाओं को प्रश्रय प्रदान करने की भावना से इन कार्यक्रमों का आयोजन प्रदेश भर में किया जाएगा। इस आयोजन में ग्रामीण अंचलों में प्रचलित लोक संगीत को भी काफी प्रमुखता दी जाएगी तथा सभी स्तरों पर होने वाली प्रतियोगिताओं में विजेता कलाकारों को सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा।

इस कड़ी में, 25 से 30 दिसंबर के बीच तहसील मुख्यालय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें गांवों, पंचायत, ब्लॉक व तहसील स्तर के कलाकार भाग लेंगे। इसके बाद, एक से पांच जनवरी के बीच जिला मुख्यालयों पर होने वाली प्रतियोगिता में तहसील स्तर के चयनित कलाकार भाग लेंगे। मंडलीय मुख्यालय स्तर पर 10 से 15 जनवरी के बीच प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसमें जिला स्तर पर चयनित कलाकार प्रतिभाग करेंगे।

### बुलंदशहर में बैंक में लूट

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के जिताका गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक की मिनी शाखा में हथियारों के बल पर नकाबपोश पांच बदमाशों ने दो लाख 51 हजार रुपये की डकैती को अंजाम दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि गांव जिताका में पंजाब नेशनल बैंक की मिनी शाखा है। इस शाखा को बैंक मित्र सुनील कुमार व उनका भांजा अतुल संचालित करते हैं। शाखा पर बैंक उपभोक्ताओं के लिए रुपये जमा करने व निकासी की व्यवस्था है। मंगलवार को शाखा के बाहर अतुल कुमार झाड़ू लगा रहा था। इस बीच गांव पबरसा की ओर से दो बाइक पर सवार होकर पांच युवक आए। युवकों में कुछ ने हेलमेट व बाकी ने मुंह को कपड़े से ढक रखा था। नकाबपोश युवकों ने अतुल से बैंक की मिनी शाखा में रुपये जमा करने की बात कही। इसके बाद पांचों युवक शाखा के अंदर घुस गए। इस दौरान युवकों ने एक बैग में रखे दो लाख 51 हजार रुपये लूट लिए। इसका अतुल ने विरोध किया, तो युवकों ने तमंचा निकालकर अतुल की कनपटी पर लगा दिया। बदमाशों ने अतुल को शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद बदमाश दो लाख 51 हजार रुपये लूटकर बाइकों पर सवार होकर गांव पबरसा की ओर ही फरार हो गए। बदमाशों के फरार होने के बाद अतुल ने शोर मचाया और अपने मामा व पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर एसपी सिटी सुरेन्द्रनाथ तिवारी व कोतवाली प्रभारी नीरज मलिक पहुंचे और बदमाशों की धरपकड़ के लिए कॉम्बिंग ऑपरेशन शुरू कर दिया। एससपी श्लोक कुमार ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए छह टीम गठित की गई है। दो बाइक पर पांच नकाबपोश बदमाश आए थे और रूपया लूट कर ले गए।

# यूपी में कोहरे से दो हादसे, 2 की मौत, 40 घायल

## वाराणसी टू मुंबई फ्लाइट में देरी पर यात्रियों का हंगामा; अलीगढ़ में 8वीं तक स्कूल बंद

कानपुर। यूपी में ठंड बढ़ने के साथ ही कोहरे का कहर भी शुरू हो गया है। कोहरे के चलते उन्नाव में मौरंग से लदा डंपर पेड़ से टकराकर खाई में पलट गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं अमेठी में यात्रियों से भरी प्राइवेट बस पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई। इसमें 40 यात्री घायल हो गए।



उधर, धुंध और लो विजिबिलिटी के चलते वाराणसी टू मुंबई फ्लाइट लेट हो गई। जिसके बाद यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। विमान करीब 4 घंटे देरी से उड़ा। वहीं, अलीगढ़ में सोमवार पूरी रात रुक-रुक कर बारिश होती रही। खराब मौसम को देखते हुए अलीगढ़ में मंगलवार को 8वीं तक के स्कूल बंद रखने का आदेश दिया गया है। आगरा, झांसी में भी सोमवार को बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, कानपुर मंडल के 6 जिले कानपुर देहात, औरैया, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज और कानपुर नगर में आज बारिश की संभावना है। सोमवार को सीजन का पहला घना कोहरा छाया। अयोध्या और कानपुर प्रदेश में सबसे ठंडे शहर रहे। दोनों ही शहरों में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय के मुताबिक, प्रदेश में अभी 2 दिनों तक बादल छाए रह सकते हैं। इसके चलते घना कोहरा देखने को मिल सकता है। मौसम खुलने के बाद ठंड में तेजी से इजाफा होगा। ठंडी तेज हवाएं तापमान में गिरावट दर्ज कराएंगी। वाराणसी में 30 नवंबर को हल्की बारिश के आसार बन रहे हैं। बादलों की आवाजाही से तापमान में 1 से 3 डिग्री का उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है।

### हवा का दबाव करवा रहा बारिश

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। दक्षिण-पश्चिम अरब सागर से मध्य अरब सागर तक गुजरात क्षेत्र तक एक ट्रफ रेखा बनी हुई है। इसके चलते यूपी में भी बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। जिलों में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने से हल्की बारिश की स्थितियां बन सकती है।

### अयोध्या और कानपुर रहे सबसे ठंडे

यूपी में बीते 24 घंटे की बात करें तो अयोध्या और कानपुर में सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया, जो 12 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं मुजफ्फरनगर का अधिकतम तापमान सबसे कम 21.2 डिग्री रहा। इसके बाद गाजियाबाद का सबसे कम 21.7 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं आगरा, झांसी में हल्की बारिश भी सोमवार को हुई।

# सहेली की शादी से लौट रही युवती से रेप

## कार में लिफ्ट देकर गन प्वाइंट पर बंधक बनाया, न्यूड भागकर दूसरे गांव पहुंची

अमरोहा। अमरोहा में कार में लिफ्ट देकर गन प्वाइंट पर एक युवती से रेप का मामला सामने आया है। युवती आरोपी के चंगुल से छूटी और बिना कपड़ों के भागते हुए दूसरे गांव में पहुंची। यहां खेतों के बीच बने एक घर में लोगों ने उसकी हालत देखी और उसे कपड़े पहनाकर पूरा मामला पूछा।

इसके बाद ग्रामीणों ने युवती के घरवालों को खबर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता से पूछताछ के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। वारदात मंडी धनौरा थाना इलाके की है।

बताया जा रहा है कि रविवार की शाम एक युवती (20) अपनी सहेली की शादी में शामिल होने नौगांवा



सादात थाना इलाके के एक गांव गई थी। रात करीब 10 बजे वहां से लौट रही थी।

तभी रास्ते में पड़ोसी गांव शहबाजपुर के कृष्णा उर्फ छोटे ने कार रोकी और उसको लिफ्ट देकर गांव तक छोड़ने की बात कही। कार में कृष्णा का उसका दोस्त भी बैठा था। यह देखकर युवती को उन पर भरोसा हो गया और वो कार में बैठ गई।

### कार से उतरते ही गन प्वाइंट पर बनाया बंधक

पीड़िता ने पुलिस को बताया, कृष्णा कार ने कार में बैठाया और थोड़ी दूर जाने के बाद उसका गांव शहबाजपुर आ गया। वहां वह उतर गया और मुझे भी कार से उतार कर पैदल साथ चलने को कहा। मैं जैसे ही उतरी, तो कार लेकर उसका दोस्त चला गया। इसके बाद कृष्णा ने मुझे पकड़ लिया और तमंचे के बल पर मुझे खींचकर एक खंडहरनुमा मकान में ले गया। जहां उसने धमकाते हुए मेरे साथ दरिंदगी की।

### स्कूल के लिए निकलीं दो किशोरी लापता, पुलिस जांच में जुटी

मेरठ । (पीएमए) स्कूल के लिए निकलीं दो किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। परिजनों ने आसपास के क्षेत्र में तलाश की, लेकिन सुराग नहीं मिला। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक कॉलोनी की दो किशोरी स्कूल के लिए निकली थीं। लेकिन दोनों स्कूल नहीं पहुंचीं। स्कूल से जब घर फोन पहुंचा तो परिजनों को घटना की जानकारी लगी। इसके बाद परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने आसपास के क्षेत्र, स्कूल और ट्यूशन में दोनों की तलाश की, लेकिन किशोरियों की जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी है।

# मंदिर परिसर में स्थापना के लिए तैयार हो रही जटायु की मूर्ति

अयोध्या। (पीएमए) अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर स्थल पर तैनात मूर्तिकार अब रामायण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दिव्य पक्षी जटायु की मूर्ति को अंतिम रूप दे रहे हैं।

जटायु की मूर्ति कुबेर टीला पर पौराणिक गिद्ध के मंदिर में स्थापित की जाएगी और उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को प्रतिष्ठा समारोह की अध्यक्षता करने से पहले यहां श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मंदिर ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने कहा, जटायु को सम्मान देना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उन राम भक्तों की याद का भी प्रतीक होगा जिन्होंने राम मंदिर को उसी स्थान पर बहाल करने के लिए संघर्ष के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया था। विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय प्रवक्ता शरद शर्मा ने कहा, %%प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रित करने वाले ट्रस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने महाकाव्य में जटायु की भूमिका के महत्व पर चर्चा की है। जटायु का मंदिर और उनकी मूर्ति अंतिम चरण में है और जनवरी में समारोह होने से पहले तैयार हो जाएगी। उम्मीद है कि मोदी दिव्य पक्षी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस बीच, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने कहा कि भूतल के ऊपर स्लैब स्थापित किया जा रहा है, जबकि जटिल नक्काशी के साथ भूतल को तैयार करने का काम भी जारी है।

# पुलिस, एसओजी और सर्विलांस-टीम ने 6 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

## 80 लाख की हीरोइन व 60 हजार रुपये नकदी बरामद

एजेंसी

**सोनभद्र।** सोनभद्र के पिपरी थाना क्षेत्र में रेलवे कॉलोनी ग्राउंड से पुलिस ने एसओजी और सर्विलांस टीम के सहयोग से मंगलवार सुबह 800 ग्राम हेरोइन के साथ छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। एएसपी त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने पुलिस लाइन में खुलासा करते हुए बताया कि इनमें से एक अभियुक्त लखनऊ से हेरोइन लाकर सोनभद्र के पिपरी क्षेत्र में इसकी बिक्री करवाता था। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से हेरोइन की बिक्री का 60000 रुपये नकद भी बरामद किया है।

पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इन सभी पर पिपरी थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की है। लखनऊ से सोनभद्र लाकर हेरोइन बेचते थे। गैंग के सदस्य हेरोइन बिक्री के नेटवर्क में तीन महिलाएं भी शामिल थी।

एडिशनल एसपी त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया पिपरी थाना क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी ग्राउंड से इन अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। इस गैंग का मुख्य सरगना मोहम्मद शोएब है। यह लखनऊ से हेरोइन लाकर रॉबर्ट्सगंज निवासी इश्तियाक अंसारी और रामबाबू को देता था। दोनों हेरोइन की इस खेत को पूरे जिले में बिक्री के लिए भेज देते थे। पुलिस में इन तीनों अभियुक्तों के अलावा तीन अन्य महिलाएं भी शामिल हैं। तीनों महिलाएं पिपरी क्षेत्र में हेरोइन की पुड़िया बनाकर बिक्री करती थीं।

एडिशनल एसपी ने बताया कि बरामद हीरोइन की कीमत 80 लाख रुपए है। मंगलवार सुबह पुलिस ने छह लोगों को 800 ग्राम हेरोइन बरामद किया। हीरोइन की बिक्री का 60 हजार रुपया भी बरामद कर लिया। गैंग के सदस्यों के पास से दो मोबाइल सेट और दो बाइक भी बरामद किया गया है।

### सत्ता दल सदन में विपक्ष का सामना नहीं करना चाहता : अखिलेश यादव

लखनऊ । (पी एम ए) समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव विधानसभा में मंगलवार से शुरू होने वाली सदन की कार्यवाही में शामिल होने पहुंचे। अखिलेश ने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार विपक्ष का सामना करना नहीं चाहती। सदन में तमाम समस्याओं पर चर्चा होना जरूरी है। सरकार विपक्ष के सवालों से बच रही है। सपा अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि किसानों, बेरोजगारों की सुनवाई नहीं हो रही है। यूपी में इंवेस्टमेंट कहीं नहीं दिख रहा है। आवारा जानवरों से किसानों की मौत हो रही है। सामाजिक न्याय के लिए आरक्षण जरूरी है। जाति जनगणना की मांग कई दल करते हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी नहीं चाहती कि जनता के मुद्दे सदन में उठाए जाएं। इसलिए नई नियमावली लाकर सदन में विरोध-प्रदर्शन रोक दिया गया है।

# सपा विधायक के खिलाफ सड़कों पर उतरा आईएमए, डाक्टरों ने डीएम आफिस तक किया मार्च

मेरठ । (पीएमए) न्यूटिमा मामले में सपा विधायक अतुल प्रधान के खिलाफ आईएमए सड़कों पर उतर आया है। डाक्टरों ने लामबंद होकर डीएम आफिस तक मार्च किया। आज मंगलवार को सपा विधायक अतुल प्रधान के खिलाफ डाक्टरों ने नारेबाजी करते हुए यात्रा निकाली। चिकित्सकों को कहना है कि सपा विधायक उनके साथ दुर्व्यवहार करते आ रहे हैं।

न्यूटिमा मामले में सपा विधायक अतुल प्रधान के खिलाफ आईएमए के चिकित्सकों ने आज विरोध यात्रा निकाली। सोमवार शाम साढ़े पांच बजे हॉल में बैठक कर निर्णय लिया कि मंगलवार को सुबह 10 बजे से अराजकता और मानसिक उत्पीड़न के खिलाफ एक विरोध यात्रा निकाली जाएगी।

इसे लेकर आज सुबह चिकित्सक आईएमए हॉल पर एकत्र हुए और यहां से ईव्ज चौराहा, आंबेडकर चौक और कमिश्नर ऑफिस होते हुए कलक्ट्रेट तक यात्रा निकाली। कलक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन दिया। इसके बाद वेस्टर्न कचहरी रोड, त्यागी हॉस्टल और



बच्चा पार्क होते आईएमए हॉल पर यात्रा समाप्त हुई।

इससे पहले न्यूटिमा मामले में आईएमए के चिकित्सकों ने भाजपा प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक की। जिसमें कहा कि सपा विधायक अतुल प्रधान सालों से दुर्व्यवहार करते आ रहे हैं। उनके खिलाफ पहले इसी तरह के मामले दर्ज हुए हैं। इस अराजकता भरे माहौल में चिकित्सक काम नहीं कर सकते। भाजपाइयों की तरफ से उन्हें मदद करने का आश्वासन दिया गया है।

भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में हुई बैठक में चिकित्सकों ने बताया कि मरीज को पूरा बिल दिए बिना ले जाया गया। विधायक अतुल प्रधान और उनके समर्थकों ने अस्पताल में हंगामा किया। उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भी भाजपा प्रतिनिधि मंडल को दिया। सपा विधायक अतुल प्रधान का कहना है कि गांव और शहर की जनता बड़ी तादाद में चार दिसंबर को कलक्ट्रेट में आमरण अनशन के लिए एकजुट होगी। उन्होंने कहा कि इलाज के नाम पर जनता की जेब खाली करने वाले जो लोग हैं, उनका समर्थन कर सत्ताधारी पार्टी ने चरित्र दिखा दिया है। वे जनता के साथ नहीं हैं।

भाजपा को जनता के उत्पीड़न और उनकी परेशानी से कोई मतलब नहीं है। मेरी लड़ाई जनता के लिए है और यह लड़ाई जारी रहेगी। सीसीएसयू के छात्र नेताओं ने भी विश्वविद्यालय के सामने बैठक कर अतुल प्रधान का समर्थन करने का एलान किया।

## शार्ट न्यूज

### एनएचपीसी पीआरएसआई नेशनल अवार्ड्स 2023 के दौरान वार्षिक रिपोर्ट श्रेणी के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित




एनएचपीसी ने पीआरएसआई नेशनल अवार्ड्स 2023 की वार्षिक रिपोर्ट श्रेणी के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार जीती है । यह पुरस्कार पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा दिनांक 25 से 27 नवंबर, 2023 तक नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जनसंपर्क महोत्सव के दौरान प्रदान किया गया । यह पुरस्कार एनएचपीसी की वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 की समग्र उच्च गुणवत्ता, लेआउट और डिज़ाइन को मान्यता देता है ।

### इमोटोराड को मिला 164 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रिक साइकिल बनाने वाली पुणे की कंपनी इमोटोराड ने बुधवार को कहा कि उसे पंथेरा ग्रोथ पार्टनर्स और अन्य प्रतिभागियों से 164 करोड़ रुपये का वित्तीय निवेश मिला है। कंपनी की एक विज्ञप्ति में बुधवार को यह जानकारी दी गयी। इमोटोराड कोविड19 महामारी के दौरान चार साथियों द्वारा गठित यह कंपनी इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र की एक स्टार्टअप है और आज देश विदेश में ईसाइकिल का 400 करोड़ रुपये का करोबार कर रही है। कंपन चीन के विनिर्माताओं को टक्कर दे रही है। कंपन के बयान में इसके सह-संस्थापक और सीएफओ सुमेध बट्टेवार के हवाले से कहा गया, पंथेरा ग्रोथ पार्टनर्स और अन्य प्रतिभागियों से प्राप्त यह पूंजी केवल निवेश नहीं , बल्कि स्वस्थ भविष्य के प्रति हमारे अथक प्रयास की स्वीकृति भी है। इमोटोराड की स्थापना एक दूसरे के साथी राजीव गंगोपाध्याय, कुणाल गुप्ता, सुमेध बट्टेवार और आदित्य ओझा ने कोरोना महामारी के बीच की थी। उन्होंने कहा कि इसे व्यक्तिगत और पर्यावरण से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी आसन्न संकट को टालने के लिए साझा मिशन के रूप में किया गया था। कंपनी का कहना है कि इसके पीछे उनका लक्ष्य लोगों को स्वस्थ परिवहन सुविधा मुहैया करवाकर व्यक्तिगत जीवनशैली में बदलाव लाना है।

### भारत से काजू का निर्यात अब बांग्लादेश में भी

नयी दिल्ली। भारत से काजू का निर्यात पड़ोसी बंगलादेश को भी शुरू हो गया है। यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी। वाणिज्य मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा है कि 23 नवंबर को राष्ट्रीय काजू दिवस पर बंगलादेश के साथ कतर, मलेशिया और अमेरिका के लिए अपने काजू की खेप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विज्ञप्ति के अनुसार बंगलादेश को ओडिशा से काजू की पहली खेप प्राप्त हो रही है। काजू का निर्यात वाणिज्य मंत्रालय की एजेंसी कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद विकास प्राधिकरण (एपीडा) के माध्यम से प्रदान की गयी निर्यात सुविधाओं के तहत किया गया। मंत्रालय ने कहा है कि इस काम में एपीडा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बांग्लादेश को पहली बार भारत से काजू भेजा गया है। आयवरी कॉस्ट के बाद भारत काजू का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। काजू के निर्यात बाजार में भारत की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत से अधिक है। इसके बाद निर्यात में वियतनाम का स्थान है। विदेशी बाजारों में भारतीय काजू सबसे ज्यादा संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, जापान और सऊदी अरब में बिकता है।

### भारतपे के सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर ने सोशल मीडिया पोस्ट के लिए माफी मांगी

नई दिल्ली। (पीएमए) भारतपे के सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर ने भारतपे के बारे में अपने सोशल मीडिया पोस्ट के लिए माफी मांगी है। आज अशनीर ग्रोवर ने दिल्ली हाई कोर्ट के समक्ष इसे लेकर अपना माफीनामा दिया। हालांकि, हाई कोर्ट ने अशनीर पर ये कहते हुए दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया कि उन्होंने कोर्ट के पूर्व के आदेशों का उल्लंघन किया है और उनका व्यवहार संतोषजनक नहीं है। दरअसल, मई में हाई कोर्ट ने अशनीर ग्रोवर और भारतपे को आदेश दिया था कि वे एक-दूसरे के बारे में कोई असंसदीय या मानहानि वाली भाषा का इस्तेमाल नहीं करेंगे। बाद में भारतपे ने दिल्ली हाई कोर्ट में नई अर्जी दाखिल कर बताया कि अशनीर ग्रोवर ने कंपनी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। भारतपे ने कहा था कि अशनीर ग्रोवर आदतन अपराधी हैं और वो कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं करते रहे हैं। सुनवाई के दौरान अशनीर ग्रोवर की ओर से पेश वकील गिरिराज सुब्रमण्यम ने कहा कि ग्रोवर कोर्ट से माफी मांग रहे हैं और इसके लिए उन्होंने एक हलफनामा दाखिल किया है कि वे आगे कोर्ट के आदेशों की कोई अवहेलना नहीं करेंगे। गिरिराज ने कहा कि अशनीर ग्रोवर ने अपने ट्वीट भी हटा लिए हैं।

### अमेरिकी चिप निर्माता एएमडी ने बेंगलुरु में अपना सबसे बड़ा डिजाइन केंद्र खोला

नई दिल्ली। अमेरिकी चिप निर्माता एएमडी ने भारत में अपने अनुसंधान, विकास और इंजीनियरिंग संचालन का विस्तार करते हुए बेंगलुरु में सबसे बड़े वैश्विक डिजाइन केंद्र का उद्घाटन किया। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अत्याधुनिक परिसर में लगभग 3000 एएमडी इंजीनियरों की मेजबानी की जाएगी। इस केंद्र पर 3डी स्टैकिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग सहित समीकंडक्टर प्रौद्योगिकी के डिजाइन और विकास किया जाएगा। एएमडी के अनुसार, इसका टेक्नोस्टार परिसर अगले पांच वर्षों में भारत में कंपनी के 400 मिलियन अमरीकी डालर के निवेश के हिस्से के रूप में स्थापित किया गया है, जिसकी घोषणा उसने जुलाई में सेमीकॉन इंडिया 2023 में की थी। केंद्रीय दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सुविधा का उद्घाटन किया। विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा गया है, भारत का सेमीकंडक्टर कार्यक्रम सेमीकंडक्टर के डिजाइन और प्रतिभा से जुड़ी पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करने पर जोर देता है। उन्होंने कहा, %एएमडी की ओर से बेंगलुरु में अपना सबसे बड़ा डिजाइन सेंटर स्थापित करना वैश्विक कंपनियों के भारत में भरोसे का प्रमाण है।

### टैक्स कटौती से हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए नई सरकार ने स्मोकिंग बैन हटाया

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड की नवनिर्वाचित सरकार ने लोगों की जान बचाने और युवाओं को धूम्रपान करने से रोकने के उद्देश्य से लगाए गए धूम्रपान प्रतिबंध को वापस ले लिया है। इस कदम ने सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों और तंबाकू विरोधी समूहों के बीच नाराजगी पैदा कर दी है, जो कर कटौती के वित्तपोषण के लिए प्रतिबंध हटाने के फैसले से निराश हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एक साल पहले लागू किए गए धूम्रपान विरोधी कानून ने 1 जनवरी, 2009 को या उसके बाद पैदा हुए व्यक्तियों को तंबाकू की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था, इस कानून को जुलाई 2024 के लिए लागू किया गया था। इंसके उल्लंघन पर 150,000 एनजेडडी (एनजेडडी 96,000) तक के जुर्माना सहित गंभीर दंड का प्रावधान था। कंजर्वेटिव नेशनल पार्टी के प्रधानमंत्री क्रिस लक्सन अब लोकलुभावन न्यूजीलैंड फर्स्ट पार्टी और लिबर्टेरियन एसीटी न्यूजीलैंड पार्टी के साथ गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने सिगरेट बैन की नीति के कुछ पहलुओं के साथ असहमति जताते हुए कहा कि इससे सिगरेट की कालाबाजारी की वृद्धि की आशंका है। उन्होंने इन आशंकाओं पर चिंता चिंता व्यक्त करते हुए स्मोकिंग पर बैन हटाने के अपनी सरकार के फैसले को उचित ठहराया। हालांकि, लक्सन ने जोर देकर कहा कि उनका प्रशासन तंबाकू के उपयोग को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सुबनसिरी निचली परियोजना का दौरा कर आर. के. सिंह ने काम समय से पूरा करने का दिया निर्देश

नयी दिल्ली। केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर. के. सिंह ने अरुणाचल प्रदेश एवं असम में स्थित 2000 मेगावाट क्षमता वाली सुबनसिरी निचली पनबिजली परियोजना के निर्माण कार्य को समय से पूरा करने के लिए अधिकारियों को पूरे उत्साह से काम करने का निर्देश दिया है।

बिजली मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने मंगलवार को दिन भर के दौरे में सुबनसिरी परियोजना निर्माण स्?थल अर्थात्बांध और असम के गेरूकामुख में डायवर्जन सुरंग का निरीक्षण किया। सिंह ने वहां अधिकारियों के साथ परियोजना कार्य पर एक समीक्षा बैठक की जिसमें उन्हें परियोजना की चुनौतियों का समाधान करने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों के बारे में जानकारी दी गई।

विज्ञप्ति के अनुसार एनएचपीसी के अधिकारियों और प्रमुख कार्यों के ठेकेदारों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने सभी को परियोजना को निर्धारित समय पर पूरा करने के लिए अधिक उत्साह के साथ काम करने का निर्देश दिया।

परियोजना की समीक्षा पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने वहां मीडिया प्रतिनिधियों से कहा , मैंने सभी विवरणों पर गौर किया और मेरा मानना है कि कुल मिलाकर, परियोजना उसी तरह आगे बढ़ रही है जैसी उसे होनी चाहिए।

सुबनसिरी निचली पनबिजली परियोजना के दौरे में केन्?द्रीय मंत्री के साथ केंद्रीय ऊर्जा सचिव श्री पंकज अग्रवाल, एनएचपीसी के सीएमडी आर.के. विश्नोई, ऊर्जा मंत्रालय में संयुक्त सचिव (हाइड्रो) मोहम्मद अफ़ज़ल, एनएचपीसी के निदेशक (परियोजनाएं) श्री विश्वजीत बसु, एनएचपीसी के निदेशक (तकनीकी) श्री आर के चौधरी, और सुबनसिरी निचली प्रोजेक्ट के एचओपी राजेंद्र प्रसाद में भी थे।



उन्होंने कहा, अरुणाचल में पनबिजली की 13 नयी परियोजनाओं की स्थापना होनी है जिनकी स्थापित क्षमता 13,000 मेगावाट होने वाली है, जिससे प्रति व्यक्ति आय चार गुना हो जाएगी।

सिंह ने कहा कि सुबनसिरी के अलावा अरुणाचल प्रदेश सरकार ने 13 परियोजनाओं के लिए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनकी पनबिजली क्षमता 13,000 मेगावाट होगी। उन्होंने कहा, इन परियोजनाओं से राज्य में लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा, जिससे राज्य में प्रति व्यक्ति आय चार गुना हो जाएगी और देश को स्वच्छ ऊर्जा मिलेगी।

सिंह ने बताया कि इसी प्रकार, जम्मू और कश्मीर में पांच पनबिजली परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, इस तरह जम्मू-कश्मीर में भी हमारी पनबिजली क्षमता आगे बढ़ रही है और बहुत सारा निवेश आ रहा है। उन्होंने कहा कि आज हमारी पनबिजली क्षमता 47,000 मेगावाट है, जो हमारी उपलब्ध पनबिजली संभावनाओं का 35 प्रतिशत है, जबकि विकसित देशों ने अपनी उपलब्ध पनबिजली क्षमता का लगभग 70-80 प्रतिशत उपयोग किया है।

उन्होंने कहा कि बिजली की हमारी मांग पिछले वर्ष की तुलना में अगस्त, सितंबर और अक्टूबर 2023 में 20 प्रतिशत बढ़ी। बिजली की मांग इसी दर से बढ़ती रहेगी, क्योंकि नीति आयोग के अनुसार, हमारी अर्थव्यवस्था अगले दो दशकों तक 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ती रहेगी।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में बिजली की अधिकतम मांग लगभग 1.35 लाख मेगावाट थी, जबकि आज यह लगभग 2.31 लाख मेगावाट है। वर्ष 2030 तक मांग दोगुनी हो जाएगी। आज हमारी कुल खपत 1,600 अरब यूनिट है, जो इस दशक के अंत तक करीब 3,000 अरब यूनिट हो जायेगी। उन्होंने कहा कि यूरोप की प्रति व्यक्ति बिजली खपत आज हमसे लगभग तीन गुना अधिक है। इसलिए हमारी चुनौती बिजली मांग में बढ़ोतरी के बराबर तेजी से बिजली क्षमता बढ़ाने की है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले साढ़े नौ वर्षों में 1.9 लाख मेगावाट की बिजली क्षमता बढ़ाई है। अब हमारे पास पर्याप्त बिजली है और हम बांग्लादेश तथा नेपाल जैसे पड़ोसी देशों को भी बिजली निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा, नवीकरणीय ऊर्जा में हमारी निर्माणाधीन क्षमता लगभग 70,000 मेगावाट है, जबकि तापीय ऊर्जा में यह 27,000 मेगावाट है। हालांकि, हम निर्माणाधीन तापीय क्षमता में 53,000 मेगावाट और जोड़ने जा रहे हैं ताकि हम 2030 की बिजली मांग को पूरा करने में सक्षम हो सकें।

उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर जो भी राज्य हमसे बिजली मांगता है, हम उन्हें बिजली मुहैया करा रहे हैं और आगे भी मुहैया कराते रहेंगे।

# बायोडीजल के उत्पादन, वितरण से संबंधित एड्वांस्ड वेब पोर्टल का विकास करेगी योगी सरकार

### बायोडीजल के उत्पादन व वितरण से संबंधित एनओसी व लाइसेंस आवंटन प्रक्रिया सरलता के साथ पूर्ण करने में सक्षम होगा नया पोर्टल

लखनऊ। उत्तरर प्रदेश की आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार औद्योगिक निवेश की बढ़ती संभावनाओं के बीच ऊर्जा खपत की पूर्ति को सुचारू रखने के लिए भी लगातार प्रयास कर रही है। इस क्रम में, प्रदेश भर में सौर ऊर्जा समेत स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे में, कार्बन एमीशन को कम रखने में सक्षम बायोडीजल के उपयोग को बढ़ावा देने के लिहाज से भी योगी सरकार ने कई कदम उठाए हैं। सीएम योगी की मंशा अनुरूप, प्रदेश में बायोडीजल के उत्पादन, भंडारण, क्रय व वितरण की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा कई भी उल्लेखनीय कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में, अब बायोडीजल को लेकर यूपीनेडा के प्रयोग के लिए एक अत्याधुनिक व विशिष्ट पोर्टल के निर्माण की तैयारी यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन



लिमिटेड द्वारा की जा रही है। यह पोर्टल कई खूबियों से लैस होगा तथा बायोडीजल के उत्पादन, वितरण, एनओसी क्लियरेंस, लाइसेंस आवंटन, पंजियन, वाद निस्तारण तथा भुगतान संबंधी कार्यों की पूर्ति के लिए वन स्टॉप सॉल्यूशन प्लैटफॉर्म की तरह कार्य करेगा।

#### पब्लिक ऑफिसर, जिलाधिकारी भी कर सकेंगे मॉनिटरिंग

इस प्रस्तावित वेब पोर्टल का विकास यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा होगा जिसने ई-निविदा के माध्यम से एजेंसी के निर्धारण व कार्यावंटन के लिए आवेदन मांगे हैं। उल्लेखनीय है कि वेब पोर्टल के विकास का कार्य प्राप्त करने वाली सॉफ्टवेयर एजेंसी को उसके डिजाइन, डेवलपमेंट, इंप्लीमेंटेशन और ऑपरेशनल ट्रेनिंग के साथ ही एनओसी व लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया के दौरान मदद करनी होगी। कार्य विवरण के अनुसार, यह वेब पोर्टल काफी डीटेल्ड होगा तथा हिंदी व इंग्लिश माध्यम में कार्य करेगा। इसमें यूपीनेडा के अधिकारियों समेत पब्लिक ऑफिसर्स के लॉगिन और जिलाधिकारियों के लॉगिन तथा कार्य योजनाओं की मॉनिटरिंग समेत कई फीचर्स होंगे। इसके अतिरिक्त, पोर्टल पर बायोडीजल को लेकर योगी सरकार की पॉलिसी समेत कई अन्य अहम जानकारियां व विवरण भी शामिल होंगे।

पोर्टल को इस लिहाज से निर्मित किया जाएगा कि वह निवेश मित्र के साथ इंटीग्रेट होकर कार्य करने में सक्षम हो। वेबसाइट में एप्लिकेंट रजिस्ट्रेशन, एप्लिकेशन अप्रूवल, एनओसी मॉड्यूल, पेमेंट मॉड्यूल, रीन्यूअल मॉड्यूल, क्वेरी सब्मिशन, रिपोर्टिंग मॉड्यूल, एसएमएस व ई-मेल इंटीग्रेशन, क्लाउड सर्वर, सिक्योरिटी ऑडिट, हेल्पडेस्क मॉड्यूल तथा वेब सर्वर डोमेन के लिए एसएसएल जैसे फीचर्स होंगे। इसमें एक डैशबोर्ड होगा जिसमें एप्लिकेंट लॉगिन, मैनुफैक्चरिंग यूनिट, रीटेलर यूनिट जैसे लॉगिन इंटरफेस रहेंगे। यह रिस्पॉन्सिव डिजाइन टेक्नोलॉजी आधारित होगा। इसका डेटा ट्रांसफर बैंडविड्थ 1000 गीगाबाइट प्रति सेकेंड होगा जबकि 500 गीगाबाइट तक डिस्क टू डिस्क बैकअप स्टोरेज की सुविधा से लैस होगा। इसके साथ ही, इसमें लाइव टेलिकास्टिंग की सुविधा भी रहेगी। यह वेब पोर्टल यूजर फ्रेंडली होगा तथा इसके जरिए त्वरित वाद निस्तारण की प्रक्रिया को भी बल मिलेगा।

### फुजीफिल्म इंडिया ने गुजरात के वलसाड़, बनासकांठा में शुरू की ट्यूबरकुलोसिस की जांच

नयी दिल्ली। देश की अग्रणी इमेजिंग कंपनी फुजीफिल्म इंडिया के कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) अभियान के तहत केन्द्र सरकार के ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) के विरुद्ध अभियान 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' को आगे बढ़ाया जायेगा। यह अभियान 10 महीनों तक बनासकांठा और वलसाड़ जिलों में चलाया जायेगा। कंपनी ने इस कड़ी में गुजरात के वलसाड़ जिले में टीबी (क्षय रोग) की जांच की गयी। इसका उद्देश्य है कि औद्योगिक क्षेत्रों, खनन क्षेत्रों, गांवों और उप-ग्रामीण इलाकों में हाशिये पर मौजूद समुदाय के लोगों तक पहुंचा जा सके। 'वलसाड़ टीबी स्क्रीनिंग मोबाइल व्हीकल' को वलसाड़ की जिलाधिकारी शिप्रा एस आग्रे ने कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखायी। उनके साथ, वलसाड़ के जिला विकास अधिकारी मनीष गुरवाणी भी उपस्थित थे। इस पहल के बारे में कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक (बिजनेस एडवाइजर - हेल्थकेयर बिजनेस ) शानसुके होंडा ने कहा, हमारा पूरा विश्वास है कि सही और जमीनी स्तर पर कोई असर तभी दिखाई देता है, जब समुदायों को आगे बढ़ाया जाता है और सब मिलकर प्रगति करते हैं। एक हेल्थकेयर कंपनी के रूप में हमारा प्रयास है कि 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने के सरकारी अभियान में सहयोग दिया जा सके। हमें उम्मीद है कि हम अपनी सबसे अच्छी हेल्थकेयर तकनीकों और समग्र सोच के कारण इस बीमारी को जुड़ से मिटा सकते हैं। अपने समर्पित सहयोगियों और टीबी हारेगा, देश जीतेगा की भावना के साथ हम वलसाड़ में टीबी उन्मूलन के लिए समर्पित हैं। कॉरपोरेट कम्युनिकेशन और कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के वर्टिकल हेड अभि शंकर सिंह ने कहा, फुजीफिल्म इंडिया द्वारा टीबी की जांच के लिये की गयी पहल, समाज की सेवा के लिये हमारे दृष्टिकोण का प्रमाण है। सस्टेनेबल वैल्यू प्लान 2030 से हमें प्रेरणा मिली कि एक स्थायी समाज को कैसे पहचानें और उसी के अनुसार, हमने सीएसआर अभियान को तैयार किया, जिससे अपने प्रयासों और तकनीकों की सहायता से आखिरी छोर तक पहुंचा जा सके। इस स्तर की सीएसआर गतिविधि के लिये, कई भागीदारों ने हमें प्रेरित किया और सहयोग दिया है। इनमें सरकारी प्रणाली भी शामिल है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस प्रकार के सहयोग से हम 20 हजार से ज्यादा जांच और लगभग आठ हजार एनएटी टेस्ट का लक्ष्य पा सकेंगे।

### अदाणी समूह ने अहमदाबाद में ग्रीन हाइड्रोजन ब्लेंडिंग परियोजना की घोषणा की

अहमदाबाद। अदाणी समूह की अग्रणी ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी, अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) ने मंगलवार को अहमदाबाद में ग्रीन हाइड्रोजन ब्लेंडिंग पायलट प्रोजेक्ट शुरु करने की घोषणा की जिसमें से प्राकृतिक गैस में ग्रीन हाइड्रोजन मिला ईंधन प्रस्तुत किया जाएगा। कंपनी को उम्मीद है कि यह परियोजना वर्ष 24-25 की पहली तिमाही तक पूरी तरह शुरू हो जाएगी। इसमें विनियामक स्वीकृतियों के आधार पर प्राकृतिक गैस के साथ ग्रीन हाइड्रोजन को धीरे-धीरे 8त्न या उससे अधिक स्तर तक मिश्रित किया जाएगा। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि एटीजीएल अहमदाबाद की अपनी इस परियोजना में नवीनतम तकनीकों का उपयोग करेगा । इस पायलट परियोजना से 4,000 से अधिक घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए मिश्रित ईंधन की आपूर्ति करने का लक्ष्य है। ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन रिन्यूएबल एनर्जी द्वारा उत्पन्न बिजली के साथ पानी के इलेक्ट्रोलिसिस का उपयोग करके किया जाता है। जलती हुई गैस की तुलना में हाइड्रोजन मिश्रण में कार्बन की मात्रा कम होती है, लेकिन इसमें तापन क्षमता समान होती है। बयान में कहा गया है कि इस पायलट परियोजना की सफलता के बाद शहर के बड़े हिस्सों और एजीटीएल के अन्य लाइसेंस वाले क्षेत्रों में भी धीरे-धीरे हाइड्रोजन मिश्रित ईंधन की आपूर्ति की जाएगी। अध्ययनों के अनुसार आठ प्रतिशत तक हाइड्रोजन मिश्रण, कार्बन उत्सर्जन को चार प्रतिशत तक कम कर सकता है। अडाणी समूह की यह घोषणा दुबई में इसी माह के अंत में शुरू हो रहे संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेन (कॉप28) के ठीक पहले की गयी है। अदाणी टोटल गैस लिमिटेड के सीईओ सुरेश पी मंगलानी ने कहा, हम पर्यावरण की दृष्टि से करोबार के स्वस्थ परिचालन का वातावरण तैयार करने। यह प्रोजेक्ट हमारे कार्बन पदचिह्न को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा , ऐसे नवीनतम और सुदृढ़ प्रोजेक्ट्स में निवेश करके, हम सक्रिय रूप से उद्योग के विकास में योगदान दे रहे हैं और साथ ही, स्थायी ऊर्जा समाधानों में निरंतर रूप से प्रगति कर रहे हैं।

# अडानी समूह में तेजी से शेयर बाजार गुलजार

मुंबई। विश्व बाजार के कमजोर रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर अडानी समूह के शेयरों में 20 प्रतिशत तक के उछाल की बदौलत आज शेयर बाजार गुलजार रहा। हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों की न्यायालय की निगरानी में जांच की मांग से संबंधित याचिका को खारिज करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद मंगलवार को अडानी समूह के अलग-अलग कंपनियों में 20 प्रतिशत तक की तेजी रही। अडानी इंटरप्राइजेज के शेयर 8.66, अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के 5.20, अडानी पावर 12.32, अडानी एनर्जी सॉल्युशंस 19.06, अडानी ग्रीन एनर्जी 12.27, अडानी टोटल गैस 20 और अडानी विल्मर लिमिटेड के शेयर 9.96 प्रतिशत उछल गए।

इससे बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 204.16 अंक की तेजी लेकर 66174.20 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 95 अंक मजबूत होकर 19889.70 अंक पर




पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 33,711.15 अंक और स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत बढ़कर 39,831.66 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3972 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1982 में लिवाली जबकि 1811 में बिकवाली हुई वहीं 179 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 39 कंपनियां लाभ जबकि 11 नुकसान में रहीं।

बीएसई के पंद्रह समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान यूटिलिटीज 3.64, तेल एवं गैस 3.13, पावर 3.47, कमोडिटीज 1.27, सीडी 0.58, ऊर्जा 2.27, वित्तीय सेवाएं 0.37, आईटी 0.25, ऑटो 1.10, बैंकिंग 0.32, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.39, धातु 1.13, रियल्टी 0.47, टेक 0.41 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.02 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान चीन के शंघाई कंपोजिट के 0.23 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर यूरोप और एशिया के बाजारों में नरमी रही। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.42, जर्मनी का डैक्स 0.06, जापान का निक्केई 0.12 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.98 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 94 अंक बढ़कर 66,063.72 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद 65,906.65 अंक के निचले स्तर तक उतर गया। वहीं अचानक हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत कारोबार के अंतिम चरण में 66,256.20 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,970.04 अंक के मुकाबले 0.31 प्रतिशत चढ़कर 66,174.20 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 50 अंक की बढ़त के साथ 19,844.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,800.00 अंक के निचले जबकि 19,916.85 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,794.70 अंक की तुलना में 0.48 प्रतिशत मजबूत होकर 19,889.70 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में टाटा मोटर्स 3.56, बजाज फिनसर्व 2.32, अल्ट्रासिमको 2.11, एनटीपीसी 1.46, भारती एयरटेल 1.32, एक्सिस बैंक 1.22, एसबीआई 0.76, टाटा स्टील 0.75, एचसीएल टेक 0.63, इंफोसिस 0.42, टीसीएस 0.37, विप्रो 0.25, मारुति 0.18, इंडसइंड बैंक 0.16, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.04 और रिलायंस 0.01 प्रतिशत शामिल रहीं। वहीं, आईटीसी 0.58, सन फार्मा 0.42, आईसीआईसीआई बैंक 0.33, पावरग्रिड 0.19, एचडीएफसी बैंक 0.16, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.15 और एलटी के शेयरों ने 0.04 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# गोदरेज एंड बॉयस ने की हरित उत्पादों से 50 प्रतिशत राजस्व हासिल करने के लक्ष्यों की घोषणा

मुंबई। गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस ने मंगलवार को कहा कि कंपनी ने अगले एक दशक में अपने कुल राजस्व का 50 प्रतिशत हिस्सा अच्छे और हरित उत्पाद पोर्टफोलियो से हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। कंपनी ने 2032 के लिये अपने परिवर्तनकारी टिकाऊ लक्ष्यों की भी घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि उसका लक्ष्य सभी भारतीयों के लिये जिम्मेदार विकल्पों को अपनाना है।

गोदरेज एंड बॉयस के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जमशेद एन गोदरेज ने कहा, हमारा लक्ष्य केवल विकास करना नहीं है, बल्कि सभी स्तरों पर सार्थक सहयोग के माध्यम से तथा तालमेल से स्थायी प्रगति हासिल करना है। पिछले एक दशक में, हमने अपनी सतत यात्रा में कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं और आने वाले दशक के लिये और उपलब्धियां हासिल करने का प्रण लिया है। एक संपूर्ण हरित आपूर्ति श्रृंखला की दिशा में आगे बढ़ते हुये, रोजगार बढ़ाने के लिये अपने कौशल कार्यक्रमों को बेहतर बनाने से लेकर अपने राजस्व का कम से कम 50 प्रतिशत हिस्सा अच्छे और हरित उत्पादों से प्राप्त करने तक, हम अपने टिकाऊ लक्ष्यों को आगे बढ़ा रहे हैं, जो जलवायु संरक्षण और सामाजिक विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि गोदरेज एंड बॉयस ने कठोर पर्यावरण और सामाजिक मानदंडों पर जोर देते हुये अच्छे और हरित उत्पादों के लिये अपने मानदंड को और भी मजबूत किया है।

हरित उत्पाद संसाधन दक्षता, कम कार्बन उत्सर्जन, रिसाइकलिंग और जहरीले पदार्थों से सुरक्षा के साथ टिकाऊ सामग्री के उपयोग का समर्थन करते कंपनी अपने अच्छे और हरित आचरण अपनाने का एक दशक पूरा होने का जश्न मना रही है। इस दशक की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में कुल राजस्व में अच्छे और हरित उत्पादों की हिस्सेदारी एक तिहाई होना, 600 से अधिक हरित इमारतों का निर्माण, ऊर्जा उत्पादकता को दोगुना करना और 180,000 से अधिक युवाओं को व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना शामिल है। अगले दशक के लिए स्थिरता लक्ष्य संभावनाओं को पुन्-परिभाषित करने के लिये निर्धारित किये गये हैं, जिसमें अच्छे और हरित उत्पादों के माध्यम से 50 प्रतिशत राजस्व अर्जित करना, और हरित आपूर्तिकर्ताओं से 80 प्रतिशत घरेलू खरीद शामिल है।

### रणनीतिक महत्व के 20 खनिज पट्टों की पहली ऑनलाइन नीलामी बुधवार को

नयी दिल्ली। केंद्रीय खान मंत्रालय विद्युत-बैटरी वाहन, स्वच्छ ऊर्जा जैसे उभरते महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए आवश्यक रणनीतिक खनिजों के खनन के पट्टों की पहली ऑनलाइन नीलामी बुधवार (29 नवंबर) को शुरू करने जा रहा है जिसमें 20 प्रखंड नीलाम किए जाने हैं। खान मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार नीलामी के उद्घाटन कार्यक्रम में कोयला खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद पर जोशी मुख्य अतिथि होंगे। पहली नीलामी में पूरे देश में फैले 20 खनन प्रखंडों की नीलामी की जानी है, जिनमें रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण खनिजों के भंडार हैं । मंत्रालय ने कहा है कि इस पहल से भारतीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा और देश को स्वच्छ ऊर्जा और स्वच्छ परिवहन प्रणाली की दिशा में बढ़ाने में और मदद मिलेगी। सरकार ने 2030 तक 50 प्रतिशत बिजली खनिज ईंधन को छोड़ कर दूसरे स्त्रोतों से सृजित करने का लक्ष्य रखा है। इस नीलामी के लिए सरकार ने 17 अगस्त 2023 को खान एवं खनिज विकाए एवं विनिमयन अधिनियम में एक संशोधन के माध्यम से 24 खनिजों को महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण खनिजों के रूप अधिसूचित किया है । इस संशोधन के तहत देश की आवश्यकताओं के अनुसार इन खनिजों के प्रखंडों के लिए नीलामी का अधिकार केंद्र सरकार के पास आ गया है। पट्टेदारों से प्राप्त रायल्टी संबंधित राज्य को मिलेगी।

## शार्ट न्यूज

### मनीष गणेश जापान के युइचिरो इनुई को हराकर कलबुर्गी ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में

कलबुर्गी। कर्नाटक के मनीष गणेश आईटीएफ कलबुर्गी ओपन में मंगलवार को खेले गये मुकाबले में 13वें प्रयास में अपना पहला एटीपी अंक हासिल करते हुए जापान के युइचिरो इनुई को हराते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये हैं। आज यहां खेले गये मुकाबले को जीतने के बाद मनीष ने कहा, मैं 12 प्रयासों के बाद अपना पहला एटीपी अंक हासिल करके बहुत खुश हूं। मुझे पहले भी दो बार केएसएलटीए से वाइल्डकार्ड मिले थे। लेकिन इस बार मैंने इससे आगे जाने का दृढ़ संकल्प किया था। मैं कोर्ट पर पहुंचा तो मुझे आत्मविश्वास महसूस हुआ और कुछ गेम के बाद यह बढ़ता गया जिसके परिणामस्वरूप जीत हुई। मनीष ने अपने जापानी प्रतिद्वंद्वी युइचिरो इनुई को केवल 63 मिनट में 6–1, 6–2 से हरा दिया। उन्होंने कहा, हमारे देश में आईटीएफ टूर्नामेंट होना हमारे लिए वरदान है। जहां हम आसान एटीपी अंक प्राप्त कर सकते हैं। हमारे घरों के करीब होने के कारण, यह हमें यात्रा और आवास की भारी लागत बचाता है और इसके अतिरिक्त हमें घरेलू दर्शकों का समर्थन भी मिलता है। मनीष ने दूसरे सेट के पहले गेम में अपनी सर्विस खो दी। लेकिन जल्द ही वह अगले गेम में अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ने में सफल रहे। छठे और आठवें गेम में दो और ब्रेक के साथ उन्होंने सेट अपने नाम करते हुए मुकाबला जीत लिया। दिन के एक अन्य दिलचस्प मुकाबले में जूनियर आर्यन शाह ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 6–4, 6–3 से हराते हुए अंतिम 16 में प्रवेश किया।

### हॉकी महिला जूनियर विश्वकप में भारतीय टीम कल कनाडा से करेगी मुकाबला

सैंटियागो। एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 में बुधवार को भारतीय महिला हॉकी टीम कनाडा की टीम से मुकाबला करेगी। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम पूल 'सी' में है। इस पूल में भारत के साथ जर्मनी, बेल्जियम और कनाडा शामिल हैं। कनाडा के खिलाफ शुरुआती मुकाबले में भारत का लक्ष्य शुरुआत से ही लय कायम करना है। कनाडाई टीम के खिलाफ पिछले मुकाबलों में भारत ने तीनों मैचों में जीत हासिल की है। ऐसे में वह इस मुकाबले को लेकर उत्साहित है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की कप्तान प्रीति ने अपने शुरुआती गेम से पहले आत्मविश्वास व्यक्त करते हुए कहा, हम दृढ़ संकल्प और फोकस के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश कर रहे हैं। हमारी टीम की तैयारी गहन रही है, और हम इसे मैदान पर अपने प्रदर्शन में बदलने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, शुरुआती मैच में कनाडा के खिलाफ खेलना हमारे लिए अपने अभियान की गति निर्धारित करने का एक मौका है। वहीं कोच तुषार खांडकर ने टीम की तत्परता पर बल देते हुए दोहराया, हमारे खिलाड़ियों ने कड़ी ट्रेनिंग की है और आने वाली चुनौतियों के लिए मानसिक रूप से तैयार हैं। हम हर प्रतिद्वंद्वी का सम्मान करते हैं और कनाडा के खिलाफ मजबूत शुरुआत की उम्मीद कर रहे हैं।

### हॉकी इंडिया ने पुरुष राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए 39 खिलाड़ियों की घोषणा की

नयी दिल्ली । हॉकी इंडिया ने स्पेन में पांच देशों के टूर्नामेंट की तैयारी के मद्देनजर बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकारण (साई) केंद्र में बुधवार से शुरु होने वाले पुरुष राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए 39 खिलाड़ियों की घोषणा की। भारतीय टीम 15 दिसंबर से वालेंसिया में पांच देशों जर्मनी, फ्रांस, बेल्जियम और मेजबान स्पेन के बीच होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। इस अवसर पर भारतीय टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हांगझोउ एशियाई खेलों के सफल अभियान के बाद दीर्घ अंतराल रहा है। टीम के ज्यादातर खिलाड़ियों ने चेन्नई में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में हिस्सा लिया और मुझे भी कुछ युवा और उभरते हुए खिलाड़ियों को करीब से खेलते हुए देखने का मौका मिला। उन्होंने कहा, हम अब पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियों में नये नजरिये के साथ बेंगलुरु के साई केंद्र में एकत्र होंगे। उन्होंने कहा, जैसा कि मैंने कहा है कि यह एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है और हम एशियाई खेलों के अभियान पर ध्यान केन्द्रित करेंगे और हम बतौर बेहतर टीम कैसे बना सकते हैं और इस दिशा में ही आगे काम कर रहे हैं। टीम कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, पिछले कुछ दिन बहुत अच्छे बीते, हमने परिवार के साथ समय व्यतीत किया और चेन्नई में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में अपने घरेलू राज्य के लिए भी खेले। अब हम राष्ट्रीय शिविर में टीम को बेहतर बनाने के प्रयास में जुटेंगे। कोर संभावित ग्रुप में खिलाड़ियों की सूची में गोलकीपर: कृष्ण बहादुर पाठक, पी आर श्रीजेश, सूरज करकेरा, पवन, प्रशांत कुमार चौहान।

### खेल विभाग के कार्यों को 15 दिसंबर तक पूर्ण करें अधिकारी : रेखा आर्या

देहरादून। उत्तराखंड की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को विभागीय प्रमुख सचिव व निदेशक के साथ महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि 15 दिसंबर तक संबंधित विभागीय सभी कार्य पूरे कर लिए जाएं। साथ ही, होमवर्क से उन्हें अवगत कराएं। मंत्री ने अधिकारियो को 'मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना' से लाभान्वित बच्चों के एक वर्ष तक का फीडबैक लेने के निर्देश भी दिए। साथ ही, राज्य में होने जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के संबंध अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि जहां-जहां पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है, वहां पर चल रहे निर्माण कार्यों को तय समय पर पूरा कर लिया जाए। श्रीमती आर्य ने रुद्रपुर में बन रहे वेलोड्रम के निर्माण कार्य के बारे में निर्देश दिए कि वेलोड्रम के निर्माण के दौरान यहां पर विशेषज्ञ की नियुक्ति की जाए, ताकि उसका निर्माण कार्य उचित समय पर पूरा हो। उन्होंने बताया कि समीक्षा बैठक में राज्य सरकार की खेल से संबंधित जो योजनाए हैं उनमें कितनी प्रगति हुई है इसके बारे में चर्चा की गई। जिसमें चार प्रतिशत का आरक्षण, स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फण्ड की प्रगति ,महिला छात्रावास की प्रगति, खेल महाकुंभ, खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में समाहित करना सहित कई अन्य शामिल हैं। मंत्री ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि अधिकारियो को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि जिन-जिन विषयों को कैबिनेट में लाया जाना है उनकी तैयारी और जिन मुद्दों पर शासनादेश निकलना हैं उनकी तैयारी कर ली जाए।

### रोड्रिगो के दो गोल से रियल मैड्रिड जीता

**नई दिल्ली।** रोड्रिगो के दो गोल की मदद से रियल मैड्रिड रविवार को कैडिज को 3-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग में शीर्ष पर पहुंच गया। रोड्रिगो ने 14वें और 64वें मिनट में गोल दागे। रोड्रिगो ने इसके अलावा ज्यूड बेलिंघम के 74वें मिनट में दागे गए गोल में मदद भी की। इस जीत से मैड्रिड अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसने गिरोना पर एक अंक की बढ़त बना ली है जो सोमवार को एथलेटिक बिलबाओ की मेजबानी करेगा। मैड्रिड तीसरे स्थान पर चल रहे एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक आगे है जिसने शनिवार को अपने घरेलू मैदान पर मालोर्का को 1-0 से हराया। मैच का एकमात्र गोल एंटोनी ग्रिजमैन ने किया। गत चैंपियन बार्सिलोना शनिवार को रेयो वालेकानो से 1-1 से ड्रॉ खेलकर चौथे स्थान पर बना हुआ है। लीग में सेविला का जीत का इंतजार सात मैच में पहुंच गया है। टीम को रीयाल सोसीदाद के खिलाफ 1-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। विलारीयाल ने जोस लुई मोरालेस की दूसरे हाफ में लगाई हैट्रिक की बदौलत ओसासुना को 3-1 से हराया। लॉटेरो मार्टिनेज के गोल की बदौलत इंटर मिलान ने सिरी ए फुटबॉल लीग में दूसरे स्थान पर चल रहे युवेंटस को रविवार को यहां 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। डुआन व्लाहोविच के गोल की मदद से युवेंटस ने बढ़त बनाई लेकिन मार्टिनेज ने लीग सत्र का 13वां गोल दागते हुए अपनी टीम को हार से बचा लिया। इस ड्रॉ के बावजूद इंटर की टीम शीर्ष पर बनी हुई है। उसने दूसरे स्थान पर चल रहे युवेंटस पर दो अंक की बढ़त बरकरार रखी है। तीसरे स्थान पर चल रहा एसी मिलान शीर्ष पर चल रहे शहर के अपने प्रतिद्वंद्वी इंटर मिलान से छह अंक पीछे है जबकि गत चैंपियन नेपोली उससे भी दो अंक पीछे चौथे पायदान पर है।

# खेलों के नए डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहा है उत्तर प्रदेश

## साढ़े 6 वर्ष में योगी सरकार द्वारा खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में किए गए प्रयासों की मदद से बड़ी प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए यूपी को मिल रही प्राथमिकता

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश में खेल गतिविधियों के साथ ही खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार करने में जो तेजी दिखाई है, उसका नतीजा ये हुआ है कि उत्तर प्रदेश खेलों के नए डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहा है। बड़े-बड़े आयोजनों की मेजबानी का अवसर उत्तर प्रदेश को मिल रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सैयद मोदी नेशनल इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 का शुभारंभ किया है। यदि इस वर्ष की बात करें तो खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, एशियन यूथ हैंडबॉल चैंपियनशिप, कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग, डेविस कप, मोटो जीपी और क्रिकेट वर्ल्ड कप जैसे मुकाबलों का यहां आयोजन हो चुका है। बड़ी संख्या में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश सरकार की सेवाओं में अवसर मिल रहा है। खेल गतिविधियों और खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में हो रही वृद्धि के चलते प्रदेश के खिलाड़ियों का भी हौसला आसमान छू रहा है।

### बड़ी खेल प्रतियोगिताओं के लिए मिल रही प्राथमिकता

योगी सरकार ने विगत साढ़े 6 वर्ष में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में जो बदलाव किया है, उसका असर दिखने लगा है। इसका लाभ न सिर्फ प्रदेश के खिलाड़ियों को मिल रहा है बल्कि विभिन्न खेलों के अयोजन के लिए उत्तर प्रदेश को प्राथमिकता मिल रही है। इस वर्ष ही उत्तर प्रदेश ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन किया, जिसमें देश भर की यूनिवर्सिटीज के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी व नोएडा समेत दिल्ली में भी इसके मुकाबले खेले गए। इसी तरह लखनऊ में डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप 2 का आयोजन किया गया, जिसमें भारत और मोरक्को के बीच मुकाबला खेला गया। हाल ही में मोटो जीपी का सफल आयोजन करके उत्तर प्रदेश ने पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया। इस आयोजन से खुश आयोजकों ने 2024 में भी मोटो जीपी कराने की मंशा जताई है। खेलो इंडिया और मोटो जीपी भारत के बाद यूपी ने अक्टूबर में नोएडा के इंडोर स्टेडियम में नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप को होस्ट किया, जिसमें देश भर के 5 हजार से अधिक एथलीट्स ने हिस्सा लिया। इसके अलावा अयोध्या में अभी सीनियर नेशनल आर्चरी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के शीर्ष तीरंदाज अयोध्या में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। अगले वर्ष वाराणसी में फॉर्मूला वन एच20 (एफ1एच20) वर्ल्ड चैंपियनशिप पावरबोट रेसिंग का भी आयोजन प्रस्तावित है।

उत्तर प्रदेश के अंदर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर बेहतरीन प्रयास प्रारंभ हुए हैं, जिसने प्रदेश को इस मामले में अग्रणी राज्य बना दिया है। खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान बनाने, हर ग्राम पंचायत में युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करवाने, सभी जनपदों में खेल के स्टेडियम, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम पर कार्य किया गया है।



# वाटिका ने सुदेवा को संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराया

नयी दिल्ली। वाटिका एफसी को आज दूसरी लीग में सुदेवा दिल्ली एफसी को 3-2 से हराने के लिए जमकर पसीना बहाने पर मिली जीत।

मंगलवार को यहां खेले गये मुकाबले में शुरुआती मिनट में गोल करने वाली वाटिका ने 16 मिनट में तीन गोल जमाकर सुदेवा को बड़ी हार की तरफ धकेल दिया था लेकिन पराजित टीम ने जोरदार वापसी कर न सिर्फ दो गोल दागे बल्कि वाटिका को संघर्ष के लिए मजबूर किया। इससे पहले दिन के एक अन्य मैच में अहबाब ने रॉयल रेंजर्स से 2-2 से ड्रॉ खेला।

वाटिका के लिए पियूष भंडारी ने 18वें सेकंड में गोल कर वाह वाह लूटी। तत्पश्चात सौरभ शर्मा और प्लेयर ऑफ द मैच अक्षय थापा ने गोल जमाए। लेकिन तीन गोलों की बढ़त लेने के बाद वाटिका के खिलाड़ी जैसे मुरझा गए। खराब फार्म में चल रही सुदेवा के चुंगखाम जैकाओं को लाल कार्ड देखना पड़ा। लेकिन दस खिलाड़ियों के रहते सुदेवा ने गजब का पलटवार किया और रमेश छेत्री और मांचोंग के गोलों से प्रतिद्वंद्वी को हैरान कर दिया।

अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए पहले मुकाबले में रॉयल रेंजर्स ने हालांकि दो बार बढ़त बनाई लेकिन अहबाब के संदीप पात्रा और दिवास ने गोल जमा कर प्रतिद्वंद्वी को अंक बांटने पर मजबूर कर दिया। रॉयल के गोल तुशीर और होकिप ने किए। बुधवार को दिल्ली एफसी और रेंजर्स एफसी के बीच मुकाबला खेला जायेगा।

# एफसी गोवा ने जमशेदपुर एफसी को 1-0 से हराया

मडगांव। एफसी गोवा ने जमशेदपुर एफसी को हराकर इंडियन सुपर लीग 2023-24 सीज़न की अपनी पांचवीं जीत दर्ज की। सोमवार रात यहां फतोर्दा स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में एफसी गोवा ने जमशेदपुर एफसी को 1-0 से हराया। गोवा की ओर से खेल रहे स्पेनिश मिडफील्डर विक्टर रोड्रिग्ज ने 61वें मिनट में स्ट्राइकर कार्लोस मार्टिनेज के लिए बेंच से बाहर आकर निर्णायक योगदान दिया। उन्होंने 84वें मिनट में विशाल यादव को छकाते हुए पास आए मौके को गोल में तब्दील कर दिया। हालांकि मुकाबला काफी रोमांचक रहा और दोनों टीमों की ओर से गोल करने के प्रयास किये गये। एफसी गोवा तीन दिसंबर को फतोर्दा स्टेडियम में केरला ब्लास्टर्स एफसी की मेजबानी करेगा।

# सैयद मोदी : यूपी की सोनाली और समृद्धि महिला डबल्स के मुख्य ड्रा में

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उभरते हुए शटलर सोनाली सिंह और समृद्धि सिंह ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 में शानदार प्रदर्शन से महिला युगल के मुख्य ड्रा में जगह बना ली।

बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन (बीएआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित दो लाख दस हजार अमेरिकी डालर की इनामी राशि वाली इस चैंपियनशिप में आज खेले गए क्वालीफायर मुकाबलों में सोनाली सिंह और समृद्धि सिंह ने राधिका शर्मा व तन्वी शर्मा को 21-16, 21-17 से हराया। इस जोड़ी के सामने अब महिला डबल्स के पहले दौर में अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रेस्टो की दिग्गज जोड़ी की चुनौती होगी।

समृद्धि ने कहा हमारे लिए यह पल काफी खास बन गया है कि हम अपने घरेलू कोर्ट पर दिग्गज शटलरों को चुनौती देंगे।

हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे। इसी के साथ क्वालीफायर मुकाबलो के पूरा होने के साथ मुख्य ड्रा में खेलने वाले खिलाड़ियों के नाम पर मुहर लग गई।

इसी के साथ क्वालीफायर में जीत से पुरुष सिंगल्स में भारत के चिराग सेन, एम.लवांग मेईसाम मुख्य ड्रा में पहुंच गए। महिला सिंगल्स में भारत की आद्या वरियनाथ, केयूरा मोपाती, जनानी अनंत कुमार भी मुख्य ड्रा में पहुंच गई।

मिक्स डबल्स में भारत के संजय अमन व अनघा कारेंडिकर, नितिन कुमार व नवधा मंगलम, शिवम शर्मा व पूर्विशा एस.राम ने जीत से मुख्य ड्रा में स्थान सुरक्षित किया।

इसके अलावा पुरुष डबल्स में भारत के प्रतीक रानाडे व झाइको सेई, ध्रुव रावत व चिराग सेन और आयुष मखीजा व वेंकट गौरव प्रसाद भी मुख्य ड्रा में पहुंच गए।

महिला डबल्स में भारत की गायत्री रानी जायसवाल व सानिया सिकंदर भी मुख्य ड्रा में जगह बनाने में सफल रही।

# यूक्रेनी खुफिया एजेंसी चीफ की पत्नी को जहर दिया : अस्पताल में भर्ती

## कई सीक्रेट एजेंट्स को भी मारने की कोशिश

यूक्रेन की खुफिया एजेंसी के चीफ लेफ्टिनेंट जनरल किरिलो बुडानोवा की पत्नी की हत्या की कोशिश हुई है। यूक्रेनी न्यूज वेबसाइट बाबेल के मुताबिक, मंगलवार को मारियाना बुडानोवा को जहर दिया गया जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। फिलहाल यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने इस पर कोई बयान नहीं दिया है। लोकल मीडिया के मुताबिक, कई इंटेलिजेंस से जुड़े कई अधिकारियों (सीक्रेट एजेंट्स) को भी मारने की कोशिश की गई है। उन्हें भी जहर दिया गया है। हालांकि रिपोर्ट्स में इस बात की जानकारी नहीं दी गई कि लेफ्टिनेंट



जनरल किरिलो बुडानोवा को भी टारगेट बनाया गया या नहीं। वहीं, जहर किसने किया इसकी जानकारी नहीं दी गई। रिपोर्ट में रूस के इसमें शामिल होने का जिक्र भी नहीं किया गया।

### खाने में जहर दिया गया

एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर यूक्रेनी न्यूज वेबसाइट बाबेल को बताया कि मारियाना को जिन पदार्थों से जहर दिया गया उनका रोजमर्रा की जिंदगी या मिलिट्री ऑपरेशन में किसी भी तरह से उपयोग नहीं किया जाता।

वहीं, न्यूज वेबसाइट यूक्रेनस्का प्रावदा ने अपने सूत्रों के हवाले से कहा कि अस्पताल में भर्ती कराने के बाद मारियाना के टेस्ट हुए। टेस्ट रिपोर्ट्स में उन्हें जहर दिए जाने की पुष्टि हुई। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि उन्हें खाने में जहर दिया गया।

मारियाना की जन्म 1933 में कीव में हुआ। उन्होंने साइकोलॉजी में पोस्ट ग्रैजुएशन किया। वो कीव मेयर की एडवाइजर के तौर पर काम कर रही हैं। इसके अलावा मारियाना बुडानोवा नेशनल पुलिस एकेदमी में प्रोफेसर हैं। यहां वो लीगल साइकोलॉजी पढ़ाती हैं।

जंग शुरू होने के बाद से वो पति के साथ ऑफिस में ही रह रही हैं। यूक्रेनस्का प्रावदा के मुताबिक, इस साल लेफ्टिनेंट जनरल किरिलो बुडानोवा की हत्या की 10 कोशिशें हो चुकी हैं।

# किम जोंग की अमेरिकी सैन्य अड्डों पर नजर

## स्पाई सैटेलाइट से मिलिट्री ठिकानों की तस्वीरें खींची; व्हाइट हाउस, पेंटागन की रेकी की

नॉर्थ कोरिया ने हाल ही में अपनी पहली स्पाई सैटेलाइट लॉन्च की थी। अब वहां के स्टेट मीडिया KCNA ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि इस सैटेलाइट की मदद से तानाशाह किम जोंग अमेरिकी मिलिट्री बेस, व्हाइट हाउस और रक्षा मंत्रालय पेंटागन की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने सैटेलाइट की मदद से इन जगहों की तस्वीरें खींची हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने अमेरिकी राज्य वर्जीनिया के मिलिट्री ठिकानों पर एयरक्राफ्ट कैरियर्स की गिनती भी की। इसके अलावा, स्पाई सैटेलाइट इटली की राजधानी रोम के साथ-साथ साउथ कोरिया के सैन्य ठिकानों की भी तस्वीरें खींच चुकी है। अमेरिका के नॉरफॉक नेवल बेस और न्यूपोर्ट न्यूज डॉकयार्ड की तस्वीरों में चार अमेरिकी न्यूक्लियर कैरियर और एक ब्रिटिश एयरक्राफ्ट कैरियर देखा गया। इन सबके बीच सोमवार को हस्ष्ट की बैठक में अमेरिकी ऐंबैस्डर लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड और नॉर्थ कोरिया



के ऐंबैस्डर किम सोंग आमने-सामने नजर आए। किम ने कहा कि अमेरिका हमें बार-बार परमाणु हमले की धमकी देता है।

### नॉर्थ कोरिया बोला- अमेरिका से अपनी रक्षा के लिए हथियार बनाते रहेंगे

किम ने आगे कहा- नॉर्थ कोरिया की रक्षा के लिए ये हमारा हक है कि हमें अमेरिका के ही स्तर पर अपने हथियार और तकनीक को विकसित करें। वहीं किम के दावों को खारिज करते हुए लिंड ग्रीनफील्ड ने कहा- हमारा युद्धाभ्यास पहले से ही तय शेड्यूल के हिसाब से होता है। ये एक्सरसाइज सिर्फ डिफेंसिव होती हैं।

नॉर्थ कोरिया इनके जवाब में अपनी रक्षा के लिए मिसाइलें लॉन्च नहीं कर रहा। अमेरिकी ऐंबैस्डर ने कहा- हम नॉर्थ कोरिया के साथ बेशर्त बातचीत के लिए भी तैयार हैं। इस पर किम सोंग ने जवाब दिया कि जब तक अमेरिका की तरफ से सैन्य खतरा खत्म नहीं हो जाता तब कर नॉर्थ कोरिया अपने सैन्य क्षमताओं को बढ़ाता रहेगा। दूसरी तरफ, साउथ कोरिया की स्पाई एजेंसी ने दावा किया है कि रूस ने स्पाई सैटेलाइट की सफल लॉन्चिंग में नॉर्थ कोरिया की मदद की थी। दरअसल, सैटेलाइट को लॉन्च करने का ये तीसरा ट्रायल था, जो नॉर्थ कोरिया के मुताबिक सफल रहा। पहला ट्रायल मई 2023 को हुआ था। तब ये सैटेलाइट क्रैश हो गई थी। दूसरा ट्रायल अगस्त 2023 में हुआ, जो तकनीकी खराबी के कारण फेल हो गया था।

# बंगलादेश में बीएनपी ने दो केंद्रीय नेताओं को निष्कासित किया

ढाका। बंगलादेश में बंगलोदश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने अपने अध्यक्ष की सलाहकार परिषद के सदस्य सैयद एके एकरामुज्जमां और राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के सदस्य शाह मोहम्मद अबू जफर को निष्कासित कर दिया है। ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव एडवोकेट रूहुल कबीर रिजवी ने मंगलवार को जारी अपने बयान में इसकी पुष्टि की। बयान के मुताबिक पार्टीविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में दोनों नेताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से निष्कासित कर दिया गया। एकरामुज्जमां 12वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में ब्राह्मणबारिया-1 निर्वाचन क्षेत्र में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं अबू जफर 20 नवंबर को बंगलादेश नेशनलिस्ट मूवमेंट (बीएनएम) में शामिल हो गए। वह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।

# फिलिस्तीन, इजरायल संघर्ष को लेकर बैठक

बार्सिलोना। फिलिस्तीन और इजरायल संघर्ष को लेकर अरब देशों और यूरोपीय संघ (ईयू) ने स्पेन में एक बैठक में सहमति व्यक्त की। ईयू के विदेश मामलों के प्रमुख जोसेप बोरेल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बार्सिलोना में भूमध्यसागरीय देशों की बैठक में भाग लेने वाले सभी यूरोपीय संघ के सदस्य और लगभग सभी उपस्थित लोग फिलिस्तीन और इजरायल के बीच समाधान की आवश्यकता पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनी प्राधिकरण (पीए) को अधिक वैधता हासिल करने और अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने के लिए जल्द से जल्द चुनाव कराने चाहिए, क्योंकि वर्तमान में हमास द्वारा संचालित गाजा के भविष्य के नेतृत्व के लिए यह एकमात्र 'व्यवहार्य समाधान' है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह एकमात्र व्यवहार्य समाधान है, लेकिन यह व्यवहार्य होगा, यदि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इसका समर्थन करता है। अन्यथा, हम एक शक्ति शून्यता देखेंगे, जो सभी प्रकार के हिंसक संगठनों के लिए उपजाऊ जमीन होगी। बार्सिलोना में यूरोपीय, उत्तरी अफ्रीकी और मध्य पूर्वी देशों के 43 सदस्यीय समूह, फोरम फॉर द यूनियन ऑफ मेडिटेरेनियन की बैठक के समापन के दौरान फिलिस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल मलिकी ने कहा कि पीए, जिसने 2007 में हमास के साथ सत्ता संघर्ष में गाजा पट्टी पर नियंत्रण खो दिया था, को गाजा लौटने की कोई जरूरत नहीं है।

### हमास ने 11 और गाजा बंधकों को किया रिहा

यरूशलेम। इजरायल ने हमास की ओर से 11 और गाजा पट्टी के बंधकों को रिहा किये जाने की पुष्टि की है। इसी बीच हमास और इजरायल के बीच संघर्ष विराम को दो दिनों के लिए बढ़ाया जाएगा, जिससे और अधिक बंधकों को मुक्त कराया जा सके। इजराइल की सेना ने सोमवार रात कहा , अब 11 बंधक इजरायली क्षेत्र में हैं। हमारी सेनाएं तब तक उनके साथ रहेंगी, जब तक वे अपने परिवारों से दोबारा नहीं मिल जाते। हमारी सेनाएं घर लौटने पर रिहा किए गए बंधकों को सलाम करती हैं और गले लगाती हैं। बंधकों के आगमन की पुष्टि होने के तुरंत बाद, इजरायल के जेल प्राधिकरण ने कहा कि 33 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया गया है। हमास ने मंगलवार को समाप्त होने वाले समय से कुछ समय पहले युद्धविराम को 48 घंटे तक बढ़ाने के समझौते की घोषणा की। हालांकि, इजरायल की ओर से तत्काल कोई पुष्टि नहीं हुई। फिर भी इस कदम की संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने 'युद्ध के अंधेरे के बीच आशा और मानवता की झलक' के रूप में सराहना की।

### इमरान के खिलाफ अदियाला जेल में खुली अदालत में जारी रहेगा मुकदमा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के सिफर मामले की सुनवाई कर रहे विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि मुकदमे की कार्यवाही अदियाला जेल में जारी रहेगी लेकिन खुली अदालत में। 'गंभीर सुरक्षा जोखिमों' का हवाला देते हुए अदियाला जेल अधिकारी उसी अदालत के न्यायाधीश के आदेश के अनुसार इस्लामाबाद के संघीय न्यायिक परिसर (एफजेसी) में विशेष अदालत के समक्ष आज पूर्व प्रधान मंत्री को पेश करने में विफल रहे। पिछले हफ्ते न्यायाधीश जुल्करनैन ने निर्देश जारी किया था कि पीटीआई प्रमुख इमरान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को एफजेसी में पेश किया जाए। गौरतलब है कि सिफर मामला एक राजनयिक दस्तावेज से संबंधित है जिसे संघीय जांच एजेंसी के आरोप पत्र के मुताबिक इमरान ने कभी वापस नहीं किया। पीटीआई लंबे समय से मानती रही है कि दस्तावेज में इमरान को प्रधानमंत्री पद से हटाने के लिए अमेरिका की ओर से धमकी दी गई थी। इमरान और उनके सहयोगी कुरैशी, जो सलाखों के पीछे हैं, को 23 अक्टूबर को मामले में दोषी ठहराया गया था। दोनों ने दोषी नहीं होने का दावा किया है। मुकदमा अदियाला जेल में चल रहा था और चार गवाहों ने पहले ही अपने बयान दर्ज कर लिए थे, पांचवें से जिरह तब की गई जब इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने जेल मुकदमे के लिए सरकार की अधिसूचना को 'गलत' करार दिया और पूरी कार्यवाही को रद्द कर दिया।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# बैकों के माध्यम से भी जमा होंगे बिजली बिल

## करोड़ों विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए योगी सरकार की महत्वपूर्ण पहल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के करोड़ो विद्युत उपभोक्ता बैंकों के माध्यम से बहुत जल्द अपना विद्युत बिल आसानी से जमा कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त प्रदेश की अनेक बड़ी कम्पनियॉ जिसमें राना पे, बी0एल0एस0 इन्टरनेशनल, सहज, वयमटेक तथा सरल के द्वारा भी बिल कलेक्शन एवं जमा करने की सुविधा मिलेगी। उपभोक्ताओं को विद्युत बिल जमा करने में कोई परेशानी न हो, वे आसानी से बैंकों के द्वारा अपना विद्युत बिल जमा कर सकें, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उ0प्र0 पावर कारपोरेशन जल्द यह व्यवस्था शुरू करने जा रहा है।

### नहीं लगानी पड़ेगी लाइन

प्रमुख बैंको एवं कंपनियों के अधिकारियों के साथ मंगलवार को शक्ति भवन में उ0प्र0 पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल के साथ बैठक हुई। जिसमें अध्यक्ष ने कहाकि मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री की मंशा के अनुरूप कारपोरेशन प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक सुविघा देना चाहता है। इसी क्रम में उपभोक्ता आसानी से अपना विद्युत बिल बिना लाइन लगाए जमा कर सकें, इसलिए बैंकों और अन्य कम्पनियों के माध्यम से यह सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, पी0एन0बी0, यूनियन बैंक, इण्डिन बैंक तथा एक्सिस बैंक तथा कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि पावर कारपोरेशन ने उपभोक्ताओं को अभी तक बिल जमा करने की अनेक माध्यमों से सुविधा दे रखी है। जिसमें उपभोक्ता, विभागीय कैश काउन्टर, जन सुविधा केन्द्र, मीटर रीडर, सस्ते गल्ले की सरकारी दूकान, पैक्स, विद्युत सखी-यूपीएस0आर0एल0एम0 वेब साइट पर इन्टरनेट बैंकिंग क्रेडिट डेबिट कार्ड, तथा मोबाइल एप यूपीपीसीएल कन्ज्यूमर्स के माध्यम आदि शामिल है। अध्यक्ष का कहना है कि हमारा प्रयास है कि उपभोक्ता को सही रीडिंग का बिल मिले और वह आसानी से घर बैठे अपनी सुविधानुसार ऑन लाइन, बैंकों या विभिन्न काउन्टरों पर जाकर अपना बिजली बिल जमाकर सके।



शक्ति भवन में सम्पन्न इस बैठक में प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार एवं वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## सादुल्ला नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में समय से नहीं पहुचते डॉक्टर, ओपीडी के बाहर घण्टों इंतजार करते हैं मरीज

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



सादुल्लानगर/बलरामपुर। चिकित्सा सेवाओं का लाभ देने के लिए बने सरकारी अस्पताल में समय से डॉक्टर ना पहुंचने के कारण आए दिन मरीजों को तमाम समस्याओं का सामना घंटो लाइन में खड़े रहकर अपनी वारी का इंतजार करना पड़ता है। सरकार एक तरफ अच्छे स्वास्थ्य व उच्च सुविधाओं से सुसज्जित सरकारी अस्पताल होने का दावा करती है। लेकिन उसमें तैनात चिकित्सक व अन्य कर्मचारियों के समय पर न पहुंचने से ओपीडी के लिए आए मरीजों को घण्टों इंतजार करना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला बलरामपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्ला नगर का है। जहां 11: 00 बजे से पहले डॉक्टर ओपीडी में नहीं बैठते हैं। मरीज हकीमुल्लाह ने कहा की समय 10:30 बज रहे हैं और मैं 10: 00 बजे से काउंटर पर पर्चा कटवा करके बैठा हूं लेकिन डॉक्टर की सभी कुर्सियां खाली हैं। वही मरीज मोहम्मद शोएब ने बताया की समय 11:00 बज रहे हैं लेकिन कोई भी डॉक्टर व स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ अभी तक अस्पताल में मौजूद नहीं है। यह समस्याएं आए दिन सरकारी अस्पताल में बनी रहती हैं। इस सम्बंध में जब मुख्य चिकित्साधिकारी बलरामपुर से बात करना चाहा तो उनका फोन नहीं उठा। इसके बाद जब जिलाधिकारी बलरामपुर से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि संबंधित के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## शार्ट न्यूज

### बनारस के चौबेपुर मे प्रदीप पांडेय चिंटू की भोजपुरी फिल्म 'फ़िदा' की शूटिंग स्टार्ट



बेहद कम उम्र से फिल्मों में सक्रिय हुए अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू अपने फिल्मी कैरियर में एक से बढ़कर एक हिट फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। 2009 में आई फ़िल्म दीवाना से उन्होंने अपने फ़िल्मी कैरियर की शुरुआत किया था, उसके बाद तो उनके पास जैसे फिल्मों की लाइन ही लग गई और एक से बढ़कर एक सुपरहिट फिल्में साल दर साल उन्होंने इंडस्ट्री को दिया है। कोरोना काल से जब ये फ़िल्म इंडस्ट्री बुरी तरह से प्रभावित हुई थी तब भी चिंटू पाण्डेय के पास फिल्में उपलब्ध्द थीं । लगातार अपने काम को लेकर डेडिकेटेड रहे प्रदीप पांडेय चिंटू ने उसके बाद से अपने लिए कुछ बेहतर कैरेक्टर की तलाश में लग गए। उन्होंने कई फिल्मों को सिर्फ इसलिए ना कह दिया क्योंकि उनमें कुछ नयापन नहीं था और बस एक ही पैटर्न पर फिल्में आधारित हुआ करती थीं । तब एकदिन इनके पास प्रसिद्ध निर्देशक केडी उर्फ दिनकर कपूर लेखक वीरू ठाकुर के साथ आए और इन्होंने चिंटू को फिदा की कहानी सुनाई । इस कहानी को सुनने के बाद चिंटू ने तुरंत हाँ कर दिया और तब फ़िल्म फिदा की तैयारियाँ शुरू हो गईं । इस फ़िल्म में चिंटू का किरदार बेहद गम्भीर है ।

### एसपी ने दी बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी



गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर ओमवीर सिंह ने मंगलवार को सेंट जान स्कूल के बच्चों को यातायात तथा साइबर अपराध से बचाव के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से अपील किया बच्चे अपने माता-पिता और परिवार की सदस्यों आदि को यातायात नियम पालन करने के लिए आग्रह करें। पुलिस अधीक्षक ने साइबर अपराध और मिशन शक्ति की जानकारी बच्चों को दी । उन्होंने एनसीआरबी के आंकड़ों के हवाले से बताया कि गाजीपुर में प्रति वर्ष सैकड़ो लोगों की जान सड़क दुर्घटना में चली जाती है। जब किसी परिवार का कमाऊ सदस्य किसी सड़क दुर्घटना में हताहत हो जाता है तो वह परिवार पूरी तरह से बिखर जाता है। उन्होंने अपील किया कि प्रत्येक व्यक्ति जो दोपहिया वाहन पर चल रहा है वह हेलमेट का प्रयोग जरूर करें और वह अच्छी क्वालिटी का हेलमेट का इस्तेमाल करें कभी-कभी लोग पैसा बचाने के चक्कर में खराब क्वालिटी का हेलमेट ले लेते हैं। जिससे दुर्घटना होने पर जान जोखिम में पड़ जाता है। उन्होंने बच्चों से बताया कि जब तक आपकी उम्र 18 वर्ष ना हो जाए तब तक आप वाहन ना चलाएं और लाइसेंस जरूर बनवाएं । बच्चे अपने परिजनों को गाड़ी सीट बेल्ट लगाने के लिए जरूर आग्रह करें। शराब पीकर वाहन न चलाए आदि। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी गौरव कुमार, प्रिंसिपल आनन्द,अरुलप्पन व यातायात प्रभारी मनीष त्रिपाठी मौजूद रहे।

### 80 लाख की हिरोइन बरामद, 6 तस्कर गिरफ्तारी



सोनभद्र। एसओजी व पिपरी थाने की पुलिस ने मंगलवार को रेलवे कालोनी ग्राउंड पिपरी से आठ सौ ग्राम हेरोइन के साथ ही बिक्री के 60 हजार रूपये भी बरामद किया। पुलिस ने इसमें शामिल महिला सहित छह तस्करों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। बरामद हेरोइन की अनुमानित कीमत 80 लाख रुपये बताई जा रही है। लखनऊ से तस्करी कर लाई गई हेरोइन को आसपास के गांवों में सप्लाई करने की योजना थी। चुर्क स्थित पुलिस लाइन सभागार में मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने मामले का खुलासा किया। एडिशनल एसपी ने बताया कि पिपरी व एसओजी/सर्विलांस टीम ने अपने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे रेलवे कालोनी ग्राउंड पिपरी से तीन पुरूष व तीन महिला तस्कारों को 800 हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर लिया। तस्करों के पास से हेरोइन बिक्री के 60 हजार रूपये नगद भी बरामद किया। आरोपियों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज करते हुए चालान कर दिया गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि यह हेरोइन लखनऊ से मो. शोएब लेकर आया था। जिसे हम आपस में बांटकर पास के गांवो व मोहल्लों में अधिक दामों पर बेचते हैं। यह कार्य हम लोग पहले भी कई बार कर चुके हैं और जेल भी जा चुके हैं।

### 51 हजार नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे मोदी

नयी दिल्ली। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी गुरूवार को रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 51 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री नवनियुक्त कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला देश भर में 37 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। ये भर्ती केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में की गयी हैं। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, रक्षा मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों में नियुक्त किये गये हैं। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि रोजगार मेला भविष्य में रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण तथा राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। नये कर्मचारी अपने नये विचारों और भूमिका-संबंधी दक्षताओं के अलावा देश के औद्योगिक, आर्थिक और सामाजिक विकास को मजबूत करने में योगदान देंगें, जिससे प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में मदद मिलेगी। नवनियुक्त कर्मचारियों को एक ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिल रहा है।

## राजनाथ ने अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का अनावरण किया

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को यहां नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का अनावरण किया।

इस अवसर पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह तथा रक्षा मंत्रालय और मणिपुर के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

इम्फाल की शिखा के डिजाइन में बाईं ओर मणिपुर की ऐतिहासिक धरोहर 'कांगला महल' और दाईं ओर राज्य के पौराणिक प्राणी 'कांगला सा' को दर्शाया गया है। इससे मणिपुर के लोगों द्वारा देश की स्वतंत्रता , संप्रभुता और सुरक्षा के लिए दिये गये बलिदान को महत्व दिया गया है। 'कांगला महल' मणिपुर का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थल है। 'कांगला-सा' मणिपुर का राज्य प्रतीक भी है।

इस युद्धपोत का निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में किया गया और यह प्रोजेक्ट 15 बी श्रेणी का तीसरा विध्वंसक पोत है जो निर्देशित मिसाइल प्रणाली से लैस है।

अप्रैल 2019 में इसके शुभारंभ के समय इस युद्धपोत को इम्फाल नाम दिया गया और एमडीएल द्वारा 20 अक्टूबर 2023 को इसे भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। कमीशन से पहले परीक्षणों के दौरान इस युद्धपोत ने हाल ही में विस्तारित रेंज की एक ब्रह्मोस मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया। इस असाधारण उपलब्धि के पश्चात अब इस युद्धपोत के शिखा अनावरण कार्यक्रम का भी शानदार तरीके से आयोजन किया जा रहा है। समुद्री परंपराओं और नौसैनिक रिवाजों के अनुसार भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और पनडुब्बियों के नाम प्रमुख शहरों, पर्वत श्रृंखलाओं, नदियों, बंदरगाहों और द्वीपों के नाम पर रखे गए हैं।

नौसेना को ऐतिहासिक शहर इम्फाल के नाम पर अपने नवीनतम और तकनीकी रूप से उन्नत युद्धपोत पर बेहद गर्व है। यह भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के किसी शहर के नाम पर रखा जाने वाला पहला उन्नत युद्धपोत भी है, जिसके लिए 16 अप्रैल 2019 को राष्ट्रपति द्वारा स्वीकृति दी गई थी।

भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो (डब्ल्यूडीबी) द्वारा डिजाइन और एमडीएल द्वारा निर्मित इस जहाज की स्वदेशी युद्धपोत निर्माण के मामले में अनूठी पहचान है और यह दुनिया में सबसे तकनीकी रूप से उन्नत युद्धपोतों में से एक है। युद्धपोत में लगभग 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है।

इम्फाल पहला ऐसा स्वदेशी विध्वंसक भी है जिसके निर्माण और समुद्री परीक्षणों को पूरा करने में सबसे कम समय लगा है। यह युद्धपोत दिसंबर 2023 में भारतीय नौसेना में अधिकृत रूप से शामिल किया जायेगा।

# देवदीपावली पर्व पर सोनभद्र के घोरावल और इसके अञ्चल में देदीप्यमान हुए दीप

## मुख्या जलप्रपात और शिवद्वार में भी हुआ कौमुदी महोत्सव





सोनभद्र । घोरावल में कार्तिक पूर्णिमा के दिन अलग - अलग स्थानों पर देवदीपावली पर्व अतिशय उल्लास उमंग के साथ मनाया गया। नगर पंचायत घोरावल में दशमिहवाँ तालाब के तट पर देदीप्यमान हुए दीप देव दीपावली पर्वोत्सव पर। घाट की जगमग ज्योति से आह्लादित रहा समूचा नगर परिक्षेत्र तो महा आरती की प्रमुख भूमिका निभाई मुख्य अतिथि जिलापंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल और विशिष्ट अतिथि नीरज कुमार श्रीवास्तवव ने।अध्यक्षता रही नगरपंचायत अध्यक्ष सूरज कुमार श्रीवास्तव की।कार्यक्रम आयोजकों ने स्वागत की कड़ी में आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह अर्पित करते अभिनन्दित किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य नीरज श्रीवास्तव के साथ नगरपंचायत अध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक घोरावल कमलेश पाल एवं बजरंग दल विभाग संयोजक राजीव कुमार ने घण्ट - घड़ियाल की प्रतिध्वनि अभिगुंजित करते मंत्रोच्चार सुमध्य महाआरती की।

काशी से आए विद्वतजनों ने विधि -विधान से गंगा आरती की तर्ज पर देव दीपावली का पूजन सविधि संपन्न कराया। आसपास के ग्रामों समेत नगर का जनमानस इस पल का साक्षी बना तालाबों पर उमड़े जनसैलाब सँग।

हजारों दीपों से जगमग घाटों पर भव्य आतिशबाजी ने कार्यक्रम की शोभा कई गुना बढ़ा दी तथा भक्तिभाव से ओतप्रोत भक्तों ने हर हर महादेव के नारों से पूरा नगर गुंजायमान रहा।

इसी कड़ी में नगर घोरावल के थानहवाँ तालाब घाट पर भी उपस्थित जनों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया और दीपदान किया देवदीपावली को एवं अपनों के सुख -समृद्धि की मंगलकामना की।

कार्तिक पूर्णिमा पर दीपोत्सव की श्रृंखला बढ़ती रही नगर में तथा शिव मंदिर, काली माता मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर समेत अन्य देवालय भी दीपों की भव्य सजावट के साथ प्रकाशित रहे।

सोनाञ्चल के घोरावल में मुख्या फॉल बेलन नदी की घाटियां गुलजार रहीं दीपदान से। जाज्वल्यमान दीप प्रकीर्णित हो उठे मुख्खा जलप्रपात के उभय तटों पर तथा भगवती मंदिर और शिवलिंग प्राकट्य स्थल पर विशाल जनसैलाब के बीच जले दीप दीपमालिका के नाम। बताते चलें कि घोरावल में देवदीपावली पर्व मनाने की शुरुआत डॉ0 परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव 卐पुष्कर卐 की अगुवाई में आरम्भ हुई थी 13 वर्ष पूर्व और यह श्रृंखला उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर प्रशस्त रही। घोरावल के दशमिहवाँ तालाब और मुख्खा जलप्रपात पर देदीप्यमान हुए दीप डॉ0 परमेश्वर पुष्कर के नेतृत्व में तो मुख्खा बेलन नदी घाटी में मेला लगवाने का भी शुभारम्भ भी इनके द्वारा ही प्रारंभ हुआ। जनपद के चर्चित देवालय शिवद्वार में भी देवदीपावली कार्तिक पूर्णिमा कौमुदी पर्व पर किया डॉ0 परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव पुष्कर, मुन्नर यादव व भानु पाण्डे ने श्रद्धालुओं के साथ। द्वितीय काशी - गुप्तकाशी के नाम से विख्यात शिवद्वार धाम में कौमुदी पर्व पर भक्तों के दीप जलाने की श्रृंखला इसी वर्ष शुरू हुई है।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस - प्रशासन चाक चौबंद रहा।

# अब कोई भी पशु सड़कों पर नहीं होगा बेसहारा, गौ रक्षा दल ने संभाली कमान

## हर एक युवा में हो बेज़ुबानों की सेवा का जज्बा

**कपिल शर्मा। गौरवशाली भारत**



नाँगल चौधरी । नगर में बिते कुछ महिनों से सांडो की संख्या में वृद्धि देखी गई है। नगर में स्वच्छंद गलियों में भ्रमण करते नुकीले सींगो वाले सांडो से गलियों में राहगीरों के आवागमन में और बाज़ार स्थित दुकानदारों को खतरा साबित हो रहा हैं। लड़ाकू सांड आपस में झगड़ते हैं। इससे आस-पास की दुकानों के करीब लगी ग्रिल को तोड़ते हुए सड़क पर खड़ी गाड़ी, मोटरसाइकिल को गिरा देते हैं। साथ ही कई बार सांड सड़क पर राहगीरों को चोटिल कर चुके हैं। नगर में सांडो के संघर्ष में जान-माल के नुकसान के भय और अपूर्णीय क्षति को देखते हुए कई बार ग्राम्य नागरिकों ने लाठी-डंडो से इन्हें बाहर का रास्ता भी दिखाया है। फिर से सभी सांड नगर में प्रवेश कर जाते हैं। कई बार सांड नगर समीप ढाणी या खेतों में चरने लगते हैं। और वहाँ किसानों की बाहर बंधी भैंसों को शिकार बनाते हैं और उन्हें चोटिल कर देते हैं। जिनसे किसान पशुधन से वंचित हो जाते हैं। चोटिल गाय-भैंस दुध देने से इनकार कर देती हैं। नगर में मोहनपुर वार्ड संख्या 2 के पूर्व पार्षद सुधीर चौधरी गौ-रक्षा दल द्वारा गायों की देखभाल और उनके उपचार का कार्य सभी गौ-रक्षक के संज्ञान में होता है। सभी गौ-सेवक अपने अनुकरणीय योगदान से नगर में गायों की सुरक्षा एवं देखभाल करते हैं। टीम में प्रबंधक गौतम नंबरदार ने गौरवशाली भारत को जानकारी देते हुए बताया कि, लड़ाकू सांडो के संघर्ष में एक सांड (नंदी) जख्मी हो गया। एक घायल सांड का आगे का दांया पैर लहू से लथपथ होने से नगर की गलियों एवं सड़कों पर उसका रक्त बिखरने से ग्राम्य नागरिकों में दहशत का माहौल उतपन्न हुआ। सूचना मिलने पर त्वरित उनकी सहयोगी टीम द्वारा घायल सांड को ऐंबुलेंस से रेश्क्यू किया गया। जख्मी सांड को रविवार शाम एंबुलेंस से नारनौल स्थित स्वर्ग आश्रम गौ माता उपचारशाला में भर्ती किया गया।

सुधीर चौधरी गौ-रक्षा दल के प्रबंधक गौतम ने जानकारी देते हुए कहा कि घायल सांड का अक्टूबर माह में भी दल के सदस्यों द्वारा उपचार किया गया था। उन्होंने बताया कि गौ-सेवा के लिए उन्हें किसी राजनीतिक दल या किसी सामाजिक संस्था के बिना आर्थिक सहयोग से वह अपने नेक कार्य में निरंतर प्रयासरत हैं। साथ ही कहा, गौ-रक्षा दल के सभी सदस्य संपन्न हैं। संयुक्त सदस्यों का आर्थिक अनुकरणीय योगदान गौ-संरक्षक एवं मवेशियों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। गौतम ने अपनी टीम में 50 से अधिक गौ-सेवक सदस्य बताए। जिनमें प्रमुख सुधीर चौधरी को बताया। इनके अलावा दस सदस्यों को गौ-सेवा में निरंतर सक्रिय रहने का श्रेय दिया। जिनमें गुलशन सैन, डॉ. दिनेश यादव, वीपिन गुर्जर, ईश्वर गुर्जर, संदीप गुर्जर, संदीप डांगी, अमन सैन, विजय स्वामी समेत अन्य गौ-सेवक शामिल हैं।

## शिव मंदिर मानपुर पर पांच दिवसीय राम लीला का मंचन किया जा रहा : प्रधान मुरारी लाल यादव

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



बलरामपुर। ग्राम पंचायत मानपुर सोनबरसा शिव मंदिर पर पांच दिवसीय राम लीला का मंचन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख मनोज तिवारी हुए। जिसे देखने गांव तथा ब्लाक गैसडी पचपेड़वा क्षेत्र व आसपास के ग्रामीण पहुंच रहे हैं। इस दौरान रामलीला के कलाकारों ने श्रीराम के जीवन पर आधारित सभी पहलुओं को नाटक के माध्यम से दर्शाया जा रहा है जो ग्रामीणों के लिए प्रेरणादायक है। मेला में बड़े ही संख्या में लोग पहुंचे। ग्राम सभा अध्यक्ष मुरारी लाल यादव ,पत्रकार कुशल विश्वकर्मा, अजय यादव टाइगर,विशंभर यादव, असलम शाह, चीनके शाह, फूलचंद पाल,संदीप यादव, राजकुमार शिल्पकार,विजय यादव, ओम प्रकाश यादव ,विश्राम यादव रतिराम यादव असलम मियां उमेश चौधरी,ओम प्रकाश यादव, शिवपूजन, पप्पू गिरी, राजू गरी ,अकरम शाह, दिलेर मिस्त्री, संदीप साहू (एबीवीपी) अंकुर मिश्रा, रविंद्र तिवारी, अभिलाष मिश्रा, पिल्लू मिश्रा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# टनल रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता पर योगी ने धामी को दी बधाई

लखनऊ। उत्तराखंड टनल रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते हुए श्रमिकों की जान बचाने वाले हर एक व्यक्ति का धन्यवाद दिया है। रेस्क्यू ऑपरेशन के सफल होते ही सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, उत्तराखण्ड स्थित सिलक्यारा टनल में फंसे सभी श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर धामी जी के नेतृत्व में संचालित रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता पर सभी को बधाई एवं उत्तराखण्ड सरकार का अभिनंदन। श्रमिक भाइयों की प्राण रक्षा में अपना अमूल्य योगदान देने वाले हर व्यक्ति का धन्यवाद।

उल्लेखनीय है की इस टनल में आठ श्रमिक उत्तर प्रदेश के भी थे। सीएम योगी ने उत्तराखंड में एक नोडल अफसर को तैनात किया था, जो उन्हें रेस्क्यू ऑपरेशन से जुड़ी पल पल की जानकारी से अपडेट कर रहा था। इस ऑपरेशन में यूपी के सभी 8 श्रमिक सुरक्षित बताए जा रहे हैं। इन श्रमिकों में 6 श्रावस्ती से, एक लखीमपुर खीरी और एक मिर्जापुर से है। योगी सरकार की ओर से सभी श्रमिकों के परिजनों को घटनाक्रम की हर जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

# विकास प्राथमिकता वाली योजनाओं की ने डी0 एम0 ने डैशबोर्ड के माध्यम से की समीक्षा

## निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य को पारदर्शिता व गुणवत्ता सँग करें परिपूर्ण : जिलाधिकारी

सोनभद्र । जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासन की विकास प्राथमिकता वाली योजनाओं की बिन्दुवार सी0एम0 डैशबोर्ड पर प्रगति की समीक्षा की। शासन के निर्देश - क्रम में महत्वपूर्ण योजनाओं, परियोजनाओं, सेवाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से सी0 एम0 डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर बारी-बारी विश्लेषण समीक्षात्मक मूल्यांकन किया तथा जिलाधिकारी ने सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से सड़कों के निर्माण, अनुरक्षण आदि के कार्यों की क्रमवार समीक्षा की तो यह तथ्य सामने आया कि सड़कों के निर्माण की प्रगति काफी धीमी है। इस पर जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित आर0ई0डी0 के अधिशासी अभियन्ता व जे0ई0 को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश के साथ ही बैठक में अनुपस्थित प्रान्तीय खण्ड पी0डब्ल्यू0डी0 के अधिशासी अभियन्ता को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराये जा रहे सड़कों के निर्माण कार्य में शिथिलता बरतने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द ही पूर्ण करने को निर्देशित किया तथा विद्युत विभाग की समीक्षा में यह पाया कि शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति खराब है जिसपर तल्खी से दायित्वबोध कराते हुए अपने कार्य में सुधार करने के निर्देश दिये। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति अधिक से अधिक बढ़ाई जाय और उन्हें बेहतर शिक्षा दी जाय। विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, लैब व अन्य निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा किया जाय। श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान श्रम निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि मातृत्व शिशु एवं बालिका श्रम योजना कन्या विवाह योजना सहायता के अन्तर्गत लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाय।



CMYK CMYK CMYK CMYK